सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 16 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 46, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## छह कंपनियों की पूंजी तीन लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में तीन लाख करोड़ से अधिक की गिरावट आई। } 14

## बांग्लादेश में तारिक के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था। } 16





मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर लोकमंगल की कामना की

# रक्षा सुधारों का लाभ ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला: मोदी

## सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण उनकी सरकार की प्राथमिकता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा।

मोदी ने कहा कि विश्व में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे देश के रूप में, भारत का यह कर्तव्य है कि वह वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप अपने रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करे। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित 7.85 लाख करोड़ रुपये का हवाला देते हुए कहा कि यह आवंटन पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है।

उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही सरकार का रुख स्पष्ट रहा है कि वह देश के रक्षा बलों का समर्थन करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को भारतीय नवाचार और उद्योग के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों से लैस होना चाहिए, क्योंकि प्रौद्योगिकी दुनिया को नया आकार दे रही है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पिछले 11 वर्षों से इस क्षेत्र में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर काम कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा



दिखाए गए साहस पर पूरा देश गर्व महसूस करता है। उन्होंने लिखित साक्षात्कार में कहा कि ऑपरेशन के दौरान, पिछले दशक में हमने जो सुधार किए हैं, उनके लाभ स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। इसलिए, रक्षा बजट, आधुनिकीकरण आदि, ये सभी हमारे निरंतर प्रयासों के हिस्से हैं और इन्हें किसी विशेष मुद्दे से जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री से पूछा गया कि क्या रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक बजटीय आवंटन ऑपरेशन सिंदूर से मिली सीख का हिस्सा है, और क्या यह भारत के पड़ोसियों, जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है, पर निरंतर अविश्वास का संकेत भी देता है। उन्होंने कहा, हां, सच्चाई यह है कि हमारे देश को मजबूत और हर समय तैयार रहना होगा, और हम यही कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को आवंटित की गई अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उन्होंने कहा, अगर आप विवरणों पर भी गौर करें, तो कुछ उल्लेखनीय पहलू हैं। आधुनिकीकरण के लिए 1.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष के आवंटन से 25 प्रतिशत अधिक है। मोदी ने कहा कि तीनों सेनाओं के लिए पूंजीगत व्यय आवंटन लगभग 2.2 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से 75 प्रतिशत घरेलू रक्षा उद्योगों से खरीद के लिए निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल सुरक्षा बढ़ती है बल्कि रोजगार भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## म्यूल खाता नेटवर्क का किया भंडाफोड़

नयी दिल्ली। सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में म्यूल खातों के लगातार बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, और अधिकारियों को आशंका है कि इन खातों के माध्यम से भेजे गए धन का उपयोग अलगाववादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि तीन वर्षों की अवधि में इस क्षेत्र में संचालित 8,000 से अधिक म्यूल खातों की पहचान की गई है और इनसे लेन-देन रोक दिया गया है, जिससे धन शोधन के एक जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है। उन्होंने इन खातों को साइबर अपराध श्रृंखला में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया, क्योंकि इन खातों के बिना हेरफेर किए गए पैसे का क्रिप्टोकरेंसी में बदलना और इसका पता लगाना असंभव होगा। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य कानून लागू करने वाली एजेंसियों को बैंकों के साथ परामर्श करने के लिए कहा है, ताकि म्यूल खातों की बढ़ती संख्या ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर (उप्र)। मुजफ्फरनगर जिले की चरथावल पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने और सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। चरथावल के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सत्यनारायण दहिया ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार कश्यप (25) के रूप में हुई है। दहिया ने बताया कि पुलिस ने जितेंद्र कुमार कश्यप के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 353 (सार्वजनिक उपद्रव को बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत ने पाक को फिर पीटा

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत, ईशान ने 40 बॉल पर 77 रन बनाये





कोलंबो। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूनामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके।

वहीं सलामी बल्लेबाज इशान किशन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने रविवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट पर 175 रन बनाए। इशान ने स्पिन की अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 77 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़कर भारत को ठोस आधार दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। दोनों टीम ने धीमी पिच पर अपने स्पिनरों पर भरोसा किया है। पाकिस्तान की टीम शाहीन शाह अफरीदी के रूप में एकमात्र तेज गेंदबाज के रूप में उतरी है जबकि भारत ने जसप्रीत बुमराह के अलावा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को एकादश में जगह दी है लेकिन अर्शदीप सिंह को बाहर करके कुलदीप यादव को मौका दिया। पाकिस्तान ने 18 ओवर स्पिनरों कराए जिसमें सईम अयूब 25 रन पर तीन विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। (विस्तृत खेल पेज पर)

## मेरठ में 406 करोड़ की लागत से बनेगा देश का पहला ड्रोन रनवे

विशेष संवाददाता

लखनऊ/ मेरठ। सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिए सीमा सड़क संगठन मेरठ में देश के पहले मानव रहित विमान व ड्रोन रनवे का निर्माण करेगा। सीमा सड़क संगठन ने इसके लिए 406 करोड़ रुपये की परियोजना का टेंडर जारी किया है। किला रोड पर 900 एकड़ में बनने वाला यह रनवे रक्षा, निगरानी, ड्रोन परीक्षण और प्रशिक्षण के लिए महत्वपूर्ण होगा। ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत सरकार देश की सुरक्षा को नूतन स्वरूप दे रही है। मेरठ में बनने वाले ड्रोन रनवे का प्रयोग कई प्रकार से किया जा सकेगा। सैन्य जरूरतों, आपदा प्रबंधन, सैन्य निगरानी, प्राकृतिक आपदा के समय राहत व बचाव कार्यों और दूरदराज आवश्यक सामग्री पहुंचाने में इसका उपयोग हो सकेगा। सीमा सड़क संगठन के अनुसार, इस रनवे की लंबाई 2110 मीटर और चौड़ाई 45 मीटर होगी। सी-295 और सी-130 जैसे परिवहन विमानों के साथ रिमोटली पायलटेड ...शेष पृष्ठ 14 पर

## न्यायिक तंत्र का डिजिटलीकरण जरूरी : धामी

### सीएम ने खटीमा सिविल न्यायालय में अधिवक्ताओं के नवनिर्मित चैम्बरों को किया लोकार्पित

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को खटीमा सिविल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए तैयार किए गए नवीन चैम्बरों का लोकार्पण किया। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन कक्षों का उद्घाटन फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वकीलों के लिए आधुनिक सुविधाओं का सृजन न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है।



बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध होने से अधिवक्ता अधिक प्रभावी ढंग से अध्ययन, परामर्श और वाद-विवाद कर सकेंगे, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में गति आएगी और आम नागरिकों को शीघ्र न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार न्याय प्रणाली को पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लागू न्यायिक सुधारों का उल्लेख ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र है : भागवत

### हमारे देश में मानवीय रिश्ते अपनेपन की भावना पर आधारित हैं

जिला संवाददाता

गोरखपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत को सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र बताते हुए रविवार को जोर देकर कहा कि देश की सभ्यतागत विचारधारा लेन-देन वाले संबंधों के बजाय एकता और आपसी जुड़ाव की भावना पर आधारित है। आरएसएस के मीडिया प्रकोष्ठ ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तारामंडल स्थित बाबा गंभीरनाथ सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से। उन्होंने कहा



कि कई देशों में रिश्तों को लेन-देन के रूप में देखा जाता है। हमारे देश में मानवीय रिश्ते अपनेपन की भावना पर आधारित हैं। भारत की विविधता पर प्रकाश डालते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हम भारत को अपनी माता मानते हैं। वही दिव्य चेतना हम सब में निवास करती है। यही बंधन हमें हमारी भिन्न-भिन्न पहचानों के बावजूद एकजुट रखता है। उन्होंने कहा कि समाज को कायम रखने के लिए केवल कानून लागू करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव भी आवश्यक है। आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि यह उपलब्धि जश्न मनाने का नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का विषय है।

उन्होंने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए साल में दो से तीन बार खंड विकास स्तर की बैठकें आयोजित करने का आह्वान किया और समुदायों से जातिगत सरोकारों से परे व्यापक हिंदू समाज के लिए काम करने का आग्रह किया। संघ प्रमुख ने कहा कि समाज को स्वयं कार्वाई करनी होगी। संघ सहायता करेगा, लेकिन जिम्मेदारी समाज की है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा स्वार्थहीन भाव से संकट के समय अन्य देशों की ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

### बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट व यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने किया शिव बारात का भव्य स्वागत

# लखनऊ में चारों ओर बम-बम भोले का उद्घोष

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के उदयगंज चौराहे पर रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित भव्य शिव बारात का बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट व यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास की ओर से आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शिव भक्तों का उत्साहवर्धन किया और महादेव की बारात में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह कार्यक्रम धार्मिक आस्था ...शेष पृष्ठ 14








# गोरखनाथ मंदिर में सीएम ने किया रुद्राभिषेक

## मानसरोवर और भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में किया दर्शन-पूजन

विशेष संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर और भरोहिया के पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में भी दर्शन, पूजन व दुग्धाभिषेक-जलाभिषेक किया और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की।



रविवार सुबह जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान कराया। इसके बाद विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने महादेव भगवान शिव से चराचर जगत के मंगल की प्रार्थना की। गोरक्षपीठ में रुद्राभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंधियारी बाग के प्राचीन मानसरोवर मंदिर भी गए। यहां उन्होंने भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। भगवान शिव को पूजन सामग्री अर्पित कर, पंचस्नान कराकर दूध और जल से उनका अभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए पूजन, अभिषेक का अनुष्ठान हवन और आरती के साथ पूर्ण हुआ। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में महाशिवरात्रि पर सीएम योगी रविवार दोपहर बाद भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक कर संपूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है।

गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों से बातचीत कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

### काशी विश्वनाथ धाम में पुष्प वर्षा से किया गया शिवभक्तों का स्वागत

**लखनऊ।** प्रयागराज के पावन संगम तट पर लगे धर्म-कर्म, त्याग और समर्पण के माघ मेले का समापन रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हुआ। हर हर महादेव के जयघोष और ऊं नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से संगम नगरी गूंज उठी। काशी विश्वनाथ धाम में पुष्पवर्षा से शिवभक्तों का स्वागत हुआ। देश-विदेश के 63 मंदिरों से आई भेंट को भगवान श्री विश्वेश्वर को अर्पित किया गया। प्रयागराज में माघ मेले में महाशिवरात्रि स्नान पर्व पर 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई। 44 दिन चले माघ मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 22 करोड़ को पार कर गई। ये अब तक किसी भी माघ मेले का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माघ मेले के आयोजन और तैयारियों पर नजर रखे हुए थे और महाशिवरात्रि पर भी लगातार खबर ले रहे थे। महाशिवरात्रि पर काशी आस्था, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रही। श्रद्धा की डोर से बंधे लाखों शिवभक्त भगवान भोलेनाथ के विवाहोत्सव के साक्षी बनने उमड़े। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक बेलपत्र, गंगाजल और दूध बाबा पर अर्पित किया। काशी ह्लहर-हर महादेवह्व और ह्लबोल बमह्व के जयघोष से गुंजायमान रही। श्री विश्वेश्वर के लिए देश-विदेश के कुल 63 मंदिरों से भेंट आई। यह भेंट भगवान श्री विश्वेश्वर की मध्याह्न भोग आरती में अर्पित कर श्रद्धालुओं के मध्य वितरित की गई। शाम छह बजे तक 5,20,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। महाशिवरात्रि के अवसर पर अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर और क्षीरेश्वर नाथ मंदिर सहित अन्य प्रमुख शिवालयों पर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पूरे अयोध्या धाम को पांच जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया। प्रत्येक जोन और सेक्टर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

# राम मंदिर का वैभव पहुंचा सात समंदर पार

## 20 फरवरी को मॉस्को में होगी भव्य रामलीला

- एवगेनी बनेंगे राम, दारिया निभायेंगी सीता का किरदार, मुरात लक्ष्मण और दिमित्री बनेंगे हनुमान

**लखनऊ।** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राममंदिर से जुड़े विकास कार्यों और दीपोत्सव समेत किए जा रहे अभूतपूर्व आयोजनों की ख्याति अब सात समंदर पार तक पहुंच रही है। योगी सरकार के सांस्कृतिक विजन और अयोध्या में हुए आध्यात्मिक नवजागरण से प्रेरित होकर रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला का आयोजन होगा। यह रामलीला अयोध्या में विगत दिनों हुए दीपोत्सव से प्रेरणा लेकर दिव्य और भव्य रूप में आयोजित की जा रही है। इसे भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है।

रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र (खठउउ) के सहयोग से होने वाली इस रामलीला में रूस के कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राम की भूमिका में एवगेनी, सीता के रूप में दारिया, लक्ष्मण के रूप में मुरात और हनुमान के रूप में दिमित्री मंच पर भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। रूसी-भारतीय मैत्री संस्था दिशा इस आयोजन की मुख्य संचालक है। डॉ. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में यह संस्था वर्षों से नाट्य प्रस्तुतियों, सांस्कृतिक उत्सवों और शैक्षिक पहल के जरिए भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक सेतु का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन का सार्वभौमिक संदेश है। यही वजह है कि रूसी दर्शकों में भी इसके प्रति विशेष उत्सुकता देखी जा रही है। सरकार ने रूस के कलाकारों की टीम को अयोध्या दीपोत्सव में मंच प्रदान किया। यह टीम रामलीला प्रस्तुत कर पहले ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। अयोध्या की आध्यात्मिक आभा और आयोजन की भव्यता देखकर रूस से यहां आए आयोजक और कलाकार इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मॉस्को में भी उसी भाव को साकार करने का निर्णय लिया। भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों में रामलीला की परंपरा का इतिहास भी उल्लेखनीय रहा है। 1960 के दशक में सोवियत अभिनेता पद्मश्री गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव ने मॉस्को में रामलीला का मंचन कर दोनों देशों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को नई ऊंचाई दी थी। यह पहल दोनों देशों के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आयोजन का नेतृत्व कर रहे रामेश्वर सिंह ने बताया कि रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार के विशेष सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किया गया दीपोत्सव और सांस्कृतिक नवजागरण अब वैश्विक प्रभाव दिखा रहा है। मॉस्को की रामलीला अयोध्या की प्रेरणा से आयोजित की जा रही है। 20 फरवरी को मॉस्को में होने वाली रामलीला के लिए भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत की विशेष तैयारी की जा रही है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रूसी नागरिक, भारतीय समुदाय और सांस्कृतिक जगत की हस्तियां शामिल होंगी। जब मंच पर श्रीराम की लीला सजीव होगी तो पूरा वातावरण भारतीय संस्कृति की भक्ति, मर्यादा और आदर्शों से सराबोर नजर आएगा। यह आयोजन नाट्य प्रस्तुतियों, उत्सवों और शैक्षिक पहल के माध्यम से दोनों देशों की एकता की सशक्त मिसाल पेश करेगा।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में जल-जनित रोगों से बचाव की दी जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के तहत 240वां मेला रविवार को पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। इन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में सभी लोगों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता की स्वास्थ्य के विषय में अवगत कराया गया। जल-जनित रोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी।

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार मेले में किया गया। शुद्ध पेयजल तथा मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी। तम्बाकू प्रयोग के कारण होने वाली हानियों एवं गैर संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के सन्दर्भ में भी स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करने के विषय में जागरूक किया गया। संतुलित आहार तथा व्यायाम की आवश्यकता के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय में भी लोगों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त गम्भीर रोगियों को निःशुल्क एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर संदर्भित किया गया। मेले में गोल्डेन कार्ड भी बनाकर वितरित किये गये। मेले में कुल 104705 रोगी 47720 पुरूष 44714 महिलाये 12271 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1232 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचार के लिए भेजा गया। 4534 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में कुल 4982 चिकित्सक तथा 14808 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 1901 आईसीडीएस स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। मेले में कुल 14247 फीवर मामले आये। डेंगू के 1498 टेस्ट किये गये, जिसमें 7 मरीज धनात्मक पाये गये। आज के आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 126 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें 00 कोविड के लिए धनात्मक पाये गये। इस प्रकार अब तक आयोजित कुल मेलों में 143201537 रोगी लाभान्वित हुये, 381292 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 2023713 गोल्डेन कार्ड बने।

# कई पार्टियों के नेताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की

## पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में हुए शामिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आज समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए बसपा और कांग्रेस, अपना दल (एस) और भाजपा छोड़कर बड़ी संख्या में प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व कैबिनेट मंत्रीनसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू बसपा सहित दीना नाथ कुशवाहा पूर्व विधायक देवरिया, राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रतापगढ़ सदर, डॉ. दानिश खान एआईएमआईएम कन्नौज पूर्व प्रत्याशी, पूर्व सदस्य विधान परिषद हुस्ना सिद्दीकी, पूनम पाल एवं पहली ड्रोन पायलट इटावा की रंजना पाल भी समाजवादी पार्टी में शामिल हुई। नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ सर्वश्री शिव शंकर भुर्जी, शंभू प्रजापति, मौ0 अयाज आब्दी, चमन लाल पूर्व वामसेफ प्रभारी, राधेलाल रावत, राम जियावन, मौलाना जमीर कासमी, अफजल सिद्दीकी, शाहिद शेख, महोबा के भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य आनंद द्विवेदी, तौकीर आदि तमाम नेता भी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।



नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि आज 15 हजार 7 सौ 18 लोग विभिन्न दलों को छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे सभी नेता और कार्यकर्ता अनुशासन के साथ एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करेंगे। समाजवादी पार्टी मजबूत होगी तो हम सब मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। हमें परिवर्तन करना है तभी सबको इंसाफ मिलेगा। समाजवादी पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं ने 2027 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं एवं साथियों का स्वागत किया और धन्यवाद दिया। श्री यादव ने कहा कि बहुजन समाज और समाजवादी पार्टी का रिश्ता बहुत गहरा है। नए साथियों के आने से समाजवादी पार्टी और ज्यादा मजबूत होगी। 2027 में पीडीए की जीत और बड़ी होगी। उन्होंने कहा कि यह पीडीए का प्रेम प्रसार समारोह है। होली मिलन से पहले यह पीडीए होली मिलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूती से लड़ेंगे।

# आगरा में बनेगा हाई-टेक स्पोर्ट्स कॉलेज सरकार ने मंजूर किए 80 करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को खेलों की दुनिया में 'नंबर वन' बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को एक बड़ी सौगात दी है। बजट 2026-27 में सरकार ने खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। इसी कड़ी में आगरा समेत प्रदेश के 10 मंडलों में नए स्पोर्ट्स कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके निर्माण के लिए सरकार ने 80 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट आवंटित किया है। अब ताजनगरी और आसपास के खिलाड़ियों को आधुनिक ट्रेनिंग के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

योगी सरकार की 'एक मंडल- एक स्पोर्ट्स कॉलेज' नीति के तहत आगरा में बनने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। एत्मादपुर क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है। प्रशासनिक जांच पूरी होने के बाद जल्द ही इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। बजट में इस कॉलेज के निर्माण के लिए शुरूआती तौर पर करीब आठ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल मैदान, प्रशासनिक भवन, आवासीय सुविधाएं (हॉस्टल) और शिक्षा व्यवस्था एक ही परिसर में विकसित की जाएगी। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई की सुविधा देना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। यह संस्थान केवल एक कॉलेज नहीं बल्कि 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 के ओलंपिक में भारत की भागीदारी और पदक संभावनाओं को मजबूत करना है। आगरा का यह कॉलेज भविष्य के ओलंपियन तैयार करने की नर्सरी बनेगा।

# पंकज सिंह ने गिनायी बजट की कल्याणकारी योजनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश उपाध्यक्ष व नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने आज राजाजीपुरम स्थित एसकेडी एकेडमी में बजट चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत के बजट के प्रावधानों एवं केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, वंचितों, युवाओं एवं महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की।

चौपाल में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पंकज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ नेतृत्व में ऐसा बजट प्रस्तुत किया गया है जो स्थिरता, स्पष्ट नीति और दीर्घकालिक सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। तीव्र विकास गति के साथ उत्तर प्रदेश आज भारत की आर्थिक उन्नति के अग्रिम पंक्ति में खड़ा है।



लगातार बढ़ती प्रति व्यक्ति आय, लगभग 6 करोड़ लोगों का बहुआयामी गरीबी से बाहर आना और बेरोजगारी दर का लगभग 2.24% तक सिमटना – ये मात्र आंकड़े नहीं, बल्कि जनजीवन में आए वास्तविक परिवर्तन के प्रमाण हैं। सुशासन सुधारों से लेकर आधारभूत संरचना के विस्तार तक, प्रभावी कल्याणकारी योजनाओं से लेकर निवेश वृद्धि तक – उत्तर प्रदेश आज अवसरों और आर्थिक सामर्थ्य की भूमि बनकर भारत की विकास गाथा को नई ऊर्जा दे रहा है। अब उत्तर प्रदेश अपनी चुनौतियों से नहीं, बल्कि अपनी उपलब्धियों से पहचाना जाता है। यहाँ युवा अपना भविष्य देखते हैं, उद्यमी संभावनाएँ देखते हैं और नागरिक गर्व अनुभव करते हैं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बजट चर्चा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित महामंत्री राम अवतार कनौजिया, घनश्याम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दीप प्रकाश , सोमेंद्र पांडे, विमल चौधरी, संदीप तिवारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधिक सेवा प्रचार वाहनों व राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन का शुभारम्भ

- वैकल्पिक विवाद निस्तारण को बढ़ावा देने के लिए हेल्पलाइन सेवा शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उच्च न्यायालय, खंड पीठ लखनऊ के चीफ जस्टिस पोर्टिको में राज्य मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी वाहनों के फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया गया। यह पहल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक जागरूकता पहुँचाने और विवादों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर से किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की माध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। इस हेल्पलाइन के माध्यम से आम जनमानस अपने विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया के संबंध में निःशुल्क परामर्श एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह डिजिटल पहल वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा न्याय की प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं सुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार, प्रदेश के प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को विधिक जागरूकता के लिए विशेष प्रचार वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इन वाहनों का मुख्य उद्देश्य जनपद के अत्यंत पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक सेवा गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना है। इन वाहनों के माध्यम से निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी। इस परियोजना के लिए वित्तीय प्रबंध राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर से किया गया है।

# नकली बीजों पर लगेगी नकेल, गुणवत्ता का पूरा ब्यौरा देगा साथी पोर्टल

- बीज उत्पादक व विक्रेता अप्रैल से साथी पोर्टल के माध्यम से करें व्यवसाय
- हर जिले में मास्टर ट्रेनर तैनात, बीज व्यवसाइयों को देंगे प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डबल इंजन सरकार किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बीज वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने बीज व्यवसाइयों से अनुरोध किया है कि अप्रैल से साथी पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी अपडेट करें। बीज के उत्पादन से लेकर किसान तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया साथी पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से ट्रैक की जाएगी। यह प्रक्रिया बीज की मिलावट रोकने, नकली बीजों पर अंकुश लगाने और किसानों को सही गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिलेगी।

उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग ने इसके लिए व्यापक प्रशिक्षण अभियान भी चलाया। कृषि निदेशालय में चले प्रशिक्षण में केंद्रीय टीम व महाराष्ट्र कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने किया। डॉ. सोनू कुमार चौधरी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक (सीड) भारत सरकार, अर्चना व अविनाश विजयकुमार पेडगांवकर, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एन.आई.सी, निलाद्रि बिहारी मोहंती संयुक्त निदेशक व उनकी टीम के सदस्य कोमित व सुदीप ने प्रशिक्षण प्रदान किया।


महाराष्ट्र की उप निदेशक (कृषि) डॉ. प्रीति सवाईराम ने उनके राज्य में साथी पोर्टल की सफलता की कहानी बताई। उन्होंने इसके विभिन्न चरणों, कार्यों व किसानों को होने वाले लाभ की भी जानकारी दी। अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि बीज उत्पादक संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) और बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित कर मास्टर ट्रेनर बनाया जा रहा है। अब ये प्रशिक्षक जनपद स्तर पर थोक व फुटकर विक्रेताओं को प्रशिक्षित करेंगे जिससे नई प्रणाली का सही ढंग से संचालन हो सकेगा। उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे स्थानीय स्तर पर सभी विक्रेताओं और उत्पादकों को नई प्रक्रिया में प्रशिक्षित करें ताकि अप्रैल से यह व्यवस्था पूरी तरह लागू की जा सके। लगभग 70 प्रतिशत विक्रेता पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। शेष 30 फीसदी विक्रेता भी 15 दिन के भीतर पोर्टल पर पंजीकरण करा लें। किसी भी समस्या पर स्थानीय जिला कृषि अधिकारी से भी निराकरण करा सकते हैं। साथी (सीड ऑथेंटिकेशन, ट्रेसेबिलिटी एंड होलिस्टिक इन्वेंटरी) पोर्टल को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने विकसित किया है। इसका उद्देश्य बीज उत्पादन, प्रमाणीकरण और वितरण की गुणवत्ता में पारदर्शिता लाना और किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से बीज के उत्पादन से लेकर किसान तक पहुंचने तक की पूरी प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सकता है। बीज पैकेट पर लगे टैग के क्यूआर कोड को स्कैन करके किसान बीज के स्रोत, बीज का उत्पादन करने वाली एजेंसी/फर्म, उसके प्रमाणीकरण की पूरी जानकारी एवं उसकी गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं। पहले दिन बीज उत्पादक संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठन एवं बीज कंपनियों और फर्मों को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन जिलों के थोक एवं रिटेलर बीज विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाले प्रतिनिधि मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे। वे अपने-अपने जनपदों में अन्य डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर को साथी पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षित करेंगे।

# उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 फीसदी तैयार

## इमर्सिव लर्निंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले होंगे मुख्य आकर्षण, ब्रज क्षेत्र को मिलेगी विशिष्ट पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम अब लगभग तैयार है। नई तकनीक से सुसज्जित यह संग्रहालय अतीत की गौरवगाथा को नए और आकर्षक अंदाज में पेश करेगा, जहां इतिहास केवल पढ़ा नहीं जाएगा, बल्कि महसूस किया जाएगा। ब्रज क्षेत्र की यह महत्वाकांक्षी परियोजना न सिर्फ पर्यटन को नई राष्ट्रीय पहचान देगी, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक मजबूत माध्यम भी बनेगी। फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज में 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा उत्तर प्रदेश का पहला आर्य गुरुकुल म्यूजियम तेजी से तैयार हो रहा है, जिसका लगभग 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। इसको लेकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान जल्द से जल्द कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए।



इसकी विशेषता पर जानकारी देते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, इस म्यूजियम में इतिहास को इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के जरिए दिखाया जाएगा, ताकि हर उम्र का व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। यहां स्थापना और शुरूआती दौर, संस्थापक और स्थानीय नेताओं का योगदान, आजादी की लड़ाई में भूमिका, सिद्धांत और विचारधारा, योग की अहमियत और आज के समय में इसकी जरूरत जैसे जोन बनाए गए हैं। कुल मिलाकर, आर्य गुरुकुल म्यूजियम सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और उनसे प्रेरणा लेने का एक बेहतरीन माध्यम है। म्यूजियम में ऑडिटोरियम, मल्टीपर्पज हॉल, एम्फीथिएटर, हेलीपैड, फायर फाइटिंग सिस्टम और कई ब्लॉकों का ढांचा तैयार हो गया है और अधिकतर जगहों पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। बाहरी इलेक्ट्रिफिकेशन, ट्यूबवेल, अंडरग्राउंड सम्प और कुछ अन्य कार्य प्रगति पर हैं, जबकि सीसी रोड, हॉर्टिकल्चर, तालाब विकास, फ्लोटिंग मल्टीमीडिया और ब्ब्ज्ट जैसे कुछ काम अभी शुरू होने बाकी हैं। कुल मिलाकर परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है और तय समय में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा इस म्यूजियम में पाँच पिलरों की सीख भी होगी। जिसमें पहला, ईश्वर ही सच्चे ज्ञान का असली स्रोत है-वह निराकार, अनंत और पूरी सृष्टि का रचयिता है। दूसरा, वेद हमें सही सोच और सही जीवन जीने का मार्ग दिखाते हैं, इसलिए उन्हें समझना और उनके अनुसार चलना हमारी जिम्मेदारी है। तीसरा, हमें हर हाल में सच का साथ देना चाहिए और गलत बातों से दूर रहना चाहिए, ताकि हमारा हर कदम धर्म और ईमानदारी पर टिका हो। चौथा, हमारा उद्देश्य केवल अपनी तरक्की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक उन्नति करना है। और पाँचवां, हमें सभी लोगों के साथ प्रेम, सम्मान और न्याय से व्यवहार करना चाहिए एवं दूसरों की प्रगति में ही अपनी सफलता देखनी चाहिए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने हाल ही में हुई एक बैठक में इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आर्य गुरुकुल म्यूजियम हमारे अतीत की विरासत और भविष्य की संभावनाओं के बीच एक सशक्त माध्यम है। अब सिर्फ आगरा का ताजमहल ही नहीं बल्कि आर्य गुरुकुल म्यूजियम भी वैश्विक स्तर पर नई पहचान कायम करेगा। ब्रज क्षेत्र का यह म्यूजियम केवल इतिहास को संजोने का प्रयास नहीं, बल्कि उस चेतना को फिर से जागृत करने का संकल्प है जिसने समाज को ज्ञान, समानता और राष्ट्रभाव की दिशा दी। आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी के दिल और दिमाग से जोड़ रहे हैं, ताकि वे केवल इतिहास को जानें ही नहीं, बल्कि उसे महसूस करें, समझें और उससे प्रेरणा लेकर एक सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। हाल ही में पर्यटन मंत्री ने प्रमुख और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को लेकर अहम समीक्षा बैठक की थी, जिसमें फिरोजाबाद में बन रहे ग्लास म्यूजियम फिरोजाबाद, मैनपुरी के कल्चरल सेंटर, आर्य गुरुकुल म्यूजियम तथा सामौर बाबा मंदिर कॉम्प्लेक्स की प्रगति और विकास योजनाओं का विस्तार से अवलोकन किया गया था। आर्य गुरुकुल म्यूजियम सिर्फ एक भवन नहीं है, बल्कि एक ऐसे आंदोलन की कहानी बताएगा, जिसने भारत में सोच, समाज और देशभक्ति को नई दिशा दी। आर्य समाज ने वेदों की ओर लौटो का संदेश देकर लोगों को जागरूक किया और सामाजिक बराबरी, शिक्षा और तर्क की सोच को मजबूत बनाया। यह म्यूजियम आज की पीढ़ी के लिए एक एजुकेशनल हब की तरह काम करेगा, जहां लोग अपने इतिहास और संस्कारों को आसान और दिलचस्प तरीके से समझ सकते हैं।

# मेट्रो में आज से शुरू होगी क्यूआर टिकटिंग की सुविधा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली मेट्रो की तरह लखनऊ मेट्रो में भी सोमवार से क्यूआर कोड वाली टिकटिंग प्रणाली शुरू होगी। मेट्रो के आधिकारिक ऐप से यात्री घर बैठे अपनी यात्रा के टिकट बना सकेंगे। मेट्रो स्टेशन पर इस नई व्यवस्था से यात्रियों को टिकट बनाने में पहले की अपेक्षा कम समय लगेगा।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) के एमडी सुशील कुमार सोमवार सुबह 10 बजे हजरतगंज मेट्रो स्टेशन से इस नई व्यवस्था का शुभारंभ करेंगे। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया के बीच नार्थ-साउथ कारिडोर पर प्रतिदिन लगभग 80 हजार यात्री सफर करते हैं। कृष्णानगर, सिंगारनगर, हजरतगंज इस कारिडोर के सबसे व्यस्त मेट्रो स्टेशनों में शामिल हैं, जहां से सबसे अधिक यात्री सफर करते हैं। इन मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों को मौजूदा टोकन प्रणाली के टिकट लेने के लिए लंबी लाइन लगना पड़ रहा है।

सिंगारनगर और कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन पर तो आधा घंटा तक का समय लग जाता है।

- अब घर बैठे यात्री ऐप, टीवीएम, काउंटर से बुक कर सकेंगे टिकट



ऐसे में यात्रियों का सफर स्मार्ट बनाने के लिए यूपीएमआरसी ने क्यूआर कोड आधारित टिकट प्रणाली लागू करने का आदेश दिया। नई व्यवस्था के तहत यात्री लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल ऐप, टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) या टिकट काउंटर के माध्यम से क्यूआर टिकट आसानी से बुक कर सकेंगे।

आधिकारिक ऐप के माध्यम से टिकट बुक करने पर यात्रियों को उनके मोबाइल फोन में डिजिटल रूप में क्यूआर टिकट उपलब्ध होगा, जिसे वह मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर स्कैन कराकर प्रवेश कर सकेंगे। इसी तरह टिकट काउंटर एवं टिकट वेंडिंग मशीन से पेपर क्यूआर टिकट प्राप्त किया जा सकेगा। क्यूआर टिकट के माध्यम से यात्रा करने वाले यात्री मेट्रो स्टेशन के प्रवेश एवं निकास के दौरान पीली पट्टी से चिह्नित आटोमेटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट पर क्यूआर टिकट को स्कैन कर आसानी से प्रवेश व निकासी कर सकेंगे। प्रवेश के समय और यात्रा पूर्ण होने पर निकास के समय दोनों ही स्थितियों में पीली पट्टी वाले गेट पर क्यूआर टिकट स्कैन करना अनिवार्य होगा। सभी मेट्रो स्टेशनों पर क्यूआर सपोर्ट करने वाली नई टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित हैं।

प्रत्येक स्टेशन पर कम से कम एक क्यूआर सपोर्टेड टिकट वेंडिंग मशीन एवं एक क्यूआर टिकट काउंटर की व्यवस्था है। क्यूआर टिकट वेंडिंग मशीन पर यूपीआइ से भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। अन्य टिकट वेंडिंग मशीनों से पहले की तरह टोकन आधारित यात्रा की सुविधा जारी रहेगी। क्यूआर टिकट उपलब्ध कराने वाली मशीनों पर विशेष क्यूआर सपोर्ट स्टिकर लगाए जाएंगे, जिससे यात्री इन्हें आसानी से पहचान सकें और बिना किसी परेशानी के क्यूआर टिकट प्राप्त कर सकें।

# औद्योगिक क्लस्टर, लॉजिस्टिक्स और डेटा सेंटर से खुलेंगे रोजगार के अवसर

## एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक्स सेक्टर को मिलेगा बढ़ावा, कोल्ड स्टोरेज और ट्रांसपोर्ट में बढ़ेंगे अवसर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में औद्योगिक क्लस्टरों के विस्तार, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण और डेटा सेंटर इकोसिस्टम के विकास को जिस पैमाने पर प्राथमिकता दी गई है, वह प्रदेश में बड़े स्तर पर रोजगार सृजन की ठोस रणनीति की ओर स्पष्ट संकेत कर रहा है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास योजनाओं के लिए 27,103 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो कि पिछले वर्ष के बजट से 13 प्रतिशत अधिक है। यह साफ दर्शाता है कि योगी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित औद्योगिक विस्तार को रोजगार वृद्धि का मुख्य आधार बना रही है। बजट में किए गए ये निवेश निर्माण से लेकर उत्पादन, लॉजिस्टिक्स संचालन और डिजिटल सेवाओं तक रोजगार की बहु-स्तरीय श्रृंखला तैयार करने की योजना का हिस्सा हैं। औद्योगिक क्लस्टर, लॉजिस्टिक्स हब और डेटा सेंटर के जरिये सरकार का लक्ष्य प्रदेश में लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसरों का सृजन कर विकास और रोजगार को समानांतर गति देना है।

औद्योगिक क्लस्टर मॉडल की सबसे बड़ी ताकत उसकी बहु-स्तरीय रोजगार क्षमता है। एक एंकर यूनिट स्थापित होते ही उसके आसपास कच्चे माल की आपूर्ति,



पैकेजिंग, मशीनरी रखरखाव, परिवहन, वेयरहाउसिंग और सर्विस सेक्टर की दर्जनों सहायक इकाइयां विकसित होती हैं। यही कारण है कि बजट 2026-27 में एमएसएमई सेक्टर के लिए 3,822 करोड़ रुपये (19% वृद्धि) और वस्त्रोद्योग के लिए 5,041 करोड़ रुपये का प्रावधान केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि रोजगार विस्तार की संरचनात्मक रणनीति का हिस्सा है। सरकार ने वस्त्रोद्योग क्षेत्र में वर्ष 2026-27 के लिए 30,000 नए रोजगार सृजन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इस सेक्टर को प्रत्यक्ष नौकरी सृजन का प्रमुख केंद्र बनाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास में हर एक प्रत्यक्ष रोजगार के साथ कई अप्रत्यक्ष रोजगार जुड़ते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में व्यापक गतिशीलता आती है। इसके साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन के लिए 575 करोड़ रुपये तथा निवेश प्रोत्साहन नीति के क्रियान्वयन के लिए 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान बड़े और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। बड़े उद्योगों की स्थापना से दीर्घकालिक, स्थायी और कौशल आधारित रोजगार अवसरों का मजबूत आधार तैयार होगा। इसी तरह एक्सप्रेसवे और औद्योगिक कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर बढ़ा निवेश केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स मानचित्र पर मजबूत स्थिति दिलाने की रणनीति का हिस्सा है। जेवर एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 1100 करोड़ रुपये, आगरा-लखनऊ से गंगा एक्सप्रेसवे लिंक के लिए 1250 करोड़ रुपये और विन्ध्य एक्सप्रेसवे व अन्य कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए 500-500 करोड़ रुपये के प्रावधान से माल परिवहन की लागत और समय दोनों में कमी आएगी। बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा असर लॉजिस्टिक्स सेक्टर पर पड़ता है। जहां सड़क पहुंचती है, वहां वेयरहाउस, ट्रांसपोर्ट कंपनियां, कोल्ड स्टोरेज और वितरण केंद्र भी विकसित होते हैं। बजट में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 2,059 करोड़ रुपये का प्रावधान है जो पिछले वर्ष के बजट से 76% अधिक है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेजी से डिजिटल और तकनीक-आधारित दिशा दी जा रही है। उत्तर प्रदेश एआई मिशन के लिए 225 करोड़ रुपये और साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर के लिए 95.16 करोड़ की व्यवस्था केवल तकनीकी ढांचा मजबूत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए उच्च कौशल आधारित रोजगार के अवसर तैयार करने की पहल है। प्रदेश में पांच गीगावॉट क्षमता के पांच डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने की योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक बजट प्रस्तावित है।

# एलडीए कॉलोनी इलाके में टंकियों की सफाई आज से

विशेष संवाददाता (vol)

- 25 फरवरी तक अलग-अलग इलाके में होगा काम

**लखनऊ।** एलडीए कालोनी और हिंद नगर इलाके की कई पानी की टंकियों की सफाई का काम जलकल विभाग सोमवार से शुरू करेगा। यह काम 16 से 25 फरवरी तक अलग-अलग तारीखों में होगा। जिस दिन जिस इलाके की टंकी सफाई का काम होगा उस दिन उस इलाके में शाम की आपूर्ति प्रभावित होगी। इसको लेकर जलकल विभाग की ओर से सूचना जारी की गई है।

जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि सफाई का काम सुबह की आपूर्ति करने के बाद किया जाएगा। ऐसे में लोगों से अपील है कि वह टंकी की सफाई वाले दिन सुबह की आपूर्ति के समय ही जरूरत का पानी स्टोर कर लें जिससे कि उनको शाम को परेशानी का सामना न करना पड़े। यदि कहीं पर पेयजल की समस्या आएगी तो वहां पर संबंधित जोन की ओर से पानी के टैंकर भी मांग पर लगाए जाएंगे। ताकि पेयजल की किल्लत न हो।




### कब किस टंकी की होगी सफाई

- सेक्टर-के एलडीए कॉलोनी टंकी की 16 फरवरी को
- सेक्टर-एन एलडीए कॉलोनी टंकी की 17 फरवरी को
- सेक्टर-एम एलडीए कॉलोनी टंकी की 19 फरवरी को
- हिंद नगर टंकी की 21 फरवरी को
- किला गांव टंकी की 23 को
- औरंगाबाद टंकी की 24 फरवरी को
- बेहसा टंकी की 25 फरवरी को

# एआई से बदलेगा विकास, शासन और रोजगार का स्वरूप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और उसके सामाजिक-आर्थिक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि एआई आज विकास, शासन व्यवस्था और रोजगार संरचना में परिवर्तन का निर्णायक कारक बन चुकी है। डॉ. सिंह ने विश्व आर्थिक मंच के आकलन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2027 तक वैश्विक स्तर पर लगभग 23% नौकरियों में बदलाव की संभावना है। जहां लगभग 69 मिलियन नई नौकरियाँ सृजित होंगी, वहीं 83 मिलियन नौकरियाँ प्रभावित हो सकती हैं। यह परिदृश्य बड़े पैमाने पर कौशल विकास और पुनः प्रशिक्षण की अनिवार्यता को स्पष्ट करता है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार वर्ष 2030 तक 86% नियोक्ता मानते हैं कि एआई उनके व्यापार मॉडल को

- 48% विद्यार्थी एआई-सक्षम कार्यस्थल के लिए तैयार नहीं, कौशल अंतर पर जताई चिंता
- डीपफेक और एआई दुष्प्रचार पर चेतावनी, मजबूत सुरक्षा ढांचे पर दिया जोर



बदल देगी, जबकि लगभग 48% विद्यार्थी स्वयं को एआई-सक्षम कार्यस्थल के लिए पूर्णतः तैयार नहीं मानते। यह अंतर शिक्षा, प्रशिक्षण और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित करता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारत अब एआई अपनाने के चरण से आगे बढ़कर वैश्विक एआई नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है। नई दिल्ली में आयोजित होने वाला समिट भारत को जिम्मेदार और समावेशी एआई के वैश्विक मानदंड स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर एआई से संबंधित नीतिगत दृष्टिकोण नवाचार, सशक्त शासन व्यवस्था और समान विकास पर केंद्रित है, जिससे तकनीक का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत एआई नवाचार, डिजिटल गवर्नेंस तथा आईटीआई संस्थानों में एआई प्रयोगशालाओं की स्थापना जैसे कदम राज्य को डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर में युवाओं को एआई और डिजिटल युग के लिए तैयार करने के लिए स्थानीय स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में संचालित रण बहादुर सिंह डिजिटल एजुकेशन एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, युवाओं के लिए निःशुल्क डिजिटल एवं एआई कौशल प्रशिक्षण, मेधावी छात्रों को डिजिटल उपकरणों का वितरण जैसे प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा इन पहलों का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और रोजगार अवसरों के अनुरूप सक्षम बनाना है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि एआई केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संरचना में व्यापक बदलाव का आधार है। यदि हम समय रहते कौशल विकास, डिजिटल सशक्तिकरण और जिम्मेदार नीतिगत ढांचे को प्राथमिकता दें, तो एआई समावेशी विकास, सुरक्षित प्रणाली और नए रोजगार सृजन का माध्यम बनेगी। इसके लिए उन्होंने प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि सरोजनीनगर से प्रारंभ यह प्रयास उत्तर प्रदेश और पूरे भारत तक—हम एआई को जन-जन की प्रगति का माध्यम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सौर ऊर्जा वाले उपभोक्ता वेबसाइट से कर सकते हैं नेट मीटरिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने कहा है कि सौर ऊर्जा प्लांट लगाने वाले सिर्फ घरेलू व कृषि (निजी नलकूप) उपभोक्ताओं के लिए ही नेट मीटरिंग लागू है जबकि नेट बिलिंग सभी उपभोक्ताओं के लिए है। उपभोक्ता यूपीपीसीएल की वेबसाइट के माध्यम से नेट मीटरिंग व नेट बिलिंग कर सकते हैं। रविवार को जारी बयान में चेयरमैन ने बताया है कि नेट बिलिंग की व्यवस्था में उपभोक्ता द्वारा सौर ऊर्जा प्लांट से उत्पादित ऊर्जा जो ग्रिड को भेजी जा रही है, उसे 3.58 रुपये प्रति यूनिट की दर से आंकलन कर राशि को उपभोक्ता द्वारा ग्रिड से ली गई ऊर्जा के सामान्य बिल में समायोजित कर दिया जाता है। सौर ऊर्जा उत्पादन करने वाले जिन उपभोक्ताओं ने नेट मीटरिंग अथवा नेट बिलिंग का विकल्प ले रखा है उनकी बिलिंग मीटर रीडर द्वारा मौके पर व विभागीय काउंटर पर की जा रही है। यूपीपीसीएल के रजिस्टर्ड उपभोक्ता वेबसाइट पर नेट बिलिंग और नेट मीटरिंग (घरेलू व निजी नलकूप) के लिए आवेदन वेब सेल्फ सर्विस से कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन फार्म यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर लाग इन करने पर उपलब्ध है।

# बस में साफ-सफाई नहीं तो फोटो परिवहन निगम को भेजे

**लखनऊ।** लम्बी दूरी की बसों में साफ-सफाई नही तो यात्री अपने फोन से फोटो लेकर परिवहन निगम के वॉटसअप नम्बर 9415049606 पर फोटो भेजकर शिकायत कर सकता है। फोटो आते ही परिवहन निगम के अधिकारी सख्त कदम उठाते हुए चालक और परिचालक से जबाब तलब करेगें। निगम के एक अधिकारी का कहना है कि बसों में गंदगी कि शिकायत बार-बार आने के बाद यह नम्बर जारी किया जा रहा है। बस में साफ-सफाई हमेशा रहे इसके लिए परिवहन मंत्री बस के अन्दर जाकर औचक निरिक्षण कर रहे है। लेकिन फिर भी बस के अन्दर गंदगी मिल रही है। ऐसे में मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 9415049606 या टोलफ्री नम्बर 18001802877 पर फोन कर शिकायत कर सकता है। इसके लिए समय सीमा भी तय कर दिया गया है।

# प्रदेश के बीज विक्रेताओं व अधिकारियों को दिया गया विस्तृत प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साथी पोर्टल के द्वितीय फेज को उत्तर प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कृषि निदेशक की अध्यक्षता में दो दिवसीय विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कृषि निदेशालय में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों और एन.आई.सी. के वरिष्ठ निदेशकों की ओर से पोर्टल के तकनीकी पहलुओं और इसके संचालन की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बीज व्यवसाय को पारदर्शी बनाना और डिजिटल माध्यम से किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज की पहुंच सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी सहायक (सीड) डॉ. सोनू कुमार चौधरी, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एन.आई.सी. श्रीमती अर्चना एवं श्री अविनाश विजयकुमार पेडगाँवकर, और संयुक्त निदेशक निलाद्रि बिहारी मोहंती ने प्रतिभागियों को पोर्टल की कार्यप्रणाली समझाई। इस अवसर पर महाराष्ट्र कृषि विभाग की उप कृषि निदेशक डॉ. प्रीति सवाईराम ने महाराष्ट्र में साथी पोर्टल की सफलता की कहानी साझा की और इसके विभिन्न चरणों व लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम में अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र), उप कृषि निदेशक (प्रक्षेत्र) सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन बीज उत्पादक संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और निजी बीज कंपनियों व फर्मों को प्रशिक्षित किया गया, जबकि दूसरे दिन जनपद स्तर के विभागीय अधिकारियों और थोक व फुटकर बीज विक्रेताओं को तकनीकी जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रतिनिधि अपने-अपने जनपदों में मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे और अन्य डीलरों व डिस्ट्रीब्यूटर्स को पोर्टल के संबंध में शिक्षित करेंगे।

# 33 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में अग्रसर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाएं अब आर्थिक स्वावलंबन के माध्यम से सफलता की नई कहानियां गढ़ रहीं हैं। लखपति दीदी योजना से कई महिलाएं हर महीने एक लाख रुपये तक की कमाई कर रहीं हैं। पिछले नौ साल में महिला सशक्तीकरण के लिए प्रदेश सरकार ने तत्परता से योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे यह उपलब्धि हासिल हो पायी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 33 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल हैं आजमगढ़ जिले की हुस्नआरा खातून जो तैबा स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। वे रेशमी साड़ी निर्माण के काम से जुड़ीं हैं। लखपति दीदी योजना के माध्यम से जब एक लाख 15 हजार रुपये की सहायता मिली तो जैसे ठहरी हुई रफ्तार को पंख लग गए। आज वे प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपये तक कमा रहीं हैं। वे कहती हैं कि अब उनका कारोबार बारह गुना तक बढ़ चुका है। उनका परिवार सम्मान और आत्मविश्वास के साथ

- सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

जीवनयापन कर रहा है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संसाधन, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने का जो व्यापक ढांचा तैयार हुआ, उसने हजारों परिवारों की तकदीर बदल दी। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत ही आजमगढ़ की शशिकला राजभर ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ऋण प्राप्त किया। इससे अदिति फास्ट फूड के नाम से अपना स्टॉल शुरू किया। आज वे प्रतिदिन लगभग 2000 रुपये का कारोबार कर रही हैं। वे बताती हैं कि पहले रोजगार की तलाश में थी, आज वे दूसरों के लिए प्रेरणा बन चुकीं हैं। यह परिवर्तन दशार्ता है कि योजनाएं जब सही दिशा और निगरानी के साथ लागू होती हैं तो परिणाम समाज की संरचना को बदल देते हैं। महिला सशक्तीकरण का सबसे मजबूत स्तंभ वित्तीय सहायता है जिसमें प्रदेश सरकार ने खासी प्रगति हासिल की है। आजमगढ़ की सरोज मौर्या इसकी जीवंत तस्वीर हैं। पढ़ाई के साथ वे बीसी सखी के रूप में कार्य कर रहीं हैं और गांवों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचा रही हैं। उनके बताया कि पहले ग्रामीण महिलाएं बैंक जाने से हिचकतीं थीं। अब वे घर के पास ही जमा-निकासी, पेंशन वितरण और डिजिटल भुगतान जैसी सेवाएं पा रहीं हैं। इस पहल ने महिलाओं को न केवल रोजगार दिया बल्कि उन्हें आर्थिक निर्णयों में सहभागी भी बनाया। बीसी सखियों ने प्रदेश में अब तक लगभग 40 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय लेनदेन किया है और 107 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश अर्जित किया है। यह आंकड़ा बताता है कि महिलाएं अब आर्थिक गतिविधियों की मुख्य धुरी बन चुकी हैं। प्रदेश में नौ लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। 63,519 ग्राम संगठन और 3272 संकुल स्तरीय संघ सक्रिय हैं जिनसे 99 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। लखपति महिला योजना के तहत 18 लाख से अधिक महिलाएं लखपति श्रेणी में पहुंच चुकी हैं। यह केवल सरकारी उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रमाण है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लघु उद्योग और स्वरोजगार शुरू करने के लिए आसान, ब्याज मुक्त और चरणबद्ध पूंजी उपलब्ध कराया जाता है।

# बिजली संविदाकर्मियों को ईएसआई का लाभ मिलेगा जल्द, योजना तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली कंपनियों में आउटसोर्स पर कार्यरत करीब 80 हजार संविदा कर्मियों को ईएसआईसी की सेवाएं व लाभ नहीं मिल पाने को गंभीरता से लिया है। यूपीपीसीएल प्रबंधन के संज्ञान में आया है कि विद्युत दुर्घटना में घायल, अपंगता तथा संविदाकर्मी की मृत्यु होने ईएसआईसी द्वारा दी जाने वाली चिकित्सा सुविधा और अन्य लाभ कार्मिक अथवा उसके परिवार को नहीं मिल पा रहे हैं। आउटसोर्स एजेंसियों द्वारा ईएसआईसी के प्राविधानों का समय से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण विद्युत दुर्घटनाएं होने पर यूपीपीसीएल स्तर से क्षतिपूर्ति भुगतान की मांग की जाती है। आउटसोर्स (संविदा) कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ईएसआई पोर्टल पर अपना विवरण, आश्रितों का विवरण, डिस्पेंसरी, अंशदानों का विवरण, हेल्थ रिकार्ड, ई-पहचान कार्ड, चिकित्सा प्रतिपूर्ति विवरण आदि प्राप्त कर सकते हैं। जिसके आधार पर वे चिकित्सीय लाभ पा सकते हैं। इमरजेंसी की स्थिति में संविदाकर्मी ईएसआई शाखा तथा नियोक्ता को सूचित कर नजदीकी चिकित्सालय में उपचार करा सकता है जिसकी प्रतिपूर्ति ईएसआई डिस्पेंसरी में बिल प्रस्तुत करके प्राप्त की जा सकती है। आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक संविदाकर्मी को ईएसआई का लाभ हर हाल में मिलें यह सुनिश्चित किया जाए। जिन जिलों में ईएसआईसी की सेवाएं नहीं हैं वहां के कार्मिकों के लिए कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के तहत सामूहिक दुर्घटना बीमा पालिसी ली जाए। जिससे विभागीय कार्य के दौरान किसी आउटसोर्स कर्मी की दुर्घटना हो जाए, अपंगता अथवा मृत्यु होने की दशा में उसे और उसके परिवार को क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जा सके। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. के निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन ने इस आशय का पत्र सभी बिजली वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को भेजा है।

# संचारी रोग नियंत्रण में रचा इतिहास, मृत्यु दर में आई उल्लेखनीय कमी

## डेंगू, मलेरिया और एईएस/जेई पर किया प्रभावी प्रहार, डिजिटल सर्विलांस पोर्टल से मॉनिटरिंग हुई मजबूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों के दौरान संचारी रोगों के नियंत्रण को लेकर कई व्यापक और परिणामकारी कदम उठाए हैं। योगी सरकार ने डेंगू, मलेरिया तथा एईएस/जेई जैसे गंभीर रोगों पर प्रभावी प्रहार करते हुए जांच, उपचार और मॉनीटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाया। साथ ही डिजिटल सर्विलांस, प्रयोगशालाओं के विस्तार और त्वरित उपचार व्यवस्था से मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है।

स्वास्थ्य सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में एकीकृत डिजिटल सर्विलांस पोर्टल (आईडीएसपी) विकसित कर रोगों की निगरानी को सशक्त किया गया है। पोर्टल पर कुल 34,334 लैब पंजीकृत हैं, जिनमें 31,885 सरकारी तथा 2,439 गैर-सरकारी लैब शामिल हैं। इन लैबों के माध्यम से 16 संक्रामक रोगों और 6 वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज की नियमित जांच की जा रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए समयबद्ध सूचना उपलब्ध होने से रोगों की पहचान और नियंत्रण की कार्रवाई तेज हुई है। यही वजह है कि डेंगू की जांच सुविधाओं में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 में जहां 29 जनपदों में मात्र 36 प्रयोगशालाएं संचालित थीं, वहीं वर्ष 2025 तक प्रदेश के सभी जनपदों में 89 प्रयोगशालाएं क्रियाशील हो चुकी हैं।

- 89 प्रयोगशालाएं हो रहीं संचालित, 86 सेंटिनल और तीन एपेक्स प्रयोगशालाएं शामिल

वर्तमान में 86 सेंटिनल प्रयोगशालाएं और तीन एपेक्स प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं। इससे डेंगू की उन्नत जांच सुविधा प्रदेशभर में उपलब्ध कराई जा रही है। जांच और उपचार व्यवस्थाओं में सुधार से डेंगू की मृत्यु दर जहां वर्ष 2017 में 0.91 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 0.06 रह गई है। इस अवधि में मृत्यु दर में लगभग 94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। सचिव ने बताया कि मलेरिया नियंत्रण के क्षेत्र में भी प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2017 में सूचित मलेरिया रोगियों की संख्या 32,342 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 14,688 रह गई। इस प्रकार कुल रोगियों में लगभग 55 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं जांचों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 में 46.69 लाख मलेरिया जांचें की गई थीं, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 1.54 करोड़ तक पहुंच गया है। यानी जांचों की संख्या में 229 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह एईएस/जेई नियंत्रण

- एईएस से होने वाली मौतों में 99 प्रतिशत और जेई में 98 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी

कार्यक्रम के तहत भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 2017 से लेकर 2025 तक एईएस रोगियों की संख्या में 85 प्रतिशत की कमी आई है। एईएस से होने वाली मौतों की संख्या में 99 प्रतिशत तथा रोग मृत्यु दर में 94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इसी प्रकार जेई के रोगियों की संख्या में 96 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि जेई से होने वाली मृत्यु में 98 प्रतिशत और रोग मृत्यु दर में 76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। यह उपलब्धि विशेष रूप से पूर्वांचल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां कभी एईएस/जेई गंभीर चुनौती बने हुए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में सूबे की कमान संभालने के बाद दिमागी बुखार के समूल उन्मूलन को उच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावित जिलों में व्यापक प्रयास सुनिश्चित किए। इसमें गोरखपुर और बस्ती मंडल के सभी सघन चिकित्सा इकाइयों में वेंटिलेटर सुविधा स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त पीआईसीयू, ब्लॉक स्तरीय इन्सेफलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर, वेंटिलेटर, सेंटिनल तथा एपेक्स प्रयोगशालाओं की स्थापना कर उपचार क्षमता को सुदृढ़ किया गया। इससे गंभीर मरीजों को समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध हो सका। योगी सरकार ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए केवल चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार ही नहीं किया, बल्कि जागरूकता अभियानों, स्वच्छता कार्यक्रमों और सामुदायिक सहभागिता पर भी विशेष बल दिया। गांव-गांव सर्वे, लार्वा निरोधक छिड़काव, फॉगिंग तथा आशा और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से घर-घर संपर्क अभियान चलाए गए। डिजिटल मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों की त्वरित पहचान कर नियंत्रण उपायों को प्रभावी बनाया गया, जिससे संचारी रोगों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया गया।

# सुभासपा विधायक पर फिर सरकारी जमीन कब्जाने का आरोप, कथित ऑडियो वायरल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाघमऊ में सरकारी जमीन पर कब्जा को लेकर रविवार को एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वॉयस ऑफ लखनऊ ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। इसमें एक व्यक्ति खुद को गोमती नगर का तारा सिंह बिष्ट बता रहा है। वह सुभासपा विधायक बेदी राम पर सरकारी जमीन कब्जा करने का आरोप लगा रहा है। ऑडियो में बिष्ट की ओर से कहा जा रहा है कि बाघमऊ में विधायक जी आप सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। बाउंड्री बनवा रहे हैं।

दूसरी तरफ से कहा जा रहा है, मैं बेदी राम विधायक बोल रहा हूं। मेरा दो-तीन जगह काम है। मेरी बात सुन, वहां पर 16 फीट रोड है। इस पर खुद को तारा सिंह बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि 40 फीट रोड है। इस पर दूसरी ओर से कहा गया,

- बाघमऊ में जमीन पर कब्जे करने का आरोप

हमने 6 फीट रोड के लिए अपनी जमीन दी है। इस पर खुद को तारा सिंह बताने वाला कहता है कि आपने आगे भी जमीन कब्जा किया है। बातचीत में व्यक्ति ने नाले की जमीन पर भी कब्जा का आरोप लगाया। इस पर खुद को विधायक बेदी राम कहने वाले ने कहा- ऐसे करोगे तो वह भी बंद कर देंगे जो हमने 6 फीट रोड दिया है। हम सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं करते हैं। इस पर व्यक्ति कहता है कि आपने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है। नपवा कर बाउंड्रीवाल तोड़वा दूंगा। वह नक्शे भेजने की बात कहता है, तो खुद को बेदी राम कहने वाले ने कहा, वह खुद ही प्रॉपर्टी डीलर हैं। गुंडई न करो। बेदी राम पर लोगों ने भरवारा मल्हौर वार्ड में नाला पाटकर उसपर दीवार बनाने का आरोप लगाया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि विधायक ने 6 फीट आगे तक जमीन पर कब्जा कर लिया है। इसके कारण नाराज लोगों ने मामले की शिकायत लखनऊ की महापौर और नगर आयुक्त से कई बार की है। स्थानीय विधायक योगेश शुक्ला से भी शिकायत की है। मामला करीब साल भर से चल रहा है। गत दिनों स्थानीय सपा पार्षद ममता रावत ने भी इसी प्रकरण को लेकर उन पर गाली देने का आरोप लगाया था। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए बीबीडी थाने पर धरना दिया था। फिलहाल नगर निगम मामले की जांच कर रहा है। वहीं, तारा सिंह बिष्ट ने बताया कि वह पहले प्रॉपर्टी का काम करते थे, अब किसान यूनियन के नेता है। यह ऑडियो बीते साल नवंबर का है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने उन्हें धमकाया था, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# इलाज के इंतजार में तीन घंटे पड़ा रहा सुरक्षाकर्मी , मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षे त्र के एक होटल में काम करने वाले 40 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड हरिश्चन्द्र निवासी फत्तेहखेड़ा की शनिवार रात अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने होटल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर समय पर अस्पताल पहुंचाते उसकी जान बचाई जा सकती थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के परिजनों ने लापरवाही व हत्या की आशंका जताई है। वह गत एक साल से होटल में काम करता था। उसकी शनिवार रात करीब 11.30 हालत बिगड़ गई। परिजन रात करीब 2.30 बजे होटल पहुंचे और अस्पताल लेकर गए। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने होटल प्रबंधन व कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। साथ ही हत्या की आशंका जताई है। वह शनिवार की शाम करीब सात बजे घर से ड्यूटी के लिए निकला था।

इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक होटल कर्मियों ने बताया कि शनिवार रात 11. 30 बजे होटल में रिंकू बेसुध हो गया तो कर्मचारियों ने उसे नशे की हालत में होने की आशंका पर वैसे ही छोड़ दिया। वह काफी देर तक पड़ा रहा। रात करीब 1:43 बजे होटल कर्मियों ने उसके साले को फोन किया और जानकारी दी। इसके बाद लगभग ढाई बजे पत्नी किरन परिजनों के साथ होटल पहुंची। परिजनों के मुताबिक जब वह लोग होटल पहुंचे तो रिंकू बेसुध हालत में होटल के बाहर पड़ा था।

आनन-फानन सीएचसी मोहनलालगंज ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लापरवाह बना रहा होटल प्रशासन परिजनों का आरोप था कि होटल कर्मी अगर समय रहते अस्पताल पहुंचा देते तो शायद जान बच जाती। परिजन जब पहुंचे तो अस्पताल लेकर गए। होटल स्टॉफ साथ तक नहीं गया। यही नहीं ड्यूटी का समय होते ही रात में तैनात कर्मी अपने-अपने घर चले गए, जिन्हें पूछताछ के लिए पुलिस ने बुलाया तब कोतवाली पहुंचे।

लापरवाही व हत्या की आशंका की दी तहरीर मृतक के चचेरे भाई राहुल यादव ने होटल कर्मियों की लापरवाही से मौत और हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि सीसी कैमरे की रिकार्डिंग पुलिस टीम देख रही है। जिस जगह सुरक्षाकर्मी के पड़े होने की जानकारी दी गई है, वहां कोई कैमरा नहीं मिला, इसलिए पुलिस होटल में लगे अन्य कैमरों की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

## दोनों दोस्तों का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

**लखनऊ।** गोसाईगंज के कोरियानी गांव में रविवार शाम को दो दोस्तों -रेशू (22) और मनोज (22) की चिताएं एक साथ जलाई गयीं। शनिवार रात को ढोल बजाते समय सड़क हादसे में नबाव अली का पुरवा गांव के पास उनकी मौत हो गई थी। उनके शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। रिश्तेदारों ने दोनों की चिताएं एक साथ लगाईं। रिशु के शव को उसके बाबा रामदयाल ने मुखाग्नि दी। रिशु के परिवार में उसकी मां शीला दो बहनें एक भाई है, जबकि मनोज के पिता मनीराम ने अपने बेटे की चिता में आग लगाई। मनोज के परिवार में उसकी मां विद्या तीन बहने एक भाई है। उसकी तीनों बहनों की शादी हो चुकी है।

## सिपाही के अपहरण से सनसनी राजस्थान पुलिस ले गयी

**लखनऊ।** गोमतीनगर क्षेत्र में रविवार सुबह सिपाही के अपहरण से सनसनी फैल गयी। उसे काले रंग की स्कार्पियो सवार लोग उठा ले गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जांच के पता चला कि सिपाही राजस्थान में 2002 के मामले में व ांछित था और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। राजस्थान पुलिस उसे उठा ले गयी। बताया जा रहा है कि लखनऊ में स्मारक समिति की सुरक्षा के लिए एक समिति का गठ न हुआ था। सिपाही अखिलेश त्रिपाठी की वाहिनी में तैनाती है। इन दिनों उनकी अम्बेडकर पार्क में ड्यूटी रहती है।

- 2002 के मामले में सिपाही था वांछित, घोषित था 25 हजार का इनाम

रविवार सुबह वह अपने बेटों के साथ टहलने निकले थे। बेटों ने बताया कि अचानक काली स्कार्पियो उनके पाव आकर रुकी और उसमें से उतरे लोगों ने पिता अखिलेश त्रिपाठी को जबरन गाड़ में बैठा लिया। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि यह क्या हुआ। इस मामले की सूचना गोमतीनगर पुलिस को दी गयी। कुछ देर पुलिस को पता चला कि सिपाही अखिलेश त्रिपाठी 2002 में एक पुराने मुकदमे में वांछित था। उस मामले में उसके खिलाफ 25 हजार का इनाम घोषिथ था। राजस्थान की सवाईमाधोपुर जिले के गंगापुर सिटी थाने की पुलिस उन्हें उठा ले गयी है।

# पार्किंग को लेकर चल रहे विवाद में थाने पहुंचे पीड़ित

- थाने के गेट पर किया प्रदर्शन, आश्वाशन देकर वापस भेजा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में अर्बन वुड अपार्टमेंट के रहने वाले लोगों ने रविवार को पार्किंग को लेकर बिल्डर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बिल्डर द्वारा पुलिस के बुलाने पर नाराज लोगों ने थाने पहुंचकर बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पुलिस ने मामले को समझाबुझकर लोगों को शांत कराया।

जानकारी के मुताबिक अर्बन वुड अपार्टमेंट दो फेस में बंटा हुआ है, लेकिन बिल्डरों द्वारा फेस 1 से ही फंसे 2 की पार्किंग का रास्ता दिया गया है, लेकिन बिल्डरों के आपसी विवाद के कारण फेस 2 की बेसमेंट पार्किंग का रास्ता फेस 1 के बिल्डर द्वारा बंद कर दिया गया है। अपार्टमेंट में रहने वाले श्रीश अवस्थी, आनंद गुप्ता ने बताया कि बिल्डर शशांक गुप्ता फेस 1, आशीष अग्रवाल फेस 2 के बिल्डर है शुरूवाती दौर में दोनों ने मिलकर पार्टनरशिप में बिल्डिंगों का निर्माण कराया, लेकिन कुछ समय बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया, जिसके बाद फेस 1 के बिल्डर ने फेस 2 की पार्किंग का रास्ता ब्रेक वाल, टीनशैड व डीजी जनरेटर लगाकर बंद कर दिया गया है, जिसके कारण फेस 2 के लोगो को बेसमेंट की पार्किंग की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बिल्डर द्वारा फ्लैट बुक कराते समय हर फ्लैट वालों से पार्किंग के नाम पर तीन लाख अलग से लिए गए। उसके बावजूद पार्किंग नहीं दी गई, जिसको लेकर रविवार को फेस 2 में रहने वाले लोगों ने पहले अपार्टमेंट के गेट पर प्रदर्शन किया। जिस दौरान बिल्डर ने प्रदर्शन रोकने के लिए पुलिस बुला ली जिससे गुस्साए लोगों ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने पहुंचकर बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय को प्रार्थना पत्र सौंपा। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी ने बताया कि लोगों को समझा-बुझकर शांत कराया गया है। बिल्डर से बात कर लोगों की पार्किंग का रास्ता खुलवाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मुकेश कुमार, अपर्णा सिंह, सत्यम तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सूत्र बताते हैं कि दोनों बिल्डरों ने विवाद में एक दूसरे के ऊपर डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज करवा चुके हैं।

# गमलों की दुकान में लगी आग

**लखनऊ।** हजरतगंज थाना क्षेत्र स्थित मोती महल लॉन के पास शादी समारोह के दौरान छोड़े गए पटाखों से निकली चिंगारी से पास में स्थित गमलों की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और जलने लगी। चंद मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और हजरतगंज फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान मालिक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इस घटना से कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पटाखों के इस्तेमाल पर निगरानी क्यों नहीं की जा रही। क्या आयोजकों ने स्थानीय प्रशासन से अनुमति ली थी।

**क्या फायर सेफ्टी के मानकों का पालन किया गया था** : विशेषज्ञों के अनुसार शादी समारोहों में खुले में पटाखे छोड़ना बेहद जोखिम भरा होता है। खासकर जब आसपास ज्वलनशील सामान मौजूद हो। प्रशासन को चाहिए कि भीड़- भाड़ वाले क्षेत्रों में पटाखों पर सख्त नियंत्रण लागू करे। शादी व सार्वजनिक आयोजनों के लिए अनिवार्य फायर सेफ्टी गाइडलाइन लागू करे। आयोजकों के खिलाफ नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। लोगों में जागरूकता अभियान चलाए। ऐसे में सख्ती और जागरूकता दोनों ही जरूत है, ताकि खुशियों का माहौल किसी के लिए तबाही में न बदल जाए।

# 2030 तक 8500 मेगावाट सौर ऊर्जा लगाने का लक्ष्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत के तहत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में उभरता हुआ राज्य बन रहा है। 2022 तक सोलर एनर्जी से 10,700 मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था। इसमें 6,400 मेगावाट का उत्पादन बड़ी परियोजनाओं से और 4,300 मेगावाट का उत्पादन ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप की मदद से किया जाएगा। 2030 तक इसे बढ़ाकर क्रमशः 15,000 मेगावाट व 8,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

किसानों को आत्म निर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने 3 साल में 18,823 किसानों को सोलर पंप दिए हैं। सरकार किसानों के डीजल पम्पसेट्स को सोलर पम्पसेट्स में बदलने का अभियान भी शुरू करने जा रही है। इसके तहत 2030 तक 1 लाख डीजल पम्पसेट्स को सोलर पम्पसेट्स से बदलने का भी लक्ष्य रखा गया है। वहीं 1 लाख किसानों के यहां ग्रिड कनेक्टेड सोलर पंप स्थापित किये जायेंगे। अभी 3 हॉस पावर तक के सोलर पंप कनेक्शन पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रमशः 45 व 30 फीसदी, 5 हॉस पावर के कनेक्शन 30-30 फीसदी का अनुदान भी दिया जा रहा है। शेष 40 फीसदी राशि के लिए नाबार्ड व अन्य संस्थाओं की भी मदद ली जा रही है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 16 हजार सोलर पम्प स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री कुसुम ए योजना के तहत वह अपनी भूमि पर 500 किलोवाट से लेकर 2 मेगावाट क्षमता तक के सोलर पावर प्लांट लगवा सकते हैं। इससे उत्पादित बिजली सरकार 3.10 रुपए-यूनिट की दर से खरीदेगी। जल्द ही सरकार इसके लिए केन्द्र सरकार से प्रस्ताव मागेंगी। 2030 तक 1000 मेगावाट की क्षमता प्लांट विभिन्न जिलो में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को भी सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना पर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। अब तक 187.16 मेगावाट क्षमता के सोलर रूफ टॉप प्लांट लगवाए जा चुके हैं। 3 किलोवॉट तक के प्लांट पर केंद्र सरकार द्वारा 40 प्रतिशत, इससे ऊपर की क्षमता के प्लांट पर 20 प्रतिशत तथा राजीव सरकार द्वारा प्रति किलोवॉट 15 हजार व अधिकतम 30 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है।

नेडा द्वारा विभिन्न योजनाओं में अब तक 66,358 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जा चुकी हैं। प्रोजेक्ट मोड जिला योजना के तहत जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्रति लाइट 7,100 रुपए अनुदान भी दिया जाता है। मौजूदा समय में सरकार ने 5500 करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं में अब तक 1657 मेगावाट की परियोजनाओं की स्वीकृति दी है इसमें 946 मेगावाट की परियोजनाए स्थापित की जा चुकी है। इसमें सोनभद्र की रिहंद जल विद्युत परियोजना में 750 करोड़ की लागत से 150 टह क्षमता के देश के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट भी शामिल है। जिससे मार्च 2021 से विद्युत उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।

## टीम इंडिया की जीत के लिए गोमती तट पर हवन

**लखनऊ।** टी-20 विश्वकप में भारत की विजय की कामना के साथ रविवार को गोमती नगर विस्तार स्थित वैदेही घाट, गोमती तट पर हवन - पूजन किया गया। इसके साथ ही शाम को गोमती में दीपदान किया गया। ऐतिहासिक विजय के विश्वास के साथ सुबह विश्व हिंदू रक्षा परिषद (वीएचआरपी) के कार्यकर्ता तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर गोमती तट पर एकत्र हुए। परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में लोगों ने भारत की पाकिस्तान पर जीत के लिए विधि विधान से हवन किया। इसके बाद आरती की गई।

## सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कल से दो दिन लखनऊ में

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 17 व 18 फरवरी को लखनऊ में रहेंगे। वह आरएसएस के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के प्रवास के क्रम में राजधानी पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह कुटुंब मिलन, सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के साथ संवाद और प्रमुख जन गोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

## स्टाफ हाइडिल कॉलोनी में बढ़ती चोरियों से दहशत, पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** स्टाफ हाइडिल कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कॉलोनीवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। इस संबंध में निवासियों ने सुल्तानगंज पुलिस चौकी के प्रभारी को पत्र भेजकर प्रभावी कानूनी कार्रवाई और क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। निवासियों के अनुसार 13 फरवरी 2026 को आवास संख्या 2/52 में दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। इसके बाद 14/15 फरवरी की रात कुछ संदिग्ध व्यक्ति आवास संख्या 2/31 और 2/32 में चोरी की नीयत से घुसने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मौके पर पकड़ लिया। लगातार हो रही घटनाओं ने कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस गश्त न होने से असामाजिक तत्व सक्रिय हो गए हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कॉलोनीवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पकड़े गए संदिग्धों से गहन पूछताछ कर पूरे मामले का खुलासा किया जाए, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## चारबाग क्षेत्र में पुलिस ने की पैदल गश्त



**लखनऊ।** नाका पुलिस ने महाशिवरात्रि पर चारबाग क्षेत्र में पैदल मार्च किया। पावन पर्व महाशिवरात्रि के मद्देनजर नाका थाना के अंतर्गत आने वाली चारबाग चौकी पर तैनात मनोज मौर्या और कांस्टेबल सुधीर यादव ने पुलिस टीम व पीएसी जवानों के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान बाजारों, मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर विशेष सतर्कता बरती गई। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। साथ ही अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गई कि तत्काल अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही पुलिस ने अपील की श्रद्धालु शांति बनाए रखें, अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## पौराणिक मन्दिर पर मेले का आयोजन

**लखनऊ-माल।** विकास खंड की नारायनपुर पंचायत के जनकापुर गांव स्थित पौराणिक शिवलिंग पर प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि को मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया जाता है। बताया जाता है कि यह पौराणिक शिव लिंग कौरव पांडवों के महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद जब पांडवों ने हस्तिनापुर में सिंहासन सम्हालने के बाद अश्वमेघ यज्ञ कर विश्व विजय के लिए घोड़ा छोड़ा था, जिसे तत्कालीन कटक राज्य वर्तमान में कठवारा के राजा सुधनवा के सैनिकों ने अपनी सीमा में रोक लिया, जहां सुधनवा और अर्जुन भीम नकुल आदि के बीच में युद्ध हुआ। उसमें पांडव सेना को पराजित होना पड़ा और अर्जुन अचेत हो गये थे। तब भीम सूचना लेकर हस्तिनापुर पहुंचे।

सारा वृतांत युधिष्ठिर को बताया, जहां कृष्णजी ने अपने गुरु संदीपनी के पास उपाय जानने के लिए भेजा। तो उन्होंने अर्जुन की मूर्छा के लिए कैलाश पर्वत से शिवलिंग लाकर स्थापना कर पूजा अर्चना करने की सलाह दी, जहां से शिवलिंग लाया गया और तीन दिन तक पूजा अर्चना के बाद अर्जुन की मूर्छा जागी। इसका उल्लेख महाभारत के विजय पर्व और एक अन्य ग्रंथ में पाया जाता है।

# भारत ने पाकिस्तान को हराया हजरतगंज चौराहे पर मना जश्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टी20 विश्व कप 2026 में भारत की पाकिस्तान पर 61 रन की शानदार जीत के बाद राजधानी लखनऊ में जश्न का माहौल देखने को मिला। जैसे ही मैच खत्म हुआ, शहर की सड़कों, चौराहों और बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

हाथों में तिरंगा लिए युवा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते नजर आए। कई जगहों पर ढोल-नगाड़ों के साथ लोग नाचते-गाते दिखे। रात होते-होते आसमान आतिशबाजी की रोशनी से जगमगा उठा। हजरतगंज, अलीगंज, गोमतीनगर और चारबाग जैसे इलाकों में सबसे ज्यादा रौनक देखने को मिली। दुकानदारों ने भी ग्राहकों के साथ जीत का जश्न मनाया। कई युवाओं ने कार और बाइक रैली निकालकर खुशी जाहिर की। परिवारों के साथ बच्चे भी सड़कों पर उतर आए और तिरंगा लहराते हुए टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया। भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर टी20 विश्व कप में अपना दबदबा कायम रखा। इस जीत ने सिर्फ मैदान में ही नहीं, बल्कि देशभर के शहरों में भी उत्साह की लहर दौड़ा दी। लखनऊ में देर रात तक जश्न का सिलसिला चलता रहा। पुलिस और प्रशासन भी जगह-जगह मुस्तैद नजर आया ताकि खुशी का माहौल सुरक्षित बना रहे। भारत की इस यादगार जीत ने नवाबी शहर को भी जश्न के रंग में रंग दिया।

# विद्युत विकास कार्यों की थर्ड पार्टी जांच हो गयी हवा हवाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि विद्युत संबंधी ढांचागत विकास के लिये किये जाने वाले सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये थर्ड पार्टी निरीक्षण कराया जाएगा। इसमें प्रतिष्ठित संस्थायें लगायी गयी हैं। कार्यों की गुणवत्ता में जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। जो नियमानुसार अनुमन्य है वो कार्य उसी के अनुरूप होना चाहिए। जहां कहीं कमियां पाई जाएंगी वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। वे बुधवार को विद्युत कार्यों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में लगाई गई एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ शक्ति भवन में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्य की विधिवत जांच कर ली जाए। कार्य के उपरांत प्राप्त पुरानी सामग्री की वापसी संबंधित भंडार केन्द्र को किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस सामग्री को भंडार केन्द्रों पर अलग चिन्हित स्थान पर रखने की व्यवस्था की जाये।

थर्ड पार्टी द्वारा पाई गयी कमियों का प्रस्तुतीकरण (फोटोग्राफ सहित) डिस्कॉम मुख्यालय पर कराया जाए। थर्ड पार्टी द्वारा दी गयी न्यूनतम 100 रिपोर्टों का अध्ययन प्रबंध निदेशक (डिस्कॉम) द्वारा डिस्कॉम मुख्यालय के संबंधित अधिकारियों एवं निदेशक (तकनीकी) के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जिनमें गुणवत्ता में कमी पाई जाए उन क्षेत्र के अधिकारियों यथा मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। मुख्य अभियंता आगे अन्य अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**थर्ड पार्टी जांच को अधिकारियों ने रोका :** लाखो रुपये खर्चकर बिजली विभाग में किये गये टेंडर और कार्य में गुणवत्ता की जांच के लिए थर्ड पार्टी जांच का निर्देश चेयरमैन ने दिया था जिसकी रिपोर्ट एक माह के अन्दर देना था लेकिन कुछ अधिकारियों ने इसको कागजों पर कराकर मामले को दबा दिया। अब ऐसे में कई जगह के कार्यो में किये गये हेराफेरी के मामले को भी दबा दिया गया है। अब देखना होगा कि क्या इस मामले में चेयरमैन फिर संज्ञान लेकर कोई कार्रवाई करेगें या नही।

## विकास नगर पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बाइक चोर

**लखनऊ।** विकासनगर पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की दो बाइक बरामद की है। पुलिस का कहना है कि उसने पहचान छिपाने के लिए फर्जी नम्बर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस का कहना है कि क्षेत्रीय सब्जी मंडी में पुलिस गश्त कर रही थी, इस बीच वाहनों की चेकिंग भी जा रही थी। एक युवक संदिग्ध हालात में आता दिखायी दिया, जिसे रोक कर पुलिस ने कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो बताया कि चोरी की बाइक है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक और बाइक बरामद की। पकड़े गए युवक ने अपना नाम उत्कर्ष प्रताप सिंह उर्फ समर ठाकुर (21)बताया। वह मूलरूप से 140 सेक्टर-सी, जानकीपुरम निकट दिव्यांश गेस्ट हाउस विकासनगर बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# खराब पड़े नलकूप, किसानों को समय पर नहीं मिलता पानी

- बीते दो वर्ष से ट्यूबवेल खराब पड़ा है इससे सैकड़ों बीघा किसानों की फसल व बागवानों की बागों पर पड़ता है बुरा असर

रामकिशोर रावत

**लखनऊ-माल।** माल क्षेत्र के दहियाताली स्थित 85 एमजी ट्यूबवेल वर्षों से खराब पड़ा है। कई बार की गई शिकायत के बाद भी समस्या दूर नहीं की गई। इससे किसानों/बागवानों को सिंचाई के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जिससे किसानों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। किसानों के लिए लगाए गए राजकीय नलकूप देखरेख के अभाव में खराब पड़े हैं।

माल विकास खंड की ग्राम पंचायत बीरपुर के मजरा दहियाताली गांव में लगे सरकारी नलकूप का है। गांव में वर्षों पूर्व किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नलकूप स्थापित कराया था। इस गांव के बहुत से किसान सब्जी, गेहूं, धान की खेती करने के साथ-साथ क्षेत्र फलपट्टी भी घोषित है। बागवानी का समय चल रहा बागवान बागों में पानी लगाने के लिए भी चिंतित हैं। बीते दो वर्ष से ट्यूबवेल खराब पड़ा हुआ है। इससे आस पास के सैकड़ों बीघा किसानों की फसल व बागवानों की बागों पर बुरा असर पड़ता है।

किसान मोहम्मद इरफान ने बताया कि, सरकार के द्वारा ग्यारह फरवरी को नए राजकीय नलकूपों के लिए करोड़ों का बजट पास किया गया है। परंतु पुराने नलकूप अपनी बदहाली पर रो रहे हैं। वहीं, किसान दिनेश कुमार व छेदा ने बताया कि लगभग दो साल से खराब पड़ा है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। फिर रामस्वरूप, जयशंकर दीक्षित व राजपाल ने कहा कि बीते कई साल से ट्यूबवेल खराब पड़ा है। इसे ठीक कराने के लिए जिम्मेदारों से कई बार गुहार लगाई लेकिन किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। समस्या जस की तस बनी हुई है। विभाग अपने सरकारी अभिलेखों में सब कुछ ठीक ठाक होने का दावा कर रहा है, लेकिन क्षेत्र के अधिकांश ट्यूबवेल खराब पड़े हैं।

इस संबंध में अभिशाषी अभियंता नलकूप खंड लखनऊ अजय कुमार ने बताया कि, आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है। जांच करवाता हूं, हो सकता हो फेल हो गया हो।

**Notice**

Declare that name of mine has been wrongly written as RAJVEER SINGH SINGHEL in my 10th and 12th class educational document. The actual name of mine is RAJVEER SINGH respectively which may be amended accordingly. **Rajveer Singh S/o Arun Kumar Singh R/o- 95, Mukeriganj, Sadar Kotwali Azamgarh Uttar**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नाजिर हुसैन द्वारा संस्था अन्सारी कब्रिस्तान नूरानी मस्जिद समिति, ग्राम चन्चलपुर दातानगर पो. स्योहारा तह. धामपुर, जिला बिजनौर का मोहतमिम दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. हनीफ– सदर, 2. नाजिर हुसैन - मोहतमिम, 3. शाकिर - खजान्ची, 4. खर्शीद अहमद - सेक्रेट्री 5. मो. इशाक 6. इमामुद्दीन, 7. मो0 रफी, 8. फकरुद्दीन, 9. असगर - सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

# शोएब के हत्यारों को करीबी दे रहा था हर मूवमेंट की जानकारी

- हर जुमे की नमाज शोएब बाराबंकी स्थित मस्जिद में ही पढ़ता था, हत्यारों को थी जानकारी
- स्कार्पियों का खराब होना, चालक का छुट्टी पर जाना, ये ऐसे ही नहीं हुआ, मामला जांच के दायरे में

जय सन्देश तिलक




**लखनऊ।** माफिया मुख्तार अन्सारी का शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी हर जुमे की नमाज बाराबंकी स्थित मस्जिद में ही पढ़ता था। इस बात की जानकारी हत्यारों को थी। इसी लिए उन्होंने हत्या का दिन शुक्रवार (जुमा) ही चुना। हत्या में किसी करीबी के मुखबिर होने की जानकारी सामने आ रही है। वह किस रास्ते से आता-जाता है। इस बीच की हत्यारों को पूरी जानकारी थी। हत्यारों ने अयोध्या मार्ग का वो मार्ग (सर्विस लाइन) ही हत्या के लिए चुना, जहां अधिकांश वाहन कम रफ्तार में गुजरते हैं और पुल की साइड में हमले के वक्त भागने का रास्ता भी एक ही था, जहां से अगर शोएब भागता तो भी नहीं सफल होता। वैसे तो वह कार में ही स्टेयरिंग पर गिर गया।

सूत्रों का कहना है कि हमले के वक्त कार में कोई और भी था, जिसने उसे सटा के गोली मारी थी, लेकिन अभी तक पुलिस इस मामले में खामोशी अख्तियार किए है। करीबी के मुखबिर होने के कई और कारण सामने आ रहे हैं। बताते हैं कि शोएब हमेशा स्कार्पियो से लखनऊ आता-जाता था। गाड़ी उसका एक चालक चलाता था। उसी दिन अचानक से स्कार्पियो का खराब होना और गैराज जाना। फिर चालक का छुट्टी पर जाना। ऐसे में शोएब दूसरी कार से खुद ही कार चलाकर शोएब का बाराबंकी जाना। इस सब बातों की जानकारी हमलावरों को थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि ऐसे में संभावना इस बात की है कि हमलावर करीबी थे और उनको शोएब की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी।

सूत्रों का कहना है कि मुख्तार अन्सारी के निधन के बाद गिरोह में मुखिया बनने की चाहत लिए कई लोग सक्रिय हैं। सभी की निगाह उन सम्पत्तियों पर है जो मुख्तार के समय से उनके कब्जे में थीं और अब उन सम्पत्तियों पर अपना अधिकार रखना चाहते हैं। इसमें कई सम्पत्तियां विवादित हैं, जो गैंग के सदस्यों के बीच विवाद का कारण बनी हैं। ऐसी कई सम्पत्तियां लखनऊ व बाराबंकी में हैं। मुख्तार अन्सारी के लिए काम करने के कारण शोएब का पहली बार नाम 04 फरवरी 1999 में जेलर आरके तिवारी हत्याकाण्ड के बाद चर्चा में आया था। जेलर तत्कालीन लखनऊ डीएम सदाकान्त के साथ राजभवन से बैठक कर शाम करीब 7 बजे वापस लौट रहे थे, तभी हजरतगंज में जीपीओ के नजदीक उन पर घेरकर फायरिंग की गयी थी और मौत के घाट उतार दिया था।

इस मामले में माफिया मुख्तार अंसारी, अभय सिंह, चन्दन नेगी, बउवा तिवारी, समेत दर्जनभर से अधिक लोग नामजद हुए थे। हत्यारोपित चन्दन नेगी की 16 फरवरी 2002 को हत्या कर दी गयी थी। बउवा तिवारी 13 मार्च 2002 को पुलिस एनकाउंटर में कुकरैल के पास मारा गया था। बाकी आरोपित बाद में कोर्ट से बरी हो गए थे। बाराबंकी का हिस्टीशीटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी के खिलाफ जनपद बाराबंकी में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह बाराबंकी का हिस्टीशीटर था। शोएब बॉबी मुख्तार गैंग आईएस 191 का सदस्य था। मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को बांदा जेल में हार्ट अटैक से मौत हो गयी थी।



महाशिवरात्रि पर मनकामेश्वर मंदिर के बाहर लगी भक्तों की लंबी कतार



ठाकुरगंज में भगवान भोले की बारात निकालते श्रद्धालु



मनकामेश्वर मंदिर के बाहर दर्शन के लिए लगी युवाओं की लंबी कतार

फोटो- अमित वर्मा

# बम-बम भोले के उद्घोष से गूंजा शहर, शिवालयों में रही भक्तों की भीड़

## महाशिवरात्रि पर शहर में जगह-जगह निकली शिवजी की बारात, भंडारे में बंटा भोले बाबा का प्रसाद, खूब लगे जयकारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोर होते ही महाशिवरात्रि पर राजधानी के शिवालयों के बाहर शिवभक्तों की लंबी लाइन लग चुकी थी। मनकामेश्वर मंदिर हो या फिर बुद्धेश्वर, सभी जगह भक्त मंदिर के कपाट खुलने की बेसब्री से प्रतीक्षा करते दिखाई पड़े। जैसे ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले गए, बम भोले, हर-हर महादेव के उदघोषों से राजधानी गूंज उठी। हर-हर महादेव और भोले नाथ के जयकारों से हर तरफ भक्ति की सरस गंगा प्रवाहित हो रही थी। महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी के मंदिरों में आस्था का सैलाब देखने को मिला। कहीं रुद्राभिषेक हुआ तो कहीं जीवित सांपं शिवलिंग की शोभा बढ़ा रहे थे। महाशिवरात्रि फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। राजधानी लखनऊ प्रदेश भर शिवरात्रि का पर्व धूम धाम से मनाया जा राह है। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करने मंदिरों में उमड़ रहे हैं। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही है।

**भस्म आरती बनी आकर्षण का केन्द्र:** राजेन्द्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में भस्म आरती की झलक पाने के लिए श्रद्धालु बेकरार हो गए। महाशिवरात्रि पर उज्जैन के कुंड से लाकर जलाभिषेक किया गया। शाम को भोलेनाथ का पंचामृत दुग्धाभिषेक भी किया गया। इसके बाद एक हजार दीपों से महाआरती हुई।

**भक्तों को ठंडाई और प्रसाद:** महाशिव रात्रि के मौके पर राजधानी में कई जगह ठंडाई और प्रसाद का वितरण किया गया है। कोनेश्वर मंदिर के पास भक्तों ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई की व्यवस्था की। इसके अलावा ठाकुरगंज और चौक चौराहे पर भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया गया। कई जगह पूडी सब्जी और कई जगह छोले चावल भी वितरित किया गया।

**बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में गूंजे बम भोले के जयकारे:** बुद्धेश्वर महादेव मन्दिर में तड़के रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। भक्तों ने रविवार भोर से ही दर्शनार्थियों की लम्बी लम्बी लाइनों महिलाएं पुरुषों की क्रम सा लगी रहीं। जो कि देर दिनभर चलती रहीं। मंदिर से लेकर भपटामऊ व बुद्धेश्वर चौराहे तक महिलाओं व पुरुषों की लंबी.लम्बी कतारें लगीं रहीं। शाम छह बजे की मुख्य आरती के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

## मनकामेश्वर मंदिर में चला अटूट दर्शनों का क्रम

**लखनऊ।** महादेव और गौरा के विवाह अनुष्ठान के पावन दिवस महाशिवरात्रि पर भक्तों का जन सैलाब ही उमड़ पड़ा। जो क्रम रात तीन बजे के लगभग शुरू हुआ वह रविवार की रात तक अनवरत जारी रहा। मुस्तैद पुलिस कर्मियों और स्वंय सेवकों की मदद से हर भक्त ने कतारबद्ध होकर दर्शन कर बाब मनकामेश्वर का जल और दूध से अभिषेक कर धतूरा, बेलपत्र, पुष्प आदि अर्पित किये।

रात को आदिगंगा मां गोमती के पावन जल से भरे 21 मंगल कलशों से मनकामेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया। 151 लीटर गाय के दूध से रुद्राभिषेक के बाद सुबह चार बजे से मंदिर के पट भक्तों के लिए खोल दिये गए थे। चढ़ावे के दूध से साबूदाने की खीर तैयार कर भक्तों में वितरित की गई।





सुरक्षा के लिए पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरे मुस्तैद रहे। इसके साथ ही मंदिर प्रशासन की ओर से जगदीश गुप्ता अग्रहरि, उपमा पाण्डेय की देख रेख में 25 से अधिक सेवादार भी सेवा में तत्पर रहे। मनकामेश्वर मठ मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरि ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह महादेव को ही नहीं, महादेव की भी माने।



**सदर में धूमधाम से हुआ भोलेनाथ का विवाह:** सदर बाजार स्थित द्वादश ज्योर्तिलिंग धाम में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाई गई। मन्दिर को फूलों से सजाया गया। भोलेनाथ का माता पार्वती से विवाह का कार्यक्रम भी धूमधाम से मनाया गया। विवाह के शुभ मौके पर भोलेनाथ को दूल्हे के रुप में श्रृंगार किया गया। भोलेनाथ को पगड़ी पहनाई गई। महिलाओं ने शिव विवाह के गीत सुनाए। इससे पहले अंकूर अग्रवाल, आलोक सिंघल की अगुआई में 12 द्वादश ज्योर्तिंगि पर महारुद्राभिषेक हुआ।

**महादेव ने पहनी पगड़ी:** सदर बाजार स्थित द्वादश च्योर्तिलिंग धाम में भोलेनाथ दूल्हा बने और भक्तों ने उनके विवाह की रस्म अदा की। महादेव का पगड़ी, सेहरा पहनाकर श्रृंगार किया गया। महिलाओं द्वारा विवाह गीत भी गाए गए।

**गाजे-बाजे के साथ नर्मदेश्वर का श्रृंगार:** शिवरात्रि के महापर्व पर निराला नगर में चार पीढ़ियों से प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रमुख, अभिषेक अग्रवाल की ओर से महा शिवरात्रि का अनुष्ठान पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सूर्य देव का श्रंगार किया गया। अंकशास्त्र के अनुसार वर्ष 2026 'सूर्य' का वर्ष है। जब हम 2026 के अंकों को आपस में जोड़ते हैं तो उसका मूलांक एक आता है जो कि सूर्य का अंक है। नक्षत्रों का राजा सूर्य आत्मा, पिता, मान-सम्मान, ऊर्जा और स्वास्थ्य के कारक हैं। इसलिए सूर्य श्रंगार कर विश्व शान्ति और भारत की उन्नति की कामना की गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार 15 फरवरी को फूलों से सजे मंडप में नर्मदेश्वर महादेव का विभिन्न मौसमी फलों से किये गए सूर्य श्रंगार के दर्शन करने, बड़ी संख्या में भक्तगण उमड़े। शाम से बाबा के भक्तों का जो रेला शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा। यह अद्धुत श्रंगार बाबा के भक्त पवन द्वारा किया गया था जो अपनी तरह का अकेला श्रंगार रहा। एक ओर नर्मदेश्वर मंदिर परिसर शंखनाद, घंटे घड़ियाल और बम बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा वहीं दूसरी ओर डेढ़ हजार से अधिक भक्तों में चढ़ावे की ठंडाई का वितरण, प्रसाद के रूप में किया गया। इसके साथ ही फल और मिष्ठान में पेड़े भी बांटे गए। शिवरात्रि के पावन अवसर पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की महिला मंडली दवारा एक से बढ़कर एक, सरस भजन भी गाए गए। मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी और सांसों की माला पे सिमरु मैं शिव का नाम जैसे भजनों पर सभी ने झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया। पंडित आकाश की अगुआई में पूजन अनुष्ठान सम्पन्न हुए। मंदिर परिसर की व्यवस्थाएं आकाश जायसवाल ने संभाली।

**महाशिवरात्रि की सजी झांकी:** मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार से चौराहे तक भक्तों की भीड़ बाबा के दर्शन को कतारबद्ध थी। लाउडस्पीकर पर बजते गानों पर भोले भक्त थिरक रहे थे। मंदिर में महाशिवरात्रि की झांकी भी सजाई गई। भंडारा भी लगा।

**सड़कों पर बाबा के बराती :** ठाकुरगंज स्थित प्राचीन कल्याण गिरी मंदिर से शिव बरात निकली। नरही से भी शिव बरात निकाली गई। मुरलीनगर-हुसैनगंज शिव बरात समिति की ओर से शिव बरात निकाली गई। बरात थाना-हुसैनगंज स्थित शिवालय से शुरू होकर शिवाजी मार्ग, लाटूश रोड, कैसरबाग, मुरली नगर होते हुए उदयगंज स्थित शिवालय पहुंची। यहां शकर-पार्वती का विवाह विधि-विधान से संपन्न हुआ। वहीं राजाजीपुरम पालतिराहे से बुद्धेश्वर महादेव मंदिर तक गाजे बाजे के साथ शिव बरात निकाली गई।

**यहां भी उमड़े भक्त:** चौक के कोनेश्वर महादेव मंदिर, चौपटिया स्थित छोटा और बड़ा शिवाला में भी शिव भक्तों की कतार लगी रही। एलडीए कॉलोनी स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर में पंडित देवी प्रसाद तिवारी के सानिध्य में भक्तों ने पूजन किया। रामचरित मानस का पाठ भी हुआ। कृष्णा नगर स्थित इंद्रेश्वर और सहसैवीर मंदिर में भी हवन पूजन चलता रहा। आलमबाग के मौनी बाबा मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। कानपुर रोड स्थित श्री रेतेश्वर महादेव मंदिर में शिव जागरण एवं भंडारा आयोजित हुआ। आलमबाग स्थित अमरेश्वर महादेव मंदिर में 101 लीटर दूध से बाबा का अभिषेक किया गया। सआदतगंज लकडमंडी के पर्वतनाथ शिव मंदिर, राजाजीपुरम ओमकारेश्वर महादेव मंदिर, हसनगंज बावली स्थित टीन वाला शिवाला मंदिर, आलमनगर स्थित आनन्देश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पुष्पों से भव्य श्रृंगार व भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं राजाजीपुरम सेक्टर 13 के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में ठंडाई बांटी गई।

**भोलेनाथ बने दूल्हा, पूरा शहर बना बाराती:** कुएंश्वर बाबा मन्दिर-फतेहगंज गल्ला मंडी एवंम मुरली नगर उदयगंज से निकालने वाली दोनो शिव बारातो का साहू वैश्य महासभा के प्रान्तीय महामेली महेश प्रसाद साइ उर्फ दद्दू भव्य आरती उतारी गई तथा शिवजी के बरातियों का भव्य स्वागत व जलपान भराया गया। बारात फतेहगंज गल्ला मंडी से प्राराम्भहोकार गनेशगंज, नाका हिन्डोला, गुरुद्वारा रोड गौतम बुद्ध मार्ग कैसरबाग, नजरोवाद अमीनाबाद रोड होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचो, जहाँ शिव भक्तों ने भंडारे का आनंद उठाया। इस अवसर पर वैश्य समाज के सुशील गुप्ता, मनीष साहू महेश प्रसाद साहू, मीना साहू समेत तमाम श्रद्धालू उपस्थित रहे।

**श्री कल्याण गिरी मंदिर :** आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ठाकुरगंज स्थित श्री कल्याण गिरी मंदिर से भगवान आशुतोष शंकर की शिव बारात निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए बारात का स्वागत चौक चौराहे पर चौक के समस्त व्यापारियों द्वारा चौक के पार्षद एवं अनेक व्यापारियों ने भगवान भोलेनाथ की आरती उतार कर 251 किलो फलों का वितरण किया। वहीं भवानी यूथ ब्रिगेड द्वारा गुरुवार को गोसाईंगंज पूर्वांचल एक्सप्रेस के पास से सलौली गांव स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर तक महाकाल शोभायात्रा व शिव बारात निकाली गई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। शिव भक्यो ने अवघड़ो का रूप धारण कर बारात में शामिल हुए। इसके साथ ही मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया।

## महाशिवरात्रि पर आंतरिक शांति व आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रविवार को चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः काल से ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक शुरू हो गया जो दोपहर बाद तक हरि ओम हर जल चढ़ता रहा। मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने बताया कि महाशिवरात्रि पर ध्यान सौ गुना अधिक प्रभावी होता है और महाशिवरात्रि पर आंतरिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। महंत ने बताया कि महाशिवरात्रि का पौराणिक और धार्मिक महत्व है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग के उदय से हुआ था। महाशिवरात्रि के समय हम अपनी चेतना में विश्राम करते हैं। यह समय है अपनी अंतरात्मा और चेतना के साथ उत्सव मानाने का, महाशिवरात्रि के दिन साधना के माध्यम से हम दिव्य चेतना की शरण में चले जाते हैं। महंत विशाल गौढ़ ने बताया कि दिनभर जलाभिषेक के बाद सांय भव्य और दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया एवं रात में शिवमहिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर प्रांगण मे किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आदि लोग मौजूद रहे।





## सपना गोयल ने शिवरात्रि महापर्व पर विश्व शान्ति और राष्ट्र उन्नति के लिए किया पूजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में शिवरात्रि के पावन अवसर पर चिनहट फैजाबाद मार्ग स्थित वीमार्ट के पास 12 से 15 फरवरी तक संचालित कावड़ सेवा का समापन हवन पूजन अनुष्ठान के साथ रविवार 15 फरवरी को हो गया। इस अवसर पर फलाहार जलपान, विश्राम, उपचार, शिव दरबार दर्शन आदि की सेवाएं उपलब्ध करवायी गईं। इसके साथ ही सुंदरकांड एवं स्वदेशी अभियान के प्रति राहगीरों को जागृत किया गया। दूसरी ओर सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने शिवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर विश्व शान्ति और राष्ट्र उन्नति के लिए रविवार 15 फरवरी को चिनहट स्थित श्री परमानंद हरि हर मंदिर परिसर में पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने घोषणा की कि अगले वर्ष से शहर के पांच दूरस्थ स्थल जैसे पीजीआई, विकास नगर,



अयोध्या मार्ग आदि पर कांवड़ सेवा केन्द्र संचालित किये जाएंगे। उन्होंने सनातनियों का आवाहन किया कि बड़ें मंगल की तर्ज पर कावड़ सेवा केन्द्रों का संचालन किया जाना चाहिए क्योंकि इस आध्यात्मिक यात्रा में शहर ही नहीं दूर-दूर से आने वाले भक्तगण शामिल होते हैं। ऐसे में जो कांवड़ियों की कठिन पदयात्रा की सेवा करता है वह भी पुण्य और सौभाग्य का भागीदारी बनता है। उन्होंने संदेश दिया कि जीवन एक आध्यात्मिक यात्रा है और आत्म अध्ययन ही आध्यात्म है। इसलिए शिवरात्रि का महापर्व, अंधकार और अज्ञानता का नाश करके आध्यात्मिक जागृति का पर्व है। शिवरात्रि के पर्व का विशेष महत्व है। इस समय भगवान ने, अपने निराकार रूप से साकार रूप में, प्रवेश किया था। उन्होंने अपना अस्तित्व शिवलिंग के रूप में प्रकट किया था। महा शिवरात्रि पर्व पर शिव और शक्ति के मिलन से ही सृष्टि की रचना हुई थी। इसलिए यह ज्ञान के प्रकाश का पर्व है।। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बताया कि उनका एक ही लक्ष्य है कि संतों और देवों की पावन भूमि भारत, दोबारा विश्व गुरु बने। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही सुंदरकांड महा अभियान का संचालन किया जा रहा है। बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था।

इस क्रम में जिलों से दिलों तक को जोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीर्थाटन का सिलसिला भी शुरू किया गया है। इसके तहत उत्तराखंड कोटद्वार के प्राचीन सिद्धबली मंदिर, नैमिषारण्य तीर्थ, काशी विश्वनाथ मंदिर, हर की पौड़ी हरिद्वार, रुड़की महादेव मंदिर और प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर एवं कानपुर के आनंदेश्वर महादेव मंदिर के गंगा जी घाट परिसर में भी भव्य सुंदरकाण्ड का पाठ सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। इसके साथ ही बीते साल 11 सितम्बर से अयोध्या जी में प्रभु राम जी की जन्मभूमि परिसर में भी, मासिक सुंदरकांड पाठ का सिलसिला शुरू हो गया है। स्वदेशी अभियान का संदेश भी वृहद रूप से संचालित किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. राम मनोहर मिश्र को मिलेगा साहित्य श्री सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. राम मनोहर मिश्र को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित पार्वती मल्ल जनपद देवरिया साहित्य श्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। रविवार को सम्मान की औपचारिक घोषणा करते हुए बी.एम.एन. सेवा संस्थान के कार्यक्रम प्रमुख अमित कुमार ने बताया कि यह सम्मान साहित्य, प्रशासन एवं समाजसेवा, तीनों क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है।

सम्मान समारोह आगामी 22 फरवरी को हिन्दी संस्थान में आयोजित होगा। मूलतः जनपद देवरिया निवासी डॉ. राम मनोहर मिश्र की काव्य कृतियाँ पहचान एवं लाड़ली प्रकाशित हैं। उनकी काव्य कृति पहचान को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा कवयित्री महादेवी वर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के पश्चात प्राचीन भारत में शिल्प और शिल्पी एक सामाजिक-आर्थिक अध्ययन द्वितीय शती ईसा पूर्व से 750 ईस्वी तक विषय पर पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। प्रशासनिक सेवा में रहते हुए उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया तथा जिलाधिकारी अमेठी के पद को भी सुशोभित किया। साहित्य सृजन में भी उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही है। उनकी अनेक लघुकथाएँ एवं कहानियाँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उनकी कविताएँ साझा संकलन काव्यवाटिका के पंचदश पुष्प में भी प्रकाशित हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2005 में विकलांग कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु यूपी के तत्कालीन राज्यपाल टी.बी. राजेश्वर द्वारा उन्हें राज्य स्तरीय सम्मान से भी अलंकृत किया जा चुका है।

संक्षेप

## जिले में चला व्यापक जागरूकता अभियान

ललितपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज- 5.0 अंतर्गत जिले में रविवार को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मसम्मान और विश्वास का वातावरण बनाना रहा। यह कार्यक्रम एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया। इसके तहत जनपद के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों एवं एंटी रोमियो टीमों ने बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों तथा गांव-गांव जाकर महिलाओं और किशोरियों को जागरूक किया। अभियान के दौरान महिलाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़? से बचाव, साइबर अपराधों के नए तरीकों तथा कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने विशेष रूप से यह स्पष्ट किया कि साइबर अपराधी अक्सर डर और लालच का सहारा लेते हैं।

# हर- हर महादेव के जयकारे से गूंजा जनपद



कुशीनगर। देवों के देव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि का महापर्व पूरे जनपद में अद्भुत आस्था, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। आधी रात से ही शिवालयों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। ह्लहर-हर महादेवह्व और ह्लॐ नमः शिवायह्व के गगनभेदी जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा।पडरौना, कसया, हाटा, खड्डा, तमकुहीराज समेत गांव-गांव के शिव मंदिरों में भोर से ही जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों और फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था।भक्ति में रमा जनपद प्रमुख शिवालयों में पूरी रात भजन-कीर्तन और शिव महिमा का गुणगान होता रहा। कई स्थानों पर आकर्षक शिव बारात निकाली गई, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही।हजारों श्रद्धालुओं ने निर्जला व्रत रखकर रात्रि जागरण किया। मान्यता है कि महाशिवरात्रि की रात जागकर सच्चे मन से की गई आराधना से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। देर रात तक मंदिरों में मंत्रोच्चार और शंखध्वनि गूंजती रही।महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के प्रसिद्ध शिवधाम कुबेरस्थान मंदिर और लमूआ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोर की पहली किरण के साथ ही ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष से पूरा इलाका शिवमय हो उठा। दोनों मंदिरों में तड़के चार बजे से ही जलाभिषेक का क्रम शुरू हो गया। दूर-दराज के गांवों और पड़ोसी जिलों से आए शिवभक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ का विधिवत पूजन किया। मंदिर परिसर फूल-मालाओं और आकर्षक रोशनी से सजे रहे, जिससे आस्था का दिव्य वातावरण बन गया।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। मंदिर परिसरों में पुलिस बल तैनात रहा और श्रद्धालुओं को व्यवस्थित दर्शन कराए गए।महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व कुशीनगर में आस्था, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का अनुपम संगम बन गया। शिवभक्ति की इस दिव्य बेला में जनपद का कण-कण ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष से गूंज उठा।

### प्राचीन शिवमन्दिर कुबेरस्थान में उमड़ी भीड़

कुबेरस्थान, कुशीनगर। महाशिवरात्रि पर जिले के प्राचीन शिवमंदिर कुबेरस्थान में रविवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

जहां शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था संभालने स्थानीय पुलिस के अलावा कई अन्य थाने के पुलिसकर्मी तैनात थे। महाशिवरात्रि पर रविवार की प्रातः से ही महिलाएं आशुतोष भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर आने लगीं थीं।

जलाभिषेक के लिए आधी रात के बाद से ही मंदिर के महंत राजकुमार गिरी एवं सहयोगियों द्वारा मंदिर के गर्भगृह का कपाट खोल दिया गया था। जहां शिव भक्तों ने अपने हाथों में धतूर, अक्षत, गुड़, चन्दन,बेर,हल्दी, कुम कुम,मधु, दूध, गंगाजल व पूजन सामग्री चढ़ाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एसओ कुबेरस्थान संदीप कुमार सिंह के अलावा कोतवाली पडरौना, जटहां बाजार, रविंद्रनगर, तुर्कपट्टी, हाटा, नेबुआ नौरंगिया, रामकोला, कप्तानगंज, तमकुहीराज, सेवरही, विशुनपुरा, पटहेरवा, बरवा पट्टी व महिला थाने के

## भक्ति रस में सराबोर हुआ श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ स्थल



भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र के बनकटा शिव में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, मुख्य आयोजक प्रभात कुमार राय प्रबन्धक रामगुलाम राय पीजी कॉलेज, अजीत सिंह, श्याम राय, राजेश राय, गंगा सिंह कुशवाहा, उपेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अनूप राय, अम्बरीष मल्ल, अनिल राय, अजय यादव द्वारा श्रीमद्भागवत पूजन के साथ किया गया। व्यासपीठ पूजन एवं आरती का सौभाग्य जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी मधुसूदनाचार्य (सुल्तानपुर) के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार एवं हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा। मंच संचालन बृजेश मणि त्रिपाठी ने गरिमापूर्ण ढंग से किया। कथा व्यास लक्ष्मी प्रिया (अयोध्या) ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान अपने भक्तों को अपने समान गुणों से विभूषित कर देते हैं। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि ह्लभगवान अपने उत्सव में जिसे बुलाना चाहते हैं, वही व्यक्ति वहां पहुँच पाता है। कथा का उद्देश्य और महत्व बताते हुए कहा कि कथा श्रवण से चित्त निर्मल होता है, भक्ति भाव की वृद्धि होती है। पाप कर्मों का क्षय और ज्ञान, विवेक में वृद्धि होती है। जीवन मे स्वत्य,कर्म, धर्म और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मानव जीवन को सदमार्ग और सत्कर्म की ओर प्रेरित करना है ह्लउन्होंने कहा कि कथा वाचक तो भगवान के प्रतिनिधि हैं, जो ईश्वर द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करते हैं। जिस प्रकार पारस पत्थर के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है, उसी प्रकार श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से मानव जीवन सुख, शांति और सद्गुणों से परिपूर्ण हो जाता है।कथा के दौरान उन्होंने वर्तमान युग की आपाधापी और भौतिकता में उलझे मानव जीवन की अशांति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्ची शांति भौतिक साधनों से नहीं, बल्कि ईश्वर द्वारा स्थापित मूल्यों, परंपराओं और धर्म के अनुसरण से प्राप्त होती है।

कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। समूचा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर दिखाई दिया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते रहे। यज्ञ एवं कथा का यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक जागरण का संदेश दे रहा।

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन सेवा भाव से मनाया




ललितपुर। विश्वकर्मा समाज के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे विश्वकर्मा के जन्मदिन पर महरौनी में सेवा भाव का अनुकरणीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन जिलाध्यक्ष महेंद्र झा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी पहुंचकर मरीजों को फल वितरित कर जन्मदिन मनाया। मुख्य अतिथि झां समाज जिलाध्यक्ष नीलेश झा (सैदपुर) उपस्थित रहे। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉल के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। चिकित्सा अधिकारी एम.पी. सिंह राजपूत सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें लक्ष्मी नारायण ताम्रकार (नगर संरक्षक), भैरोप्रसाद विश्वकर्मा (ब्लॉक संरक्षक), दयाराम विश्वकर्मा (जिला महासचिव), महेश झा (नगर अध्यक्ष), राजेश झा (जिला प्रवक्ता), अवध बिहारी झा (जिला कार्यकारिणी सदस्य), शीतल प्रसाद विश्वकर्मा (ब्लॉक महासचिव), राजाराम झा (नगर उपाध्यक्ष), मनीष विश्वकर्मा (नगर महासचिव), शिवशंकर विश्वकर्मा (भौंडी ब्लॉक प्रभारी), नितिन झा, सौरभ झा (नगर कोषाध्यक्ष), मनीष झा (छायन ब्लॉक सचिव), रामजी झा, राजेश झा (जिला कार्यकारिणी सदस्य), अनिल झा (सैदपुर), उदय कुमार झा, अंशुल झा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। अंत में जिलाध्यक्ष महेंद्र झा एवं नगर अध्यक्ष महेश झा ने आभार जताया।

# महाशिवरात्रि पर निकली भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात, व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत

भटनी (देवरिया)।स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसके स्वागत के लिए पूरे लोग उमड़ पड़े। नगर के मुख्य मार्ग (मेन रोड) पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्थानीय व्यापारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव से शिव बारात का अभिनंदन पुष्पवर्षा कर किया।

जैसे ही भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूपों से सुसज्जित बारात मेन रोड पर पहुंची, समस्त व्यवसायियों ने एकजुट होकर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। भगवान के स्वरूपों का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया तथा माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। जय भोलेनाथ और हर-हर महादेव के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।



बारातियों की सेवा और सत्कार के लिए मुख्य मार्ग पर स्वर्ण शक्ति सोसाइटी सोनार समाज के अध्यक्ष बृजेश वर्मा के नेतृत्व में जगह-जगह स्टाल लगाए गए थे। व्यापारियों द्वारा शीतल मीठा जल, शरबत, फल एवं अन्य जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने सेवा भाव के साथ बारातियों की थकान दूर करने का प्रयास किया।भगवान के स्वरूपों का फूल-मालाओं से भव्य श्रृंगार किया गया और श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए उत्सव को और भी आकर्षक बना दिया।

इसी क्रम में ग्राम साहोपार टोला महदेवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर से महाशिवरात्रि के पर्व पर भोर से ही जलाभिषेक करने के लिए उमडी भीड जो चार बजे तक जलाभिषेक चलता रहा ।मेले मे भारी भीड देखने को मिला। भव्य शिव बारात की भव्य झाँकी यात्रा पेट्रोल पम्प से चलकर रेलवे अण्डरपास से सडक मार्ग से भिसादेई टोला बलुआ टोला होते हुए महदेवा स्थित प्राचीन शिवमन्दिर पर पहुंच पीछे पीछे महिलाएं एवं श्रद्धालुओं की भीड़ चल रही थी ।शिव तांडव बडा ही मनमोहक व आस्था का प्रतीक बना जिससे देखने के लिए भीड काफी बढ गयी ।

जिसमे भारी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालुओं का हुजूम देखने को मिला।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की भव्यता, आपसी प्रेम और सहयोग क्षेत्र की गौरवशाली धार्मिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर निकली शिव बारात ने नगर वासियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के हृदय में विशेष उत्साह और आस्था का संचार किया।

## विकसित भारत के सपनों को पंख देगा केंद्रीय बजट : शलभ मणि त्रिपाठी

देवरिया। देवरिया विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय बजट 2026 पर जिला पंचायत सभागार में चौपाल आयोजित किया गया। चौपाल में मुख्य वक्ता सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है जो विकसित भारत के सपनों को पंख देगा। उन्होंने बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रावधानों का उल्लेख किया। श्री मणि ने कहा कि बजट में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के सार्थक प्रयास भी शामिल हैं जो देश में बेरोजगारी को कम करने में सहायक साबित होंगे। चौपाल की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इस बजट में किसानों की आय दोगुनी करने, कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस अवसर पर कार्यकताओं से अपील की गई कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री प्रमोद शाही रहे । कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, नीरज शाही, व्यापारी नेता हरेंद्र जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, ब्लाक प्रमुख पिंटू गुप्ता, चेयरमैन प्रदीप जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, दीपक वर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पाइप पेयजल परियोजना बालासराय का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। शनिवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बालासरांय पाईप पेयजल योजना, प्राथमिक विद्यालय मेलापुरवा व शुक्लनपुरवा तथा मेलापुरवा में निर्मित आर.आर.सी. सेन्टर का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा ग्रामवासियों से संवाद करते हुए विभिन्न योजनाओं का फीड बैक भी प्राप्त किया। पाईप पेयजल परियोजना के निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. जल निगम सूरज वर्मा ने बताया कि पाइप पेयजल योजना अन्तर्गत 651 परिवार के सापेक्ष 535 हाउस कनेक्शन कराए गए थे। श्री वर्मा ने बताया कि यह योजना वर्ष 2023 से बन्द थी। वर्तमान समय में जिला प्रशासन के निर्देश पर योजना को चालू कराते हुए 250 कलेक्शन में पानी की सप्लाई की जा रही है। श्री वर्मा ने बताया कि शेष कनेक्शन में एम.डी.पी.ई. पाईप कट जाने एवं जी.आई. पाईप की अनुपलब्धता के कारण एंड कैप के द्वारा बन्द करा दिया गया है। उन्होंने डीएम को बताया कि शेष कनेक्शन को भी शीघ्र ही क्रियाशील करा दिया जायेगा।डीएम ने ग्राम का भ्रमण कर कनेक्शनों के माध्यम से जलापूर्ति का सत्यापन करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार पेयजल परियोजना का संचालन करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि परियोजना अन्तर्गत आच्छादित ग्रामवासियों को पाईप लाइन परियोजना के माध्यम से आपूर्ति स्वच्छ पेयजल को खाने-पीने में उपयोग के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों द्वारा मेलापुरवा से खसहा मोहम्मदपुर के बल्दूपुरवा तक सम्पर्क मार्ग बनवाये की मांग पर डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सुरेश प्रसाद गौतम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। डीएम श्री त्रिपाठी ने मेलापुरवा के प्राथमिक विद्यालय व आर.आर.सी. सेन्टर तथा प्राथमिक विद्यालय शुक्लनपुरवा का निरीक्षण किया। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण करने पर केन्द्र को क्रियाशील न पाये जाने पर डीएम ने अप्रसन्नता जताते हुए बीडीओ को तत्काल केन्द्र को क्रियाशील करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि गांव से निकलने वाले कूड़े को यहां पर एकत्र करें। ग्रामवासियों द्वारा बताया कि ग्राम के कुछ हैण्डपम्प क्रियाशील नहीं हैं। इस सम्बन्ध में डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए समस्त खराब हैण्डपम्पों की आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं रिबोर कराकर उन्हें क्रियाशील रखा जाय जिससे ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या न हो। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि मेलापुरवा में मनरेगा योजना के तहत खेल का मैदान विकसित किया जाय तथा प्राथमिक विद्यालय शुक्लनपुरवा के शौचालय को दुरूस्त कराने का भी निर्देश दिया। ग्रामवासियों द्वारा बताया कि मेलापुरवा को लखनऊ-सीतापुर मार्ग से जोड़ने वाले मार्ग की पुलिया के निकट रोड खराब है। इस सम्बन्ध में डीएम ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि मार्ग को दुरूस्त करा दें। इस अवसर पर अवर अभि. जल निगम संदीप जायसवाल, प्रभारी एडीओ पंचायत पाटेश्वर प्रसाद, ग्राम सचिव मनीष अवस्थी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

- आर.आर.सी. सेन्टर एवं विद्यालय भवन का किया अवलोकन
- इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों क्रियाशील कराने के दिये निर्देश
- मनरेगा योजना से खेल मैदान विकसित करने के दिये निर्देश



## श्रीलक्ष्मीनारायण विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



भटनी (देवरिया)।स्थानीय क्षेत्र के बनकटा शिव में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण विग्रह प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के वातावरण में हुआ। मंदिर के निकट स्थित देवरिया घाट से हजारों की संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरकर कलश यात्रा में भाग लिया। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव एवं जय श्रीलक्ष्मीनारायण के जयघोष से गूंज उठा।

कलश यात्रा में दूर-दराज के गांवों से आई महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सिर पर सुसज्जित कलश धारण किए श्रद्धालु भक्तिभाव से भक्ति गीतों एवं मंगल ध्वनियों के साथ निर्धारित मार्ग से होते हुए क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते रहे। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कलश लिए महिलाओं का स्वागत किया, जिससे वातावरण और भी आध्यात्मिक एवं उल्लासपूर्ण बन गया।यात्रा अपने तय रूट का भ्रमण करते हुए पुनः नवनिर्मित श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान विशाल जनसमूह की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक रूप प्रदान किया।

भक्ति संगीत, शंखनाद एवं मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया।इस अवसर पर महायज्ञ के मुख्य आयोजक प्रभात कुमार राय (प्रबंधक, रामगुलाम राय पीजी कॉलेज) एवं सह-आयोजक नीलेश कुमार राय एवं बिद्यायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कलश यात्रा में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की प्रार्थना करते हुए महायज्ञ को सफल बनाने हेतु सभी से सहयोग की अपील की।भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस पावन अनुष्ठान से समूचे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा है।

# पांच घंटे अंधेरे में रहे आधा दर्जन से अधिक गांव

ललितपुर। तालबेहट क्षेत्र में शनिवार रात लाइनमैन से मारपीट की घटना के बाद विद्युत कर्मियों का आक्रोश फूट पड़ा। विरोध में बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई, जिससे तालबेहट कस्बा और आसपास के 15 से अधिक गांव करीब पांच घंटे तक अंधेरे में डूबे रहे। पुलिस कार्रवाई और एक आरोपी को हिरासत में लिए जाने के बाद ही देर रात आपूर्ति बहाल हो सकी। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। ग्राम जखौरा निवासी लाइनमैन शंकर सिंह तिराहे के पास टूटे विद्युत तार को ठीक कर रहे थे। तार जोड? के बाद जब वह पावर हाउस को फोन कर सप्लाई चालू कराने की बात कर रहे थे, तभी तीन युवक तारों के नीचे खड़े मिले। हटने को कहने पर आरोप है कि मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी के खनियाधाना निवासी अभिषेक यादव, तालबेहट के रानीपुरा निवासी अभि यादव और पटारन निवासी विशाल यादव ने गाली-गलौज करते हुए शंकर सिंह के साथ मारपीट की। बचाव में पहुंचे विद्युत कर्मी ब्रजपाल के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। विद्युत कर्मियों का गुस्सा सिर्फ इसी घटना तक सीमित नहीं रहा। इसी दिन दोपहर ग्राम ककड़ारी में बिल वसूली के दौरान अवर अभियंता कृष्ण कुमार शुक्ला के साथ अभद्रता कर उनका लैपटॉप तोड़ दिया गया। वहीं ग्राम बिहारी में भी एक उपभोक्ता द्वारा विद्युत कर्मियों से बदसलूकी की गई। इन तीन घटनाओं से नाराज कर्मचारियों ने बिजली बहाल करने से इनकार कर दिया। परिणामस्वरूप तालबेहट कस्बे के साथ खांदी, बिगारी, कडेसरा, हनौता, झझर, पूराकलां मार्ग सहित 15 से अधिक गांवों में करीब पांच घंटे तक बिजली गुल रही। पुलिस के हस्तक्षेप और एक आरोपी को हिरासत में लेने के बाद रात करीब दो बजे आपूर्ति सुचारू हो सकी।

थाना तालबेहट में लाइनमैन शंकर सिंह की तहरीर पर एफआईआर संख्या 0047/2026 दर्ज की गई है। मामले में बीएनएस की धाराएं 115(2), 351(3) और 352 (मारपीट, आपराधिक बल प्रयोग/धमकी से संबंधित) लगाई गई हैं।

# कप्तान साहब! भरे ट्रक से माल गायब तो नहीं हो गया



कुशीनगर। बीते दिनो जिले के पडरौना कोतवाली पुलिस ने बिहार बॉर्डर स्थित बांसी चौकी के पास एक ट्रक से 360 बोतल पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद कर अंतरराज्यीय तस्करी का खुलासा करने का दावा किया था। लेकिन इस कार्रवाई के बाद यक्ष प्रश्न यह है कि क्या वाकई ट्रक में सिर्फ 360 बोतल थीं, या फिर भरी ट्रक से बाकी माल गायब कर दिया गया? यही वजह है कि बरामदगी की मात्रा और ट्रक के उपयोग के बीच का अंतर पुलिस की कहानी पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है।

- 360 बोतल की बरामदगी पर पुलिस कटघरे में
- हजम नहीं हो रहा है ट्रक मे सिर्फ 360 बोतल की पुलिसिया कहानी

पंजाब से बिहार तक सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करने वाला ट्रक सामान्यतः बड़ी खेप ढोता है।ट्रक का भाड़ा, डीजल, टोल टैक्स, ड्राइवर खर्च सब मिलाकर लाखों का खर्च स्वभाविक है।ऐसे में लगभग दो लाख रुपये कीमत की 360 बोतल शराब लेकर इतना लंबा सफर करना आर्थिक दृष्टि से अव्यावहारिक लगता है। जानकारों ककी माने तो तस्करी का धंधा जोखिम और मुनाफे के संतुलन पर चलता है। ऐसे मे सवाल उठना लाजमी है कि क्या कोई संगठित गिरोह इतनी छोटी खेप के लिए पूरा ट्रक दांव पर लगाएगा?

### पुलिसिया कहानी की क्या है जमीनी हकीकत

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी संगठित गिरोह से जुड़े हैं और पंजाब व चंडीगढ़ से शराब लाकर बिहार में ऊंचे दामो पर बेचते थे। लेकिन गिरोह का सरगना कौन है? इसकी जानकारी पुलिस ने खुलासे मे नही किया।

### सप्लाई चेन में और कौन शामिल है

महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि पुलिस के हत्थे चढे दोनो तस्कर ट्रक मे भरकर ले जा रहे शराब बिहार में किसको देने वाले थे? क्या वह सडक के किनारे ट्रक खडा कर शराब बेचने वाले थे? क्या पहले भी इस रूट से खेप गई है? ऐसे तमाम सवाल है जिसका जबाब पुलिस के पास भी नही है।स्थानीय चर्चा में यह भी सवाल उठ रहा है कि कहीं ट्रक में वास्तविक मात्रा पुलिस द्वारा किये गये खुलासे 360 बोतल से अधिक तो नहीं थी? क्योंकि ट्रक में महज 360 बोतल की पुलिसिया कहानी किसी को हजम नही हो रही है।

क्या जब्ती सूची पूरी है? क्या बरामदगी की वीडियोग्राफी हुई? क्या स्वतंत्र गवाह मौजूद थे? ऐसे तमाम सवाल मुंह बाये खडे है। सबब यह है कि जब ट्रक की क्षमता और बरामदगी की संख्या में इतना बडा अंतर हो, तो संदेह और सवाल उठना स्वाभाविक है।

### जवाबदेही जरूरी

कहना ना होगा कि यह मामला सिर्फ 360 बोतलों का नहीं, बल्कि पुलिसिया कार्रवाई की विश्वसनीयता का है। यदि वास्तव में बड़ी तस्करी पकड़ी गई है तो पूरे नेटवर्क का खुलासा होना चाहिए। और यदि खेप छोटी थी, तो ट्रक के उपयोग का ठोस कारण सामने आना चाहिए।

## 17 को विधानसभा घेराव में शामिल होंगे कांग्रेसी

अयोध्या। मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के अंतर्गत 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश कांग्रेसकमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में लखनऊ विधानसभा का घेराव किया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा मोदी सरकार मनरेगा कानून जिसे कांग्रेस पार्टी गरीबों मजदूरों के रोजगार के लिए बनाया था उसे बदलकर गरीबों के हित पर आघात कर रही है जिसे कांग्रेस कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे उन्होंनेपार्टी के आईसीसी पी सीसीके वर्तमान एवं पूर्व सदस्य गण एवं जिला कांग्रेस कमेटी महानगर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष एवं सम्मानित कांग्रेस जन्से आवाहन किया की ज्यादा से ज्यादा संख्या में लखनऊ पहुंचकर 17 तारीख को विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होकर सरकार को आईना दिखाने का कार्य करें।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओसिया के मजरा ग्राम जखेता निवासी सूघर राजपूत पुत्र माना शनिवार शाम लगभग पांच बजे भाई प्रकाश के घर से मंदिर जाने के लिए निकले थे। देर रात लगभग 12 बजे परिजनों को घर के सामने मार्ग में नेकराम के घर के पास सुघर के बेहोश पड़े की सूचना मिली। जिसे सफीपुर सी एच सी ले गए, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक परिवार सहित पंजाब में रहकर मजदूरी करता था। 12 फरवरी को वह चण्डीगढ़ से अपनी ससुराल वजीरगंज आए थे। जहां से घर आ गए थे। 14 फरवरी शनिवार की शाम वह घर से मंदिर जाने के लिए कहकर निकला था। सूघर की मौत से पत्नी शिवकली, बेटा रंजीत, रोहित व बेटी लक्ष्मी का रो रोकर बुरा हाल हैं।

## किसान की धारदार हथियार से हत्या

अमेठी। जिले के एक गांव में खेत की रखवाली कर रहे एक किसान की कथित तौर पर धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मामला शनिवार रात मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे घिसई गांव का है जहां किसान शिवकुमार (55) नीलगाय और आवारा जानवरों से फसल बचाने के लिए रखवाली कर रहे थे। उसने बताया कि शिवकुमार रात करीब आठ बजे खाना खाने के बाद खेत गए थे। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे गांव के कुछ लोग वहां गए और शिवकुमार को आवाज लगाई, जब कोई जवाब नहीं मिला तो लोग झोपड़ी के अंदर गए तो देखा कि वहां शिवकुमार खून से लथपथ मृत पड़े थे। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शिवकुमार की हत्या सिर पर धारदार हथियार से वार कर की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## हत्या जंगल में फेंका का शव

मुजफ्फरनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलीरा गांव के जंगल से रविवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान संदीप (30) के तौर पर हुई है। पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव को यहां फेंक दिया गया। पुलिस अधीक्षक (शहर) सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शव के सिर पर चोट के निशान हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

## खड़े ट्रक में घुसा लोडर, दो घायल

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे के विरारी गांव ओवरब्रिज के पास दाल से लोड खराब खड़े ट्रक में मौरंग रेत से लोड डंफर घुसने से दो लोग घायल हो गए। हाथरस के सादाबाद गुमानी गढ़ी निवासी मुन्ने खां रविवार सुबह कंटेनर में दाल लोड कर आगरा के तरफ जा रहे थे तभी विरारी ओवरब्रिज के पास पहुचने पर कंटेनर का आगे का पहिया पिंचर हो गया जिसके बाद ड्राइवर ने हाइवे पर ही खड़ा कर पहिया ठीक करने के लिए ट्रक को खड़ा कर लिया। तभी इसी बीच पीछे से आ रहे मौरंग (रेत) से लदे डंपर के चालक ने तेज रफ्तार के कारण नियंत्रण खो दिया और खड़े कंटेनर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वह दूसरी दिशा में जाकर पलट गया। डंपर चालक शशिकांत निवासी ऐलमपुर, सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद और कंटेनर चालक मुन्ने खां आंशिक चोटों के साथ घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि डंपर मौरंग (रेत) से पूरी तरह ओवरलोड था, जिसके कारण चालक उसे नियंत्रित नहीं कर सका। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों अस्पताल भिजवाया और हाईवे के बीचों-बीच पलटे मौरंग रेत लदे डंपर और क्षतिग्रस्त कंटेनर को सड़क से हटवाया। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक बाधित रहे यातायात को कड़ी मशक्कत के बाद सुचारू कराया गया।

# महाशिवरात्रि पर निकली शिव शौर्य यात्रा

### हजारों युवाओं की बाइक रैली से गूंजा शहर



जिला संवाददाता(vol)

- कब्बा खेड़ा से धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शुरू हुई यात्रा, भगवा ध्वज दिखाकर किया रवाना

उन्नाव। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी के संयोजन में पूरे शहर को भगवा ध्वजों से सजाने के बाद युवाओं ने परंपरागत विशाल शिव शौर्य यात्रा एवं बाइक रैली निकाली। हजारों की संख्या में शामिल शिवभक्तों ने ह्लहर-हर महादेवह्व और ह्लबम-बम भोलेह्व के जयकारों से पूरे शहर को शिवमय बना दिया।

यात्रा हिंदू युवा वाहिनी के जिला कार्यालय कब्बा खेड़ा से मंडल प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रारंभ हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता तथा जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने भगवा ध्वज दिखाकर रैली को रवाना किया। युवाओं के उत्साह को देखकर विधायक सहित अन्य अतिथियों ने स्वयं बाइक चलाकर कुछ दूरी तक युवाओं के साथ यात्रा में सहभागिता भी की। हाथों में त्रिशूल, तलवार, गदा और भगवा ध्वज लिए बाइक सवार युवाओं का विशाल काफिला जब शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा तो वातावरण जयकारों से गूंज उठा। कई स्थानों पर लोगों ने छतों से पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी मंडल प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, मनीष तिवारी, सत्येंद्र सिंह, विजय सिंह, जसवंत कुशवाहा, आदित्य भट्ट, रूपेश गुप्ता, शैलेश यादव, आकाश वर्मा, शुभम अवस्थी, जीतू मिश्रा, सौरभ सिंह सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

## सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों ने किए दर्शन-पूजन



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। महा शिवरात्रि पर्व पर रविवार सुबह से मन्दिरों में घंटा घड़ियाल की आवाजों के साथ हर हर महादेव की गूंज उठने लगी। क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों की धुलाई साफ सफाई ओर सजावट का काम सुबह से ही शुरू हो गया।

कस्बा फतेहपुर चौरासी में गौरीशंकर, रामेश्वर, आनंदेश्वर, मंगलेश्वर, बूढ़े बाबा आदि मंदिरों में, ऊगू के नीलकंठेश्वर तकिया के निगोहेश्वर आदि मंदिरों में भक्तों ने भांग धतूरा फूल प्रसाद आदि चढ़ाकर भोलेशंकर का जलाभिषेक किया और मन्नते मांगी। इसके साथ ही मंदिरों में अखण्ड रामायण का पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। क्षेत्र से सैकड़ों लोग गंगा स्नान कर शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर महादेव के दर्शन करने के लिए गए। गंगा कटान स्थल पर वैकल्पिक मार्ग बन जाने से भक्तों की भीड़ वहां बढ़ गई। तकिया निगोही में अरूण पाण्डेय द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

## धार्मिक आस्था के साथ शिवालयों में शिवरात्रि का महापर्व मना



पाटन, उन्नाव। शिव रात्रि का महापर्व पूरे तहसील क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहा। बड़ी संख्या में क्षेत्र के मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के साथ सुगंधित लेप, अक्षत, फूल, फल, जनेऊ, पान, सुपारी, धतूरा, भांग, आदि समर्पित किया तथा माता पार्वती की पूंजा अर्चना की। इस अवसर पर कई स्थानों पर शिव भोले की बारात निकाल मां पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के कस्बा तकिया पाटन स्थित सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर, पनहन के अचलेश्वर महादेव मंदिर, कस्बा बिहार के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, कस्बा भगवंत नगर के गजरेश्वर महादेव मंदिर, खरही रामपुर बजौरा के गौरी शंकर महादेव मंदिरों सहित खेत के अन्य मंदिरों में भोर पहर से ही हर हर महादेव का उद्घोष तथा घंटे की ध्वनि लोगों की आत्मा को आत्मसाद करने के साथ उसे पवित्र कर रही थी। सनातन धर्म का यह अनूठा पावन दृश्य देखते ही बन रहा था। आज के दिन हिंदू धर्म का एक अत्यंत पावन पर्व है जो भगवान शिव की आराधना के लिए समर्पित है तथा इस पावन दिन पर ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था अर्थात शिव और शक्ति का मिलन आज ही के दिन माना जाता है जो अत्यंत आध्यात्मिक है। इस मौके पर समाजसेवी सूरज सिंह अपने श्रद्धालु साथियों के साथ जबसरा के अचलेश्वर महादेव मंदिर बड़ी पनई के भवरेश्वर मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य मंदिरों में पहुंचकर पूंजा अर्चना की और शिव भोले का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया। जगह-जगह पर शिव भक्तों ने समाजसेवी सूरज सिंह व उनके साथियों का माल्यार्पण कर शिव के नाम से अंकित पटुका डालकर सम्मानित किया। इस मौके पर मोनू सिंह बच्चा सिंह, कल्लू प्रमा तराजेंद्र सिंह, तन्नू अवस्थी, शिवम तिवारी, आशू सिंह, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## युवक की हत्या के आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

बलिया। जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक दलित युवक की हत्या के मामले में आरोपी पांच लोगों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दो हत्यारोपी मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, रसड़ा कस्बे के गुरगुजपुर के सत्य प्रकाश राम (30) शनिवार को अपराह्न घर आ रहे थे, तभी शराब के ठेके के पास उसका तीन लोगों से विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान आरोपियों ने चाकू से वार कर सत्य प्रकाश की हत्या कर दी। इस मामले में सत्यप्रकाश के भाई ओम प्रकाश की शिकायत पर सवरा गांव के सुंदरम सिंह, राजा सिंह और उमाकांत पांडेय के विरुद्ध हत्या तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धारा में नामजद मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने रविवार बताया कि एक आरोपी उमाकांत पांडेय को घटना के तत्काल बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने रविवार तड़के लगभग चार बजे नवापुरा-महतवार जाने वाले मार्ग के पास जांच के दौरान मोटरसाइकिल से जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा और उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन मोटरसाइकिल चालक बिना रुके पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे। रसड़ा पुलिस व एसओजी (विशेष अभियान समूह) टीम ने संदिग्धों का पीछा किया। खुद को पुलिस से घिरा देख अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई। इस गोलीबारी में घायल हुए हत्याकांड के दो नामजद आरोपियों सुंदरम सिंह उर्फ सत्या सिंह (21) व राज सिंह उर्फ राजा सिंह (24) को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मऊजिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बडी पकवल के अनुज सिंह (19) व रानीपुर थाना क्षेत्र के चकिया के अजय खरवार (18) को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों घायल अपराधियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अपराधियों के पास से देशी तमंचा, कारतूस, दो मोटरसाइकिल व घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद की है।

## प्रचार की कमी से औपचारिकता में निपटा आरोग्य मेला



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र की सी एच सी और पी एच सी पर रविवार को आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। यद्यपि प्रचार प्रसार की कमी के कारण आरोग्य मेले मात्र औपचारिकता में निपट गया। ऊगू पी एच सी में लगभग कुल छत्तीस मरीज इलाज के लिए आए जिनमें बुखार, और आंख की समस्या के मरीज अधिक रहे। वहां की डाक्टर रीतू सिंह ने सभी मरीजों की जांच की और उपलब्ध दवाइयां दी। वहीं अस्पताल में कुछ मर्जों के मरीजों को खून की जांच कराने को कहा गया।

## मिशन शक्ति टीम का जागरूकता अभियान




फतेहपुर। जिले के बिंदकी थाना क्षेत्र में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बिंदकी और थाना बिंदकी की मिशन शक्ति टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। जागरूकता के मुख्य विषयकार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं और अध्यापिकाओं ने भाग लिया। उन्हें दहेज प्रथा, अपहरण और महिला अपराधों से संबंधित बढ़ते मामलों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

थाने पर स्थित मिशन शक्ति केंद्र की सुविधाओं और कार्यप्रणाली की जानकारी साझा की गई। महिला सशक्तिकरण पर जोरमहिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली सरकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना और मुद्रा लोन का विवरण दिया गया। प्रतिभागियों को सलाह दी गई कि संकट की स्थिति में तत्काल इन नंबर्स पर संपर्क करें। कार्यक्रम का प्रभावसम्मेलन में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं ने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना की। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में महिला सुरक्षा जागरूकता बढ़ेगी और अपराधों पर अंकुश लगेगा।

## सुगमेश्वर महादेव मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर निकली शिव शोभा यात्रा



जिला संवाददाता

हिलौली, उन्नाव। सुगमेश्वर महादेव मंदिर मौरावां की द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य शिव शोभा यात्रा का आयोजन हुआ।

पांच किलोमीटर लंबी यात्रा में सैकड़ों झांकियों के साथ हजारों की तादात में शिव भक्तों ने सहभागिता की। यात्रा सुगमेश्वर मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर वनखंडी मंदिर होते हुए मोटेश्वर मंदिर में विराम लिया। समापन पश्चात आयोजन समिति की ओर से विशाल भंडारा कराया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा का स्थान-स्थान पर नगर वासियों ने गर्म जोशी से स्वागत किया।

संत गोपाल दास महाराज, संत रिंकू महाराज संत राजेश्वर नंद जी, धर्मेंद्र महंत दास, आर के शर्मा, काली मठ लखनऊ व पूर्व एम एल सी अरविंद त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख नीटू बाजपेई नगर अध्यक्ष विवेक सेठ एवं आयोजक अधिवक्ता उच्च न्यायालय एस बी शर्मा के नेतृत्व में यात्रा ने दूसरा वर्ष पूरा किया। इस बार भी यात्रा में शामिल शिव भक्तों का उत्साह देखने लायक था बताते चलें कि शिव रात्रि का महापर्व भगवान भोलेनाथ के विवाह का परिणाम है इस दिन के लिए शिव भक्त ही नहीं चराचर के सभी पशु-पक्षी, देव दानव भूत प्रेत पूरे वर्ष बाबा की बारात के लिए प्रतीक्षा करतें हैं। शिव रात्रि आते ही शिव मंदिरों की भव्यता देखने लायक होती है। यात्रा में प्रमुख रूप से पी के दीक्षित, शिवा मास्टर, राजू अवस्थी, दुर्गी सिंह, भूपेश कुमार, दिनेश तिवारी, मोती लाल लोधी, सतीश त्रिपाठी, टिंकू त्रिपाठी, अजय त्रिवेदी, शिवकुमार गुप्ता, अवधेश सिंह, कमलेश बाजपेई, अनुज अवस्थी, जमुना शंकर तिवारी, उमेश सिंह, साधव महाराज, नंग्गू सिंह, पंकज द्विवेदी, राजू भाई आदि लोग मौजूद रहे।

## निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 71 लोगों को मिला लाभ




उन्नाव। स्थानीय लालता खेड़ा मोड़, देवारा कलां में समर्पण सेवा फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना और नेत्र रोगों के प्रति जागरूक करना था।

अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की दृष्टि की जांच की गई और मोतियाबिंद जैसे रोगों की पहचान की गई। जरूरतमंदों को चश्मे और दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर का उद्घाटन अध्यक्ष श्रद्धा सिंह द्वारा किया गया। जांच टीम में डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह उनकी टीम शामिल थी। अध्यक्ष श्रद्धा सिंह एवं सचिव सौम्या दीक्षित ने संयुक्त रुप से बताया कि समाज के वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। उपाध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने जानकारी दी कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। समापन अवसर पर सभी डॉक्टरों और सहयोगियों को सम्मानित किया गया।

## बुजुर्ग व्यवसायी की सड़क हादसे में मौत

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम धनुआ के समीप हुए सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग व्यवसायी की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उनका साथी अभी घायल अवस्था में है। घटना से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शनिवार दोपहर करीब 2.15 बजे नगर के महलई टोला निवासी व्यवसायी राजकिशोर गुप्ता उर्फ किशोर कुमार (70) अपने परिचित जितेंद्र उर्फ छुल्ले (46) निवासी नगला इंछा के साथ बाइक से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आए किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान रविवार को राजकिशोर गुप्ता ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी कुकी गुप्ता, गोद लिए पुत्र हर्ष (22) तथा चार विवाहित पुत्रियां कृ आरती, पूजा, राधा और ज्योति कृ को छोड़ गए हैं। बुजुर्ग व्यवसायी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में देश-विदेश के 62 मंदिरों से प्राप्त पवित्र वस्तुएं अर्पित की गयीं

वाराणसी। महा शिवरात्रि के अवसर पर भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में देश-विदेश के 62 मंदिरों से प्राप्त पावन भेंट अर्पित की गईं। उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान के अनुसार, इन भेंटों में पावन वस्त्र, रज और पवित्र जल शामिल हैं। ये भेंट श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, उत्तराखंड के श्री केदारनाथ, मुंबई के लाल बाग राजा और श्री सिद्धिविनायक मंदिर, गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर, राजस्थान के नाथद्वारा मंदिर और श्रीलंका के लक्ष्मी मंदिर से आई हैं। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्रा ने रविवार को बताया कि दुनिया भर के 62 प्रमुख मंदिरों से भोग और वस्त्र प्राप्त हुए हैं। मिश्रा ने बताया कि श्रीलंका के अलावा मलेशिया से भी भेंट आई हैं। उन्होंने बताया कि यह परंपरा इसी वर्ष से शुरू की गई है। बयान में कहा गया है कि इस पहल का उद्देश्य वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साकार करते हुए संपूर्ण सनातन समाज को एकजुट करना और वैश्विक आध्यात्मिक एकता को मजबूत करना है।

## सरकारी अधिकारी के भाई की हत्या

हरदोई। जिले के पाली थाना क्षेत्र के एक गांव में उद्योग विभाग के उपायुक्त के भाई की कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मुड़रामऊ गांव के विजय प्रताप (35) के तौर पर हुई है जो मथुरा में तैनात उपायुक्त रावेंद्र कुमार का छोटा भाई है। उसपर शनिवार को अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला किया था। परिजनों ने इस मामले में गांव के लोगों पर हत्या और साजिश का आरोप लगाया है। मृतक की मां गोमती देवी के मुताबिक, सुबह जब वह उठीं, तो आंगन में विजय खून से लथपथ पड़ा था जिसके बाद परिजन तुरंत उसे पाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि गैस एजेंसी को लेकर विवाद था। उन्होंने बताया कि इसके पहले मृतक के पिता की भी हत्या की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मन्नत पूरी होने पर कांवड़ लेकर संभल पहुंची बुर्कानशीं तमन्ना

संभल। जले में मुस्लिम महिला तमन्ना मलिक का उनके घर लौटने पर हर-हर महादेव के जयघोष के साथ स्वागत किया गया। वह अपनी मन्नत पूरी होने पर हरिद्वार से 170 किलोमीटर से अधिक की कांवड़ यात्रा कर गंगाजल लेकर लौटीं हैं। रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर, बुर्का पहनी मलिक ने संभल के क्षेमनाथ मंदिर में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया। बदनपुर बसई गांव की निवासी तमन्ना ने साढ़े तीन साल पहले इसी गांव के हिंदू युवक अमन त्यागी से शादी की थी। इस दंपति के दो बेटे दो वर्षीय आर्यन और एक वर्षीय दक्ष हैं। इससे पहले, जब उनके विवाह में बाधाएं आ रही थीं, तब मलिक ने मन्नत मांगी थी कि यदि उनकी शादी त्यागी से हो जाती है, तो वह जलाभिषेक करेंगी। यह जोड़ा गांव से चला गया था और विवाह करने के बाद एक साल पहले ही घर वापस लौटा है। मलिक ने संभल में पत्रकारों से कहा कि मेरे पति ने मेरा पूरा सहयोग किया है और कई स्थानों पर लोगों ने फूल बरसाकर मेरा स्वागत किया। सनातन धर्म के लोगों ने कई जगहों पर हमारा स्वागत किया और जो लोग विरोध कर रहे हैं वे अज्ञानी हैं। हमें उन पर ध्यान देने की क्या जरूरत है। अपने पहनावे को लेकर उन्होंने कहा कि मैं पहले भी बुर्का पहनती थी, अब किसी को इससे क्या समस्या है? मलिक 10 फरवरी को अपने पति के साथ हरिद्वार गई थीं और अगले दिन अपने गांव लौट आई थीं। अमन त्यागी ने बताया कि हम दोनों हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए। पूरी यात्रा के दौरान विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सनातनी लोगों ने बहुत मदद की। अमरोहा और नूरपुर के भी कई लोग हमारे साथ पैदल चले।

## लठामार होली के लिए मेला परिसर सात जोन व 18 सेक्टरों बांटा गया

मथुरा। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने रविवार को बताया कि मथुरा जिले में विश्व विख्यात लठामार होली के अवसर पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए कस्बे के मेला परिसर को सात जोन व 18 सेक्टरों में बांटा गया है। मथुरा में होली की इस अनूठी परंपरा को विभिन्न नामों से जाना जाता है। इसे बरसाना में लठामार होली, गोकुल में छड़ीमार होली और बलदेव में हुरंगा के नाम से जाना जाता है, जिसमें महिलाएं खेल-खेल में पुरुषों को लाठियों या छड़ी से पीटती हैं, जो भगवान कृष्ण के बचपन में गोपियों के साथ की गई शरारतों का पुनर्मंचन है। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री चौधरी ने रंगोत्सव-2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद बताया कि 24 फरवरी को बरसाना के लाडिलीजी मंदिर में फाग आमंत्रण एवं लड्डू होली, 25 फरवरी को लठामार होली, 26 फरवरी को नन्दगांव व रावल में लठामार होली, 27 फरवरी को श्रीकृष्णजन्म स्थान मंदिर एवं वृन्दावन के बांकेबिहारी मन्दिर में रंगों की होली तथा द्वारिकाधीश मंदिर में कुंज की होली और एक मार्च को गोकुल में छड़ीमार होली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर मथुरा में चतुर्वेदी समाज का डोला निकलेगा तथा होलिका दहन किया जाएगा और चार मार्च को जनपद भर में धूलेंडी का पर्व मनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसके बाद पांच मार्च को बलदेव व जाब गांव में हुरंगा व मुखराई एवं नन्दगांव में चरकुला व हुरंगा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार, छह मार्च को बठैन व गिडोह में हुरंगा, नौ मार्च को महावन में छड़ीमार होली तथा 12 मार्च को वृन्दावन के रंगजी मन्दिर में होली का आयोजन होगा। बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली तथा लठामार होली की तैयारियों के सम्बन्ध में मंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से सम्बन्धित मंचों, साज-सज्जा, प्रवेश द्वार, सेल्फी प्वाइंट आदि का निर्माण एवं सीधे प्रसारण आदि की व्यवस्था पर्यटन विभाग एवं ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर कुल दो दर्जन प्रवेश द्वारों की स्थापना की जाएगी। एक दर्जन प्रमुख स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। इसी के साथ सभी प्रमुख स्थलों व सार्वजनिक इमारतों, प्रमुख चौराहों आदि को लाइटिंग से सुसज्जित किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि बरसाना में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बे को सात जोन व 18 सेक्टर में विभाजित कर 56 पार्किंग स्थल तथा 94 अवरोधक बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र तथा पांच दो पहिया एम्बुलेंस लगाई जाएंगी। बरसाना में पांच वॉचटावर तथा पांच स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कुमार ने बताया कि पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन एवं सार्वजनिक घोषणा प्रणाली को सुचारू रखते हुए निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न स्थानों पर अवरोधक व बैरिकेडिंग के साथ-साथ खोया पाया केंद्र एवं नियंत्रण कक्ष बनाए जा रहे हैं।

संक्षेप

## रोटी बैंक टीम ने ग्रामीणों को बांटे कपड़े, किताबें

**बांदा।** रोटी बैंक टीम ने महाशिवरात्रि के अवसर पर जरूरतमंदों को गरम कपड़े, किताबें, जूते-चप्पल का वितरण किया। सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम के नेतृत्व, ग्राम प्रधान गुरेह नीलम सिंह की उपस्थिति में समाजसेवी भगवानदीन के सहयोग से शहर के जिम्मेदार, जागरूक लोगों के दान में दिए गए गरम कपड़े, किताबें, जूते-चप्पल का वितरण ग्राम गुरेह ब्लॉक बड़ोखर के लगभग 300 जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया। इसके बाद रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन फारूकी और सदस्य जगदीश श्रीवास ने ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जरूरत का सामान पाकर ग्रामवासियों में खुशी दिखाई दी और उन्होंने टीम को दुआएं और आशीर्वाद दिए। इस दौरान सदस्य रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन फारूकी, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, शाखा प्रमुख ग्राम गुरेह भगवानदीन, उप शाखा प्रमुख छिप्हरी अलीमुद्दीन, जगदीश श्रीवास, शहाना खान, पदाधिकारी, सदस्य व समाजसेवी मौजूद रहे। सदस्य शहाना खान ने सभी का आभार जताया।

## कोतवाली ललितपुर से युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मोहल्ले से एक 19 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री 19 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी की रात करीब 9 बजे से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास व रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की गई, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। युवती घर पर अपना मोबाइल फोन छोड़कर गई थी। बताया गया कि लापता युवती की लंबाई लगभग 5 फुट 3 इंच है, रंग गोरा है और घटना के समय उसने काले रंग की पैंट व काली जैकेट पहन रखी थी। काफी प्रयासों के बाद भी जानकारी न मिलने पर पिता ने 14 फरवरी को कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## महिला से मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक कॉलोनी में रहने वाली महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलोनी निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 10 फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने घर के पास गली में बच्चों को टहला रही थी। इसी दौरान गांव कल्याणपुरा मजरा ढंगा निवासी एक युवक वहां आया और उसके पति के बारे में पूछताछ करने लगा। महिला द्वारा पति के वर्तमान में महोबा में तैनात होने की जानकारी देने पर आरोपी भड़क गया और कथित तौर पर पुराने मुआवजे के मामले को लेकर दबाव बनाने लगा। आरोप है कि बात न मानने पर युवक ने महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और लात-घूंसों से मारपीट की।

# महाशिवरात्रि पर गौशालाओं में हुआ नंदी पूजन



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिवजी के वाहन एवं गौवंश के प्रतीक नन्दी की पूजा अर्चना का विशेष धार्मिक महत्व है, जिसके लिए सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित समस्त अस्थाई/स्थायी गौआश्रय स्थलों में महाशिवरात्रि पर नन्दी पूजन कार्यक्रम उल्लास, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। ललितपुर की कल्याणपुरा गौशाला में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में नंदी पूजन का आयोजन किया गया। यहां पर सीडीओ शेषनाथ चैहान ने गौवंश को माला पहनाकर विधिविधान से नंदी पूजन किया और

- डीएम के निर्देश पर कल्याणपुरा गौशाला सीडीओ ने किया नंदी पूजन
- गौशाला का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

गौवंश को हरा चारा, गुड आदि खिलाया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों व ग्रामवासियों को गो संरक्षण एवं गो संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प दिलाया।

इसके उपरांत उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया, जहां 1312 गौवंश संरक्षित पाए गए तथा 150 कुंतल भूसा, 36 कुंतल चुनी एवं 54 कुंतल साइलेज उपलब्ध मिला। सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव को गौशाला में सफाई कराने एवं पानी की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए, जिससे आगे गर्मी के मौसम में गौवंशों को पानी की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को हरा चारा की बुवाई कराने के निर्देश दिए, साथ ही सघन वाटिका का निरीक्षण भी किया। इस दौरान सीवीओ डा.भगवान सिंह, बीडीओ मोहम्मद इरशाद, ग्राम प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. महेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत सचिव एवं गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाम्बेश्वर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**बांदा।** महाशिवरात्रि पर शहर के सुप्रसिद्ध बामदेवेश्वर मंदिर में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का सुबह 4 बजे से ही तांता शुरू हो गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचना शुरू हो गये। मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ का जलाभिषेक करना बहुत ही फलदायी है। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा अर्पित करने के साथ ही दुग्धाभिषेक करते हैं। भगवान शिव के इस प्राचीन मंदिर में वैसे तो प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है लेकिन महाशिवरात्रि पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु तड़के से देर रात तक पूजा करने पहुंचते हैं। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रतिवर्ष की तरह पुख्ता इंतजाम किए थे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। मंदिर में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी की गयी।

मंदिर प्रशासन ने महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग से कतार की व्यवस्था की थी, जिससे उन्हें पूजा व दर्शन करने में आसानी हो। मंदिर के पुजारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। भीड़ को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व प्रशिक्षु सहायक पुलिस अधीक्षक श्लोक गौतम ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने महिलाओं व पुरुषों को लाइन में लगाकर दर्शन कराने के निर्देश दिए जिससे श्रद्धालुओं के दर्शन करने एवं आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और यातायात सुगम व सुरक्षित बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को सतर्कता, अनुशासन एवं शालीनता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## किसान से मारपीट, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करना एक किसान को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंग ने लाठी-डंडों व चाकू से हमला कर किसान और उसकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना तालबेहट के ग्राम हरपुर मजरा मंझरा निवासी तिजू पुत्र बुद्धे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 फरवरी की रात करीब तीन बजे वह अपने खेत स्थित कुंए पर मौजूद था। इसी दौरान गांव का ही संजय ठाकुर पुत्र गुडडे वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों से तिजू के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई पत्नी राधा उर्फ रधिया पर भी आरोपी ने चाकू और लाठी से हमला कर दिया, जिससे दोनों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद घायलों का उपचार कराया गया। मामले में थाना तालबेहट पुलिस ने बीएनएस की धाराओं 115(2), 352 व 351(3) के तहत एफआईआर संख्या 45/2026 दर्ज कर ली है।

## समस्या समाधान न होने पर शिक्षक संघ देगा धरना



**बांदा।** माध्यमिक शिक्षक संघ जिला संगठन की बैठक आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में संरक्षक जमुना प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जनपदीय निर्वाचन पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष राज किशोर शुक्ला प्रधानाचार्य गांधी इंटर कॉलेज पनगरा व जिला मंत्री राजा कैलाश चंद्र प्रवक्ता डीएवी इंटर कॉलेज को चुना गया। कार्यकारणी के गठन का दायित्व जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री को दिया गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया गया और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए अति शीघ्र प्रभावी कदम उठाने और समस्याओं का समाधान न होने पर बोर्ड परीक्षा के बाद धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मंडलीय मंत्री मेजर मिथिलेश कुमार पाण्डेय, प्रांतीय सदस्य पतिराखन सिंह, राजेश कुमार तिवारी पूर्व जिला मंत्री, नीरज शर्मा, रामबाबू वर्मा, ब्रजमोहन सिंह, शिवदत्त गुप्ता, गोरेलाल गुप्ता रामायणी, संगठन मंत्री सूरज प्रजापति, अजीत सिंह, रामचंद्र सोनकर, रमेश चंद्र, देव कुमार वर्मा, सत्येंद्र कुमार, मंगल प्रसाद व शिक्षक मौजूद रहे। संचालन भारत भूषण दिवाकर ने किया।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ेदान वितरित



**बांदा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता गोष्ठी एवं हरे-नीले कूड़ेदान का वितरण कार्यक्रम बिजली खेड़ा स्थित जंगल दफ्तर कालोनी में आयोजित हुआ। स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद बांदा को प्रथम पायदान पर लाने के लिये जिलाधिकारी के निर्देश, अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू की अध्यक्षता, प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमार की उपस्थिति में स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन हुआ। अधिशाषी अधिकारी श्रीचन्द्र ने डोर-टू-डोर अभियान के तहत गीले एवं सूखे कचरे को पृथक करने के लिए वार्ड के सभी नगरवासियों को हरा एवं नीला बाल्टी वितरित किया। उन्होने लोगों से अपील की, कि कूडेद्रान का शत-प्रतिशत उपयोग कर कूड़े को नगर पालिका के वाहन में ही डालें एवं शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में नगर पालिका परिषद का सहयोग करें। अभिषेक खरे जिला कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन ने अभियान के मूल उद्देश्य कचरा पृथक्करण के लिए नागरिकों को जागरूक कर नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एस0डी0ओ0 अभिनव सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमन्त प्रसाद, वार्ड प्रतिनिधि विनय प्रजापति, केदारनाथ प्रधान लिपिक, कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## महरौनी में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र में लापरवाही से बाइक चलाने का मामला सामने आया है। थाना महरौनी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मोहल्ला मलैयापुरा निवासी पीयूष शुक्ला पुत्र सुरेश कुमार शुक्ला ने बताया कि 5 फरवरी 2026 की रात करीब 9.30 बजे वह अपनी मोटर साइकिल (रॉयल एनफील्ड हंटर) से इंदिरा चैराहा, महरौनी-टीकमगढ़ बस स्टैंड के पास पुलिया के नजदीक खड़ा था। उसी दौरान नाराहट रोड की ओर से तेज व लापरवाही से आ रही एक मोटरसाइकिल (यू.पी.94 एल 8116) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार तीनों लोग नशे की हालत में थे। हादसे में पीयूष शुक्ला की मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। उनके दाहिने हाथ में फ्रैक्चर, सीने की पसली व कॉलर बोन में भी फ्रैक्चर बताया गया है। इलाज के बाद चलने-फिरने लायक होने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, मामले में आरोपी थाना बानपुर के ग्राम सुनवाहा निवासी भानु प्रताप सिंह सहित अन्य के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी) व 324(4) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ नामदेव समाज ने मनायी महाशिवरात्रि



**महोबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नामदेव समाज द्वारा मगरियापुरा स्थित नामदेव शिवालय मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ विशाल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुएए हर हर महादेव के जयघोष से मंदिर गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान शिव के पवित्र जलाभिषेक से हुई। तत्पश्चात विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन संपन्न कराया। सामूहिक आरती के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया था। नामदेव समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटता मजबूत होती है और नई पीढ़ी में आध्यात्मिक संस्कारों का संचार होता है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष मनीष नामदेव ने उपस्थित सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संगठित होकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाते रहें।

## थैलेसीमिया पीड़ित बालक के लिए किया रक्तदान



**ललितपुर।** मानवता और सेवा भाव का प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। थैलेसीमिया से पीड़ित 10 वर्षीय बालक के जीवन को बचाने के लिए ललितपुर सेवा ग्रुप (रजि.) अध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। बालक को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी, जिस पर वे बिना विलंब अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मानवीय कर्तव्य निभाया। चिकित्सकों के अनुसार थैलेसीमिया से ग्रसित मरीजों को नियमित अंतराल पर रक्त की जरूरत होती है। ऐसे में समाज के संवेदनशील और जागरूक नागरिकों द्वारा किया गया रक्तदान कई बार जीवन रक्षक सिद्ध होता है। ग्रुप द्वारा किया गया यह सराहनीय कार्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश देता है। संस्था ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं। इस दौरान अंकित सराफ मोनू, अभिषेक नामदेव सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## डीएम जसजीत कौर ने कांवड़ यात्रियों पर बरसाये फूल, जनपद वासियों ने की प्रशंसा



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा नजीबाबाद क्षेत्र के मोटा महादेव एवं भागूवाला स्थित कावड़ शिविर पहुंचकर कावड़ यात्रियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस मौके पर पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कावड़ यात्रियों को यथासंभव सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और सेवाभाव से उनकी सहायता भी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिविरों में कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए खान-पान या अन्य खाद्य सामग्री क्रय अथवा निशुल्क वितरित की जा रही है, उसकी गुणवत्ता की नियमित रूप से चेकिंग की जाए ताकि फूड प्वाइजनिंग का कोई भी प्रकरण उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने रास्ते में पढ़ने वाले सभी पुलिस थानों एवं अस्पतालों के संबंध में निर्देश दिए कि यदि कोई कावड़ यात्री सहायता अथवा चिकित्सा सुविधा के लिए उनके पास आए प्राथमिकता के आधार पर उनको अपनी सेवाएं उपलब्ध कराई जाए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# डीएम व एसपी ने शहजाद बांध स्प्रिंकलर परियोजना का किया औचक निरीक्षण



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड क्षेत्र को हराभरा बनाने की दिशा में सरकार द्वारा उठाए जा रहे ठोस कदमों के तहत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने तालबेहट क्षेत्र स्थित शहजाद बांध स्प्रिंकलर सिंचाई

- किसानों को मांग के अनुसार पानी उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

परियोजना का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पंप हाउस सहित परियोजना के सभी संयंत्रों का जायजा लिया और निर्देश दिए कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें अन्य स्त्रोतों पर निर्भर न रहना पड़े। डीएम ने कहा कि किसान की समृद्धि से ही देश की समृद्धि संभव है। सरकार की प्राथमिकता है कि बुन्देलखण्ड पैकेज के तहत संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम किसान तक पहुंचे। एसपी ने भी परियोजना की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सुरक्षा व संचालन में समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि भारत सरकार के नीति आयोग के बुन्देलखण्ड पैकेज के अंतर्गत इस परियोजना को वर्ष 2018 में स्वीकृति मिली थी। परियोजना पूर्ण होने के बाद अप्रैल 2025 में उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव द्वारा भी इसका निरीक्षण किया जा चुका है। अधिकारियों को जानकारी दी गई कि शहजाद बांध स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत 2 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है।

विद्युत आपूर्ति 220/33 केवी कल्याणपुरा उपकेन्द्र से की जा रही है। पंप हाउस में 315 किलोवाट क्षमता के तीन वीटी पंप स्थापित हैं, जिनके माध्यम से करीब 123 किलोमीटर लंबी वितरण प्रणाली बिछाई गई है। इस परियोजना से वर्तमान में 1740 हेक्टेयर भूमि (1014 हेक्टेयर रबी एवं 726 हेक्टेयर खरीफ) की सिंचाई हो रही है, जिससे 1500 से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। सौर ऊर्जा के कैप्टिव उपयोग से पंप कैनालों का संचालन किया जा रहा है, वहीं अतिरिक्त सौर ऊर्जा को अन्य पंप कैनाल परियोजनाओं में भी समायोजित किए जाने की व्यवस्था है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि परियोजना का संचालन नियमित रूप से किया जाए और किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो, ताकि बुन्देलखण्ड क्षेत्र को सिंचाई के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# कालिंजर दुर्ग में मंत्री ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



जिला संवाददाता

**बांदा।** ऐतिहासिक कालिंजर दुर्ग में स्थित भगवान भोलेनाथ की प्राचीन मूर्ति पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मध्य प्रदेश की सीमा में होने के कारण उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के भारी संख्या में श्रद्धालु नीलकण्ठ महादेव के दर्शन करने पहुंचते हैं। सुबह से ही हजारों की तादाद में पुरूष व महिला श्रद्धालुओं का तांता शुरू हो गया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले कालिंजर महोत्सव को लेकर पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से तीन दिनों तक चलने वाली विकास संबंधी प्रदर्शनी लगाई गयी। प्रदर्शनी का शुभारंभ जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने फीता काटकर किया। उन्होने कहा कि कालिंजर महोत्सव भगवान नीलकण्ठ महादेव के यहां स्थापित होने से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार जोर दे रही है। प्रदर्शनी में अनेक विभागों के स्टॉल लगाए गये हैं। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। नटराज संगीत विद्यालय की टीम ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राज्यमंत्री ने उन्नतिशील किसानों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि आलोक सिंह, ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय छिल्ला में 105 किशोरियों को महिला अधिकार



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय छिल्ला में किशोरियों एवं महिलाओं के अधिकारों को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पॉक्सो कानून, डिजिटल साइबर क्राइम, जल्द विवाह जैसे गंभीर विषयों पर लगभग 105 किशोरियों को अलग-अलग गतिविधियों, समूह चर्चा

- पॉक्सो व साइबर अपराध पर किया गया जागरूक

और संवादात्मक माध्यमों से विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्तमान समय में ललितपुर जिला में विशेष रूप से कम उम्र में विवाह, पॉक्सो से जुड़े अपराध, मोबाइल फोन के माध्यम से होने वाली डिजिटल हिंसा, ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। कई बार जानकारी के अभाव में किशोरियां और महिलाएं इन अपराधों की गंभीरता को समझ नहीं पातीं और हिंसा या शोषण का शिकार हो जाती हैं।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने किशोरियों को यह समझाया कि पॉक्सो कानून के तहत उनके क्या अधिकार हैं, किसी भी प्रकार की ऑनलाइन या ऑफलाइन हिंसा की स्थिति में वे कहां और कैसे शिकायत दर्ज करा सकती हैं, तथा सोशल मीडिया और मोबाइल के सुरक्षित उपयोग के क्या उपाय हैं। साथ ही, जल्द विवाह के दुष्परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और शिक्षा व आत्मनिर्भरता को जीवन में आगे बढ ? का प्रमुख माध्यम बताया गया। इस जागरूकता अभियान का संचालन सहजनी शिक्षा केन्द्र अभियान द्वारा किया जा रहा है। अभियान से जुड़ी कार्यकताओं ने बताया कि संस्था द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉकों और गांवों में बड़ी उम्र की किशोरियों के साथ निरंतर संवाद, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण के खिलाफ आवाज उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में किशोरियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और सवाल-जवाब के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन और उपस्थित शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम किशोरियों के सुरक्षित, सशक्त और जागरूक भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# दुकान में चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की सनसनीखेज

- कोतवाली पुलिस का बड़ा एक्शन
- सीसीटीवी व सर्विलांस से हुआ खुलासा

घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से इन्वर्टर, बैटरी और प्रिंटर बरामद किए गए हैं।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस का कहना है कि जनपद में चोरी, नकबजनी व संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

**रात में दुकान बंद, सुबह टूटा मिला ताला**

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी दुकानदार रवि कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 फरवरी की रात वह अपनी मोबाइल व कम्प्यूटर से संबंधित दुकान बंद कर घर चला गया था। 12 फरवरी की सुबह जब दुकान खोली तो ताले टूटे मिले और दुकान के अंदर रखा इन्वर्टर, बैटरी, प्रिंटर सहित अन्य सामान गायब था। चोरी की इस वारदात से व्यापारी वर्ग में दहशत फैल गई थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली ललितपुर में मुकदमा संख्या 166/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की गई।

**सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी जांच से आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमें गठित कीं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। साथ ही तकनीकी व मैनुअल सर्विलांस के जरिए संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। कड़ी मेहनत और सटीक पुलिसिंग के बाद पुलिस ने तीनों अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सुब्बन उर्फ प्रकाश पुत्र कुदऊ, राकेश बरार पुत्र शेखर एवं सुनील पुत्र खेतसिंह निवासी भदइयापुरा बताये गये हैं।

**चोरी का माल बरामद, न्यायालय में पेश**

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया एक अदद प्रिंटर, एक अदद इन्वर्टर तथा एक अदद बैटरी बरामद की है। तीनों आरोपियों को 15 फरवरी 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**

इस सफल अनावरण में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सहित कोतवाली पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# साइबर सुरक्षा के लिए हम कितने तैयार




मनोज बाजपेयी

भारत जब 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट' करने जा रहा है, तो दुनिया को मजबूती से यह संदेश देने का समय है कि साइबर सुरक्षा को रणनीति, कार्य संस्कृति और संचालन में अंतर्निहित होना चाहिए। तभी विभिन्न कारोबार, स्टार्टअप तेजी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले अवसरों का पूरी क्षमता से लाभ उठाते हुए अपने भविष्य की रक्षा कर पायेंगे और तेजी से आगे भी बढ़ेंगे।

वर्ष 2022 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पर साइबर हमला किया और लाखों मेडिकल फाइल्स, महत्वपूर्ण डेटा, डायग्नोस्टिक रिकॉर्ड आदि को नष्ट कर दिया। इस साइबर हमले से एम्स दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गयीं और मरीजों को दो सप्ताह तक इधर-उधर भटकना पड़ा। साइबर हमला करने वाले अपराधियों की करतूत यहीं खत्म नहीं हुई बल्कि उन्होंने 200 करोड़ की फिरौती भी मांगी। साइबर हमले से कितना नुकसान हो सकता है, एम्स की घटना इसका ज्वलंत उदाहरण है। लेकिन यह कोई अकेला मामला नहीं है बल्कि हर साल लाखों या कहें करोड़ों ऐसी घटनाएं होती हैं जिसमें देश के महत्वपूर्ण संस्थानों के वेब सिस्टम पर हमला करके महत्वपूर्ण डाटा चुराने, उन्हें नष्ट करने और देश को गहरी क्षति पहुंचाने की साजिशें होती हैं। अगर हम हाल के वर्षों में हुए बड़े साइबर हमलों की बात करें तो उनमें आधार डेटा पर साइबर हमला, एसबीआई बैंक के डेटा पर हमला, केनरा बैंक के एटीएम सिस्टम पर साइबर हमला, रैंमसवेयर साइबर हमला, स्वास्थ्य सेवा बेवसाइट की हैकिंग, एनडीएमए डेटा पर हमला, एयर इंडिया पर साइबर अटैक, इसके इलावा वजीरएक्स, बर्गर किंग, हुंडई मोटर्स, बीएसएनएल डाटा पर साइबर हमला और टाटा मोटर्स जैसे संस्थानों को बड़े साइबर हमलों का सामना करना पड़ा है। कुल मिलाकर आज हमारा साइबर स्पेस इतना व्यापक हो गया है कि इसकी सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन गयी है।

देश का डिजिटल तंत्र भी वित्त और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले बढ़ते और परिष्कृत साइबर हमलों के प्रति कितना सतर्क और संवेदनशील है, इसे जांचने, परखने और माकूल तैयारी की जरूरत है। दरअसल साइबर हमला देश की डिजिटल सुरक्षा के लिए एक निरंतर युद्ध है, जो अधिक सतर्कता, बेहतर बुनियादी ढांचे और जनता के बीच जागरूकता की आवश्यकता को उजागर करते हैं। इसे रोकने के लिए भी इन उपायों की जरूरत भी है। पेशेवर संगठन की डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा के लिए समर्पित विभिन्न साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रमों




के माध्यम से अपने साइबर ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। सिस्टम को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है, फिर भी हर घटना एक सीखने का और अनुभव करने का अवसर देती है।

विमर्श

जिसके लिए साइबर अपराधियों से एक कदम आगे रहने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों, सतर्कता, नई तकनीकों और नीतियों की आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा से जुड़ा जोखिम वर्तमान में देश के उद्योग जगत के समक्ष उत्पन्न सबसे गंभीर खतरा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री (फिक्की) और ईवाई के जोखिम सर्वेक्षण 2026 के मुताबिक सर्वे में शामिल 61 फीसदी कारोबारी नेतृत्व ने साइबर सुरक्षा को संस्थागत प्रदर्शन को आकार देने के मामले में प्राथमिक कारक माना। आधे से अधिक प्रतिक्रिया देने वालों ने डेटा चोरी और भीतरी लोगों द्वारा धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को लेकर बढ़ते तनाव को भी एक अन्य प्रमुख निष्कर्ष पाया गया। करीब 59 फीसदी अधिकारियों ने कहा कि उभरती तकनीक मसलन एआई आदि को अपनाने की धीमी गति के कारण परिचालन की गुणवत्ता बाधित हो रही है। वहीं करीब 54 फीसदी का मानना है कि एआई से जुड़े नैतिकता और संचालन संबंधी मुद्दों का समुचित प्रबंधन नहीं किया गया है। साइबर जोखिम अब सीधे परिचालन, राजस्व और विश्वास को खतरा पैदा कर रहे हैं। इससे कारोबारी निरंतरता और अंशधारकों के विश्वास को भी नुकसान पहुंच रहा है। इससे यह संकेत भी मिलता है कि एक ओर जहां कंपनियां एआई के महत्व को समझ रही हैं वहीं वे उसका जवाबदेह और सुरक्षित इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी जूझ रही हैं। ये निष्कर्ष भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के व्यापक रुझानों के अनुरूप ही नजर आते हैं। वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में उल्लेख किया गया है कि बढ़ता डिजिटलीकरण, क्लाउड को अपनाने की तेज गति और डेटा के गहन इस्तेमाल वाली तकनीकों के बढ़ते उपयोग ने साइबर सुरक्षा सेवाओं मसलन खतरे की पहचान, जोखिम प्रबंधन और अनुपालन और प्रबंधित सुरक्षा सेवाओं की मांग को बहुत अधिक बढ़ा दिया है। इस बढ़ती मांग ने भारत के साइबर सुरक्षा उद्योग के विस्तार को भी प्रोत्साहित किया है।

नॉसकॉम डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार, देश में अब 400 से अधिक साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियां हैं, जिन्होंने 2025 में लगभग 4.46 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया। राष्ट्रीय स्तर पर, भारत की साइबर तैयारी लगातार बेहतर हुई है, लेकिन हमें अभी बहुत कुछ करना है। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल साइबर सुरक्षा सूचकांक 2024 में भारत ने पहली श्रेणी की रैंकिंग हासिल की और 98.49 का स्कोर प्राप्त किया, जिससे वह दुनिया के सबसे साइबर तैयार देशों में शामिल हो गया। लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि देश की बड़ी आबादी ऐसी है जो डिजिटल सतर्कता को लेकर अभी इतनी जागरुक नहीं है कि बढ़ते हुए खतरों के अनुरूप तैयार हो। इसलिए भारत में जोखिम का परिदृश्य बहुत गहन है। साइबर सुरक्षा कंपनी सेक्राइट द्वारा जारी इंडिया साइबर थ्रेट रिपोर्ट 2026 बताती है कि अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच 26.5 करोड़ से अधिक साइबर हमले दर्ज किए गये। इनका असर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर पड़ा। उधर चेक पॉइंट सॉफ्टवेयर टेक्नॉलजीज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय संगठनों को हर सप्ताह 2,000 से अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। यह वैश्विक औसत से अधिक है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि डिजिटल खतरों में कितनी तेजी से इजाफा हो रहा है। इस स्थिति में उद्योग, नियामकों और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के बीच अधिक समन्वय की आवश्यकता है। स्पष्ट साइबर मानदंड, खतरों को लेकर तेजी से सूचनाओं को साझा करना और डेटा सुरक्षा मानकों का सख्ती से प्रवर्तन करा कर प्रणालीगत जोखिमों को कम करने और बड़े पैमाने पर व्यवधान को रोकने में मदद मिल सकती है। साइबर क्षेत्र से जुड़े जोखिम जैसे-जैसे आपूर्ति श्रृंखलाओं और सीमाओं के पार फैलते जा रहे हैं। इसलिए, उद्यमों को मजबूत जोखिम प्रबंधन ढांचे अपनाने, घटना पर प्रतिक्रिया क्षमता को सुदृढ़ करने, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से सक्षम सुरक्षा उपायों में निवेश करने और विभिन्न क्षेत्रों में साझा खतरे से निपटने की बुद्धिमता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कार्यबल को उन्नत कौशल प्रदान करना और डेटा तथा एआई को लेकर चौतरफा मजबूत इको सिस्टम विकसित करना जरूरी है। विशेषकर छोटे उद्यमों के लिए। इस समय जबकि भारत 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट' करने जा रहा है, तो यह मजबूती से संदेश देने का समय है कि साइबर सुरक्षा को रणनीति, संस्कृति और संचालन में अंतर्निहित होना चाहिए। तभी विभिन्न कारोबार डिजिटल परिवर्तन की पूरी क्षमता का लाभ उठाते हुए अपने भविष्य की रक्षा कर पायेंगे।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## अविश्वास प्रस्ताव

संसदीय लोकतंत्र के बारे में कहा जाता है कि सरकार बनती है बहुमत से लेकर सदन सहमति से चलता है। इसलिए यह जरूरी है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर आपसी टकराव के मुद्दों का समाधान करें और सदन को सुचारू रूप से चलायें। कभी चुनाव आयोग पर अविश्वास करना, कभी महाभियोग प्रस्ताव लाना, कभी सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ महाअभियोग प्रस्ताव लाना, कभी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना, कभी राज्यसभा सभापति के खिलाफ प्रस्ताव लाना। इस तरह की सियासत से दरअसल दोनों पक्षों के बीच सुलह या सहमति की गुंजाइश कम होती है। इसलिए विपक्ष को सियासत और जनहित को अलग-अलग रखना चाहिए। अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पीठासीन अधिकारियों को लपेटने से बचना चाहिए। अब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव और उन्हें पद से हटाने की पहल की गयी है। आधे अधूरे विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। प्रस्ताव पर 119 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव समेत तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसदों और आम आदमी पार्टी (आप) के तीन सांसदों ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लिहाजा विपक्ष विभाजित और अधूरा है। साफ है कि यह कांग्रेस का प्रस्ताव है और उसे वामदलों का समर्थन हासिल है। हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने वाममोर्चे से गठबंधन तोड़ कर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा की है। केरल में ये दोनों पक्ष धुर प्रतिद्वंद्वी हैं, लेकिन केंद्र की राजनीति में एक-दूसरे से चिपके हैं। यह अहम सवाल और संदेह है कि नेता प्रतिपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए? जबकि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास का आधार ही नेता प्रतिपक्ष हैं। आरोप हैं



कि स्पीकर ने उन्हें सदन में बोलने क्यों नहीं दिया? कांग्रेस और विपक्ष के 8 सांसदों का निलंबन वापस लिया जाये। कांग्रेस की जिन महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी की सीट का घेराव किया था और उस पर स्पीकर ने जो आशंकित टिप्पणी की थी, उस पर भी कांग्रेस स्पीकर के व्यवहार से नाराज है। कमाल यह है कि सदन में प्रधानमंत्री की सीट का घेराव हो और स्पीकर अप्रत्याशित, अप्रिय घटना होने की आशंका व्यक्त करें और संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू उस घेराबंदी का वीडियो जारी करें, फिर भी अगर कोई कार्रवाई होती है तो उस पर इतना वितंडा करने की क्या जरूरत है। बहरहाल मोदी सरकार के दौरान अविश्वास प्रस्तावों का उल्लेख करने से पहले देश को यह बताना बेहद जरूरी है कि लोकसभा के प्रथम स्पीकर गणेश वासुदेव मावलंकर के खिलाफ भी 15 दिसंबर, 1954 को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया था। अविश्वास का सिलसिला यहां से शुरू हुआ और 24 नवंबर, 1966 को तत्कालीन स्पीकर सरदार हुकुम सिंह के खिलाफ मधु लिमये ने नोटिस दिया। 1967 में स्पीकर नीलम संजीवा रेड्डी के प्रति अविश्वास व्यक्त किया गया। 15 अप्रैल, 1987 को तत्कालीन स्पीकर बलराम जाखड़ के खिलाफ सीपीएम नेता सोमनाथ चटर्जी ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। सोमनाथ बदलते समीकरणों के तहत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान स्पीकर बने। केंद्र में भाजपा-एनडीए सरकार के दौरान स्पीकर रहे बालयोगी के खिलाफ 2001 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। गौरतलब यह है कि ये तमाम अविश्वास प्रस्ताव नाकाम रहे और किसी भी स्पीकर को उनके पद से हटाया नहीं जा सका। इस बार भी यह सियासी तमाशा ही साबित होगा। अभी तो नोटिस का समय 14 दिन का है। सांसदों के हस्ताक्षरों की पुष्टि होगी। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो बजट सत्र के दूसरे चरण में, 9 मार्च के बाद, अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में कार्रवाई शुरू होगी। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ भी 2018 और 2023 में अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस दिए। दोनों बार मत-विभाजन की नौबत आई और विपक्ष का प्रस्ताव बहुमत से खारिज हुआ। बहरहाल सत्ता पक्ष के बहुमत के सामने प्रस्ताव गिर जाना कोई नयी बात नहीं है लेकिन विपक्ष को भी यह समझना होगा कि उसे अपने मुद्दों और एजेंडे के लिए अधिक अवसर चाहिए। इसलिए उसे भी सहयोग करना होगा।

### विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तु के लिए श्रम नहीं करेगा, तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

### सोशल मीडिया



यूपीए सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन कर किसानों के हितों से समझौता किया था, जिसे मोदी सरकार ने समाप्त किया, मोदीजी किसानों मछुआरों के साथ कर खड़े रहे। अमित शाह.



अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन की दीवार गिरी थी वो किस मॉडल पर बनी थी, भाजपा के भ्रष्ट मॉडल पर? बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी दूर बनाइयगा लोगों से। अखिलेश यादव



भारत फिस्कल मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अर्थव्यवस्था की जरूरतों के लिए पूर्व में सरकार को अधिक कर्ज लेना पड़ा। निर्मला सीतारमण.

## मनीषियों का चिंतन

अंतर्दृष्टि

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरुषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्य्रम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

## महंगाई की बात बेमानी है!

व्यंग्यलोक

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।



पूरन सरमा

## स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन से हासिल होगा नेट जीरो



सामयिक

सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कोई भी राष्ट्रीय संकल्प ठान ले और उसमें अपेक्षित जन भागीदारी भी हो, तो ऐसे संकल्पों के पूरा होने में कोई संशय नहीं रहता है। सरकार अगले चार-पांच दशकों में नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करना चाहती है। नेट जीरो का अर्थ यह है कि देश की आर्थिक प्रगति और इसके लिए ऊर्जा की आपूर्ति में जितना कॉर्बन उत्सर्जन होगा, उतना कॉर्बन वैज्ञानिक तरीकों से कम किया जायेगा। इस तरह वायुमंडल में कॉर्बन की मात्र बढ़ेगी नहीं। सोलर एनर्जी इसके लिए रामबाण साबित हो रही है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सोलर क्रांति का सपना अब आकार ले चुका है। बीते साल सितम्बर माह तक देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थापित क्षमता 90.7 गीगावाट तक पहुंच गयी। भारत के लिए यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस देश में ऊर्जा संकट गंभीर चुनौती रही हो, वहां ऊर्जा सरप्लस की स्थिति बनना, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सौर ऊर्जा में ऊंची छलांग लगाते हुए हरित ऊर्जा के संकल्प को साधना उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किये हैं। भारी निवेश आकर्षित किये, सोलर पैनल के उत्पादन को पीएलआई स्कीम में लाया गया और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के जरिए सौर ऊर्जा को जनक्रांति बनाने की पहल की गयी। इसी का परिणाम है देश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

सोलर क्षेत्र में यही प्रगति भविष्य में जारी रही तो 2032 तक 366 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य सरकार प्राप्त कर लेगी। वैसे किसी भी क्षेत्र में तेज प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल, प्रशिक्षित श्रम और वित्तीय संसाधन के साथ ही सरकारी नीतियों की अहम भूमिका होती है। 1991 में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात हुआ, उद्योग फ्रेंडली नीति बनी और औद्योगिक क्रांति का दौर आया। इसके पीछे भी सरकार की नीति ही थी। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में बीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी है। इससे उम्मीद भी बंधी है कि भारत 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस मुकाम तक पहुंचने में पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है।

इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी। विशेष तौर पर यह योजना 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले घरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के निम्न और निम्न-मध्य वर्ग के लोगों को लक्षित किया गया है। इस योजना में 2 किलोवॉट के संयंत्र पर 60 प्रतिशत, जबकि 2 से 3 किलोवॉट की अतिरिक्त प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत सीएफए उपलब्ध कराई जाएगी। अभी के मूल्य के अनुसार 1 किलोवॉट के सिस्टम पर 30,000 रुपये, 2 पर 60,000 रुपये और 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सिस्टम्स के लिए 78,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। सोलर सिस्टम लगवाने के इच्छुक लोग नेशनल पोर्टल पर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसी पोर्टल पर वेंडर का चयन भी किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने के लिए सिस्टम के आकार, लाभ की गणना, वेंडर की रेटिंग आदि से संबंधित सूचना नेशनल पोर्टल पर ही मुहैया करवाई जाएगी, ताकि व्यक्ति को निर्णय लेने में आसानी होगी। उपभोक्ता 3 किलोवाट के आवासीय आरसीएस सिस्टम के लिए 7 प्रतिशत की दर से कर्ज भी ले सकेंगे। इस नेशनल पोर्टल से 20 बैंक व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान जुड़े हुए हैं। ये बैंक और संस्थान उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए ऋण मुहैया करा रहे हैं।

**वीओएल.**

## आप की बात

### सरकारी एजेंसियों की कार्यप्रणाली

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों की कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**विनोद कुमार प्रजापति, लखनऊ.**

### गरीबों का इलाज

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पतालों में भी जाते।

**आनन्द कुमार त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## दक्षिण अफ्रीका के लोग राम मंदिर में करेंगे सुंदरकांड का पाठ

**सोहावल-अयोध्या।** सनातन धर्म और हिंदुत्व को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण अफ्रीका के लोगों का एक जत्था अप्रैल में अयोध्या आएगा। भारतीय मूल के निवासी अफ्रीका में रहकर सनातन धर्म को मजबूती प्रदान कर रहे 40 लोगों का यह जत्था 27 मार्च को लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरकर नैनीताल, नीम सारण आदि कई धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर 7 अप्रैल को अयोध्या में प्रवेश करेगा। अयोध्या की सीमा लोहिया पुल बरई कला के पास शिव मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रमों को पूरा कर स्थानीय सनातन प्रेमियों के साथ राम मंदिर पहुंचेगा जहां राम चरित मानस के सुंदर कांड का पाठ और भंडारे का आयोजन जत्थे की ओर से किया जाएगा। जिसमें अयोध्या के साधु संत बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम की पूर्णता के लिए जत्थे के संयोजकों में शामिल जिले में पहुंचे अंकित मिश्रा ने बताया कि ह्यूमन सर्विस ट्रस्ट नामक संस्था से जुड़े दक्षिण अफ्रीका के लोगो के इस कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म और हिंदुत्व को बढ़ावा देना है। राम मंदिर और भगवान राम के आदर्शों को विश्व स्तर पर स्थापित करना भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य है।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब





**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रामनगरी शिवभक्ति में सराबोर नजर आई। शहर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की कामना की। इसके अलावा क्षीरेश्वर नाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है मंदिर परिसरों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भव्य शिव बारात निकाली गयी जिसमें आकर्षक झांकियां और डमरू-नगाड़ों की गूंज से माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण हो गया। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की आराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के अवसर पर अयोध्या की छटा ऐसी दिखाई दी मानो काशी नगरी का स्वरूप यहां साकार हो उठा हो। जिस प्रकार वाराणसी में महाशिवरात्रि पर अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है, ठीक वैसा ही आलोकित और श्रद्धामय वातावरण अयोध्या में भी देखने को मिला। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मनगरी अयोध्या में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं के सुगमतापूर्वक एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन को सुनिश्चित करने के लिए पूरे नगर क्षेत्र को पाँच जोन और 12 सेक्टर में विभाजित किया गया था। घाट जोन के साथ-साथ प्रमुख शिवालयों पर भी पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया रहा।

### धूमधाम से निकली भगवान शिव की बारात

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज कस्बे सहित ग्रामीण इलाको में महाशिवरात्रि का पर्व सकुशल संपन्न हो गया। इस दौरान हिंक्षाराम भारती मंदिर, महादेवाघाट, सीताराम घाट, व सत्संगघाट स्थित शिवालय सहित अन्य शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक तथा पूजनअर्चन के लिए सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालु मनोवांछित फल की कामना लिए शिवलिंग पर भांग, धतूरा, दूध सहित अन्य पूजन सामान श्रद्धा से अर्पित करते रहे। देर शाम निस्वार्थ सेवा संस्थान के प्रबंधक हनुमान सोनी व अध्यक्ष हेमंत गुप्ता की अगुवाई में रामबली स्कूल से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात को एसओ शारदेन्दु दुबे ने शिव पार्वती की आरती उतार कर रवाना किया। बारात मेनरोड, कटरा, भीटी चैराहा, सरस्वतीनगर, तेलियागढ चैराहा होते हुए रामगंज रेलवे क्रॉसिंग समीप शिव मंदिर के पास जाकर समाप्त हुई। तदुपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिव बारात में भूत, प्रेत, पिशाच आदि आगे आगे चल रहे थे। इस दौरान मनोज जायसवाल, अरविंद सिंह, दिनेश जायसवाल, राजेश सोनी, सभासद प्रतिनिधि करुणाकर वर्मा, कस्बा प्रभारी आशुतोष गुप्ता, एसआई सुरेंद्र यादव, सिपाही अनुराग, महेंद्र सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।

### बोल बम से गूंजा इलाका

**बहराइच।** महाशिवरात्री के पावन पर्व पर आज जिले के नगर समेत ग्रामीण इलाकों में स्थित शिव मंदिरों व शिवालय में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग महादेव पूजा अर्चना के लिए लंबी कतारों में लग उनका जलाभिषेक करने के लिए पहुंच रहे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की तरफ से भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। भगवान शिव के महापर्व शिवरात्रि पर आज नगर के प्रमुख प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर में लोग सुबह से ही देवाधिदेव महादेव के दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना कर रहें हैं। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति की ओर से महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग अलग बैरिकेटिंग की गई है। जिससे गुजर कर लोग टुकड़ों के बाबा सिद्धनाथ के गर्भ गृह में प्रवेश कर जलाभिषेक कर रहे हैं। भक्तों के मंदिर में प्रवेश व निकासी के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है।

## 15 किसान रक्तदान कर बने महादानी



**बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वाधान मे जिला अस्पताल के ब्लड़ बैक मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर मे कुल 20 किसानो ने पंजीकरण करया। जांचोपरात 15 किसानो प्रमोद कुमार, श्रवण कुमार, प्रदीप कुमार, वीरेन्द्र कुमार, जफीर, तनवीर, सौरभ, यासमीन, आकाश द्विवेदी, राम लखन, सोनू गौतम, शिवचन्द, नौमिलाल, हरिश्चन्द्र, कमलेश आदि ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर उत्तम सिंह, अनिल वर्मा, गिरीश वर्मा, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू, ओम प्रकाश वर्मा, रामानंद वर्मा, शिव नरायन सिंह, राजेश वर्मा, विशेष कुमार, इस्माइल, राज कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## शिक्षिका की पिटाई से छात्र घायल



**टिकैतनगर, बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टांडा मजरे इटहुआ मे शिक्षिका द्वारा कक्षा 4 के छात्र की पिटाई करने के मामले को लेकर परिजनो से शिकायत दर्ज कराई। छात्र की मां श्यामा पत्नी प्रदीप ने बताया कि शिक्षिका ने उनके बेटे को डस्टर से बुरी तरह पीटा। जिससे उसके हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी कई बार उनके बच्चे को पीटा गया है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस ने छात्र का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप सिद्ध होने पर शिक्षिका के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एएनएम व आशा बहुओं के साथ अभद्रता का मामला सी एचसी अधीक्षक हटाए गए, कमेटी की गठित



**बहराइच।** जिले के मिहिपुरवा ब्लॉक में तैनात ए एन एम व आशा बहुओं ने सी एच सी अधीक्षक पर उनके साथ अभद्रता करने व अवैध धन उगाही का आरोप लगाते हुए शनिवार देर रात जिला मुख्यालय पहुंच प्रदर्शन किया था। सूचना पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व तहसीलदार ने मौके पर पहुंच उनकी समस्याओं को सुन उचित कार्यवाही की बात कही थी। जिसके बाद रविवार को अधीक्षक को हटा कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। मोतीपुर सी एच सी अधीक्षक थानेदार पर आशा बहुओं व ए एन एम ने उनके साथ अक्सर अभद्रता करने करने के साथ प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शनिवार की देर रात जिला मुख्यालय पहुंच धरना स्थल पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीदार को सौंपा था। जिसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को पूरे मामले से अवगत कराया। जिसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक थानेदार को हटाते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पूरे मामले की जांच के लिए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, जिला कार्यकम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन सात दिनों में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

# 5 अंतर्जनपदीय चोर दबोचे



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज एंव स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने 5 अन्तर्जनपदीय चोरों को भारी मात्रा में एल्युमीनियम व तांबे के विद्युत तार, कार, पिकअप, बाइक, नगद, उपकरण बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम ने थाना सफदरगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व 136 विद्युत अधिनियम से सम्बधित 5 अभियुक्त इरफान अली उर्फ मुजफ्फर पुत्र सरवर अली निवासी ग्राम अफजलपुर पट्टी थाना शहजादनगर, रामपुर, वसीम पुत्र शफीक निवासी ग्राम रूड़की थाना बहेड़ी, बरेली, परवेज पुत्र नवी अहमद निवासी ग्राम गुलरिहा थाना बहेड़ी, बरेली, आरिफ पुत्र महमदू निवासी ग्राम महतोष थाना खजुरिया, रामपुर, आसिफ पुत्र शाबिर निवासी मोहल्ला नौगवा थाना सुनगढ़ी, पीलीभीत को रसौली अण्डर पास से 16 बण्डल एल्युमीनियम का विद्युत तार लगभग 5 कुन्तल, 4 बण्डल तांबे का विद्युत तार लगभग 1.09 कुन्तल, 9 बण्डल केबिल छिलका लगभग 3.17 कुन्तल, 4 बोरी तांबे का तार छिलका लगभग 1.05 कुन्तल, 3 अदद तार कटर, 1 अदद प्लास, 1 अदद छोटी बेल्डिंग मशीन, 1 अदद अर्टिगा कार यूपी 22 बीटी 3748, 1 अदद महेन्द्र पिकप यूपी 22 एटी 7621, 5 अदद मोटरसाइकिल, 20 अदद प्लास्टिक कुर्सी, 3200 रुपये नकद बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि इनका एक संगठित गिरोह है जो बिजली घर से बिजली के तार चोरी करते हैं। जिसका सरगना इरफान अली है। गूगल सर्च के माध्यम से विद्युत पावर हाउस की लोकेशन सर्च कर मोटरसाइकिल से कुर्सी बेचने के बहाने उस स्थान की रेकी कर रात्रि में तार की चोरी करके लखनऊ, स्थित गोदाम पर ले जाकर तार को छील कर उसे पिकप पर लोड करके दिल्ली स्थित कबाड़ मार्केट में स्क्रैप के रूप में बेच देते थे।

- एल्युमीनियम व तांबे के विद्युत तार, कार, पिकअप, बाइक, नगद, उपकरण
- गूगल सर्च से करते थे विद्युत पावर हाउस की लोकेशन सर्च
- कुर्सी बेचने के बहाने रेकी कर रात्रि मे विद्युत पावर हाउस को बनाते थे निशाना

पुलिस टीम अन्य वांछित अभियुक्त नूर हसन, व जावेद, वाहिद निवासीगण अज्ञात, सुनील कुमार निवासी अफजलपुर पट्टी थाना शहजादनगर जनपद रामपुर की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे सफदरगंज थानाध्यक्ष अमर कुमार चैरसिया, व0उ0नि0 यमुना प्रसाद पाण्डेय, स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 अंकित त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी उ0नि0 अजय सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

# फर्जी एसओजी/एसटीएफ बनकर लूट करने वाली गैंग का खुलासा, दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** थाना कैण्ट क्षेत्र में फर्जी एसओजी/एसटीएफ बनकर यात्रियों व व्यापारियों का अपहरण कर लूट करने वाली अन्तरजनपदीय गैंग का खुलासा हुआ है। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई नकदी, जेवरात, घटना में प्रयुक्त कार तथा अवैध असलहा बरामद किया है। 27 जनवरी 2026 को एक व्यक्ति ने थाना कैण्ट में तहरीर देकर बताया था कि चार पहिया वाहन सवार कुछ अज्ञात लोगों ने असलहा दिखाकर उसके गले की सोने की चेन, हाथ का चांदी का कड़ा, मोबाइल फोन और घड़ी लूट ली। मामले में धारा 310(2), 311, 317(3), 351(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कैंट थानें में केस दर्ज किया गया था। 15 फरवरी 2026 को गोरखपुर-लखनऊ हाईवे के किनारे अब्बूसराय गांव के पास से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सौरभ पाण्डेय निवासी भर्ती का पुरवा रामगढ़, छावनी, बस्ती तथा महेश सिंह निवासी पिण्डारा, मुसाफिरखाना, अमेठी के रूप में हुई है।

- गैंग के सात सदस्यों में चार पुलिस की पकड से दूर, एक पूर्व में जेल में निरुद्ध

आरोपितों के कब्जे से 50 हजार रुपये नकद, एक सोने की चेन, एक चांदी का कड़ा, वादी का पर्स व आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त मारुति सुजुकी वैगनआर कार तथा दो देशी तमंचा (315 बोर) व चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे 5-6 लोगों के समूह में हाईवे पर अकेले यात्रा कर रहे व्यापारियों या वाहन चालकों को निशाना बनाते थे।

स्वयं को पुलिस अधिकारी, एसओजी या एसटीएफ बताकर वाहन में बैठाते, मारपीट कर जेवर व नगदी लूट लेते थे। पीड़ित के मोबाइल से परिजनों को फोन कर खाते में रुपये मंगवाने के बाद उन्हें सुनसान स्थान पर छोड़ दिया जाता था। गैंग के चार अन्य सदस्य फरार बताए गए हैं, जबकि एक आरोपी पूर्व से जेल में निरुद्ध है। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी डा गौरव ग्रोवर ने बताया कि फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपितों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।

## महाशिवरात्रि पर प्रशासन नानपारा रहा सतर्क



**नानपारा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तहसील नानपारा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तहसील प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं विभिन्न शिव मंदिरों एवं संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम श्रीमती जौहरी ने प्रातः काल से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों, जलाभिषेक स्थलों एवं मेले क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

- एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्वयं संभाली कमान

उन्होंने पुलिस व राजस्व टीमों को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने पूरे दिन सक्रिय रहकर पर्व को सकुशल संपन्न कराया। प्रशासन की सतर्कता एवं समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 100 लोगों का हुआ आधार संशोधन

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील के अरथर गांव मे आधार संशोधन एवं नए कार्ड को लेकर ग्रामीणों की मांग पर सोहावल डाकघर के सहयोग से शनिवार को समाप्त हुए तीन दिवसीय एक कैंप आयोजित किया गया। प्रधान डाकघर के निर्देश पर लगाए गए इस कैंप में 100 से ज्यादा लोगों का आधार कार्ड बनाया गया। जिस काम के लिए लोगों को आसपास के बैंकों और डाकघर में सुबह (भोर) से ही लाइन लगानी पड़ती थी। उससे लोगों को राहत मिली। प्रधान डाकघर अधीक्षक हरे कृष्ण यादव से इस अवसर पर दर्जन भर से अधिक सुकन्या समृद्धि योजना का खाता भी खोला गया। मौजूद अन्य लोगों में राम सुरेश सिंह बाबा कार्यालय अधिकारी अमित कुमार पोस्ट मास्टर किशन सिंह के साथ स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बहराइच।** जुआरी फार्महब, जो अडवेंट्ज ग्रुप का एक अभिन्न हिस्सा है, पिछले 7-8 वर्षों से अपने जय किसान जंक्शन नेटवर्क के माध्यम से किसानों को एक ही छत के नीचे गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, सूक्ष्म तत्त्व, अन्य कृषि आदान तथा तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहा है। इसी क्रम में, अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) पहल के अंतर्गत, जुआरी फार्महब ने जय किसान जंक्शन, रमिया बेहड, लखीमपुर में किसानों एवं उनके परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण करना था। शिविर के दौरान 190 से अधिक किसानों और उनके परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर में विल्स हॉस्पिटल, कैसरगंज, उत्तर प्रदेश से आए दो विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें एक जनरल फिजिशियन तथा दूसरे नेत्र रोग विशेषज्ञ (ऑफ्थैल्मोलॉजिस्ट) शामिल थे। चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, शुगर एवं बीपी जांच के साथ-साथ नेत्र परीक्षण भी किया गया तथा वृद्ध किसानों के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस पहल को स्थानीय किसानों एवं उनके परिवारों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## ढोल-नगाड़ों और भजनों की धुन पर निकाली गई शिव बारात



**बंकी, बाराबंकी।** महाशिवरात्रि पर्व पर नगर पंचायत बंकी में दक्षिण टोला बंकी स्थित पंचवटी बाग मंदिर से पूर्व चेयरमैन की पुत्रवधू रिंकी सिंह के नेतृत्व में शिव बारात ढोल-नगाड़ों और भजनों की धुन पर निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु बम बम के जयकारे लगाकर भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आये। तो वही जगह-जगह भक्तो द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। शिव बारात पंचवटी बाग मंदिर, बंकी कस्बा, छोटी लाइन बाड़ा होते हुए मंझपुरवा स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर में समाप्त हुई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये। आपको बताते चले कि नगर पंचायत बंकी में शिव बारात की शुरूआत साल 2012 में नगर पंचायत के तत्कालीन अध्यक्ष अंशु सिंह ने की थी।

यह परम्परा धीरे-धीरे धार्मिक उत्साह और पारंपरिक आस्था के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बन गई। साल 2017 में पुनः चेयरमैन निर्वाचित होने के बाद उन्होंने इस शिव बारात और शोभायात्रा को भव्य रूप दे दिया। साल 2019 में उनके असमसयिक निधन के बाद अब उनकी पुत्रवधू और राजनीतिक उत्तराधिकारी रिंकी सिंह ने उनके दायित्व को पूरी जिम्मेदारी से संभाला। जिसका वह हर वर्ष निर्वहन करती है। इस अवसर पर धर्मा वाजपेयी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि श्याम सिंह, एडवोकेट रोहित सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा, अर्चना वाजपेयी, लवकुश राजपूत, धर्मराज सिंह, रतन कश्यप, शुभांकर सिंह, रोहन सिंह, संजय श्रीवास्तव, विवेक जायवाल मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी



**बहराइच।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहका व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

- पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर में विधि-विधान के साथ किया जलाभिषेक

# ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के जिला स्तरीय सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

**बाराबंकी।** मीडिया से जुड़े अधिकांश प्रतिनिधि, चिंतक, विचारक तथा लेखक पत्रकार इस तथ्य से भली भांति परिचित हैं कि मुस्लिम पसमांदा समाज को भारत की लगभग सभी राजनीतिक पार्टियां उनकी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं देती हैं। इसी कारण पसमांदा मुस्लिम समाज किसी भी सरकार में मुनासिब नुमाइंदगी से महरूम रह जाता है। उक्त विचार ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के तत्वाधान मे गांधी भवन में जिलाध्यक्ष हाजी नूरुल हसन की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही। उन्होने आगे कहा कि मुस्लिम पसमांदा समाज के बीच उन जातीयों को जोड़ कर बना एक संगठन है जिनको उनकी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिला। अन्सारी, राईन, मंसूरी और सलमानी, धोबी, फकीर, मनिहार, हलवाई, नट, बंजारा आदि है। सभी बिरादरी को कोई पार्टी समुचित स्थान देने को तैयार नही हैं पार्टियों का कहना है कि उन्हें मुस्लिम वोट मिलता है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज सभी सियासी दलों के आलाकमान से मांग करता है कि पसमांदा मुस्लिम बिरादरियों के नेताओं को उनकी आबादी के अनुपात में समुचित नुमाइंदगी देना सुनिश्चित करे ताकि पूरे मुस्लिम समाज को सामाजिक न्याय के अंतर्गत भागीदारी मिल सके।

- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पसमांदा समाज ने 21 किलो की माला पहनाकर किया स्वागत
- मुस्लिम पसमांदा समाज को उनकी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिला: वसीम राईन

इसके अलावा निम्न बिंदुओं के अनुसार पसमांदा महाज 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार कर चुका है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दबे शोषित वंचित पिछड़े की शुद्ध ली और गरीब कमजोर पसमांदा मुसलमानों को भी मुख्यधारा में लाने का उनका काम और प्रयास में पसमांदा समाज की तरफ से उनका शुक्रिया अदा करता हूँ जिस तबके की किसी सरकार ने नहीं सुनी उन कमजोरों के मसीहा आप बने आने जो भी चुनाव होने देश का राष्टवादी पसमांदा मुसलमान मोदी और योगी के साथ कंधा मिला कर चलेगा। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव वकार हवारी ने कहा हाथ से सिंचाई शुरू करके बिजली से सिंचाई करने वाले किसानों का बिजली बिल उ0प्र0 सरकार ने माफ कर दिया है जो कि एक सराहनीय काम है। योजनाओ का फायदा सरकार पहुँचाये तभी सारे पसमाँदा समाज के लोग का विकास होगा और मुख्यधारा से जुड़कर देश के लिए काम करेंगा। इस अवसर पर समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, नूर मोहम्मद राईन, इकराम राईन, मालिक समाज फाउडेशन अध्यक्ष इरशाद मलिक, सादाब कुरैशी, गयादीन लोधी, निसार राईन, गुफरान राईन, इसराईल अंसारी आदि मौजूद रहे।






# भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत

## टी-20 वर्ल्डकप : भारत ने सुपर-8 के लिए किया क्वालीफाई, ईशान ने खेली तूफानी पारी



एजेंसी

कोलंबो । भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई।

उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 32 रन बनाए। सईम अयूब ने 3 विकेट।

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के 176 रन के टारगेट का पीछा कर रही पाकिस्तान टीम के टॉप-4 बैटर्स पवेलियन लौट गए हैं। 5 ओवर में पाकिस्तान टीम का स्कोर 34/4 है। उस्मान खान और शादाब खान क्रीज पर हैं। 5वें ओवर की 5वीं बॉल पर अक्षर पटेल ने बाबर आजम को बोल्ड कर दिया। बाबर 5 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सलमान अली आगा (6 रन) और सईम अयूब (6 रन) को पवेलियन भेजा। हार्दिक पंड्या ने साहिबजादा फरहान (जीरो) को आउट किया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 31 रन बनाए। सईम अयूब ने 3 विकेट। सलामी बल्लेबाज इशान किशन के अर्धशतक से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में दो विकेट पर 92 रन बनाए। इशान ने 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 77 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (नाबाद 12) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी भी की। इस साझेदारी में तिलक का योगदान सिर्फ 11 रन का रहा।

इशान को सईम अयूब ने बोल्ड किया। कप्तान सूर्यकुमार यादव तीन रन बनाकर तिलक का साथ निभा रहे हैं। इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अभिषेक शर्मा को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद स्पिनरों को तरजीह दी और शुरुआती 10 ओवर में से नौ ओवर स्पिनरों से कराए। भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि फिरकी गेंदबाजी के सामने अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा और इशान ने आउट होने से पहले कई बड़े शॉट खेले। वहीं दूसरी ओर प्रेमदासा स्टेडियम तक 20 मिनट की ड्राइव के दौरान रेहान फर्नांडो उत्साहित हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच को लेकर नहीं जिसने लाखों प्रशंसकों को स्टेडियम, अपने घर, पब और सोशल मीडिया पर व्यस्त रखा है। फर्नांडो ने कहा, रविवार को मुझे स्टेडियम छोड़ने और लेने के लिए उबर के बहुत सारे अनुरोध मिलने वाले हैं। सुजुकी एवरी को ईंधन से भरा रखना होगा और भीड़भाड़ वाले समय के लिए तैयार रहना होगा।

दो बच्चों के पिता 41 वर्षीय फर्नांडो को पता है कि अकेले रविवार का दिन ही उनकी जेब काफी भर सकता है। उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि सारे टिकट बिक चुके हैं। कौन जाने। शायद मुझे कुछ अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसे मिल जाएं।



# नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर आठ में पहुंचा वेस्टइंडीज



मुंबई। अनुभवी ऑलराउंडर जैसन होल्डर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उत्कृष्ट खेल के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में नेपाल को 28 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन की शानदार पारी खेली जिससे उनकी टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 133 रन बनाने में सफल रही। ऐरी ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। उनके अलावा सोमपाल कामी ने 15 गेंद पर चार चौकों की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में 15.2 ओवर में एक विकेट पर 134 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 44 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर ने चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की अटूट साझेदारी की। वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने छह अंक के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वह सुपर आठ में पहुंचने वाली पहली टीम है। इंग्लैंड चार अंक के साथ इस ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। नेपाल की यह लगातार तीसरी हार है और वह सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो गया है। वेस्टइंडीज की जीत की नींव उसके गेंदबाजों ने रखी।

उसकी तरफ से होल्डर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिए। मैथ्यू फोर्ड ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 10 रन देकर एक विकेट लिया। होल्डर को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बल्लेबाजी में वेस्टइंडीज ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। ब्रैंडन किंग (17 गेंद पर 22) ने केसी करन की पारी की पहली गेंद पर ही चौका लगाया। उन्होंने सोमपाल के पारी के पांचवे ओवर में तीन चौके जड़े लेकिन नंदन यादव के अगले ओवर में मिड ऑन पर कैच दे बैठे। वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में एक विकेट पर 44 रन बनाए। हेटमायर ने संदीप लामिचाने की गुगली पर पारी का पहला छक्का लगाया। इसके बाद उन्होंने नंदन की गेंद भी छह रन के लिए भेजी। होप सहजता से रन बटोर रहे थे। उन्होंने कुशाल भुर्तेल की गेंद पर अपना पहला छक्का लगाया। होप ने लामिचाने पर छक्का जड़कर 38 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जो उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10वां पचासा है। उन्होंने इसी गेंदबाज पर फिर से छक्का लगाया और फिर विजयी रन बनाया। नेपाल के सबसे अनुभवी गेंदबाज लामिचाने ने तीन ओवर में 38 रन दिये। इससे पहले अगर ऐरी की जुझारू पारी और कामी का आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन नहीं होता तो नेपाल की टीम अपने विशेषज्ञ बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण काफी कम स्कोर पर ही सिमट जाती। ऐरी ने दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद अपने धैर्य और आक्रामक रवैए का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने हर ढीली गेंद पर जोरदार प्रहार किया जबकि विकेटों के बीच उनकी दौड़ अच्छी थी। नेपाल 11वें ओवर तक केवल 46 रन बनाए थे और इस बीच उसने पांच विकेट गंवा दिए थे। नेपाल के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेलकर अपने विकेट इनाम में दिए। नेपाल के लिए मुश्किलें पहले ही ओवर में शुरू हो गईं जब कुशाल भुर्तेल (01) को अकील हुसैन ने आउट किया।

## संक्षेप

### अमेरिका ने नामीबिया को 31 रन से हराया

चेन्नई। अमेरिका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां नामीबिया को 31 रन से हराया। अमेरिका ने चार विकेट पर 199 रन बनाने के बाद नामीबिया की पारी को छह विकेट पर 168 रन पर रोक दिया। नामीबिया के लिए सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाये। अमेरिका के लिए शैडली वैन शाल्कविक ने दो विकेट चटकाये।

### भारत ए ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया

बैंकॉक। कप्तान राधा यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी के बाद दिनेश वृंदा के तूफानी नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत ए ने रविवार को महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स में पाकिस्तान ए को 59 गेंद शेष रहते आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत ए महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। टीम को शुक्रवार को पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) महिला टीम से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान ए पर जीत के साथ भारत ए महिला टीम ग्रुप ए में यूएई के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत ए के स्पिनरों ने अपनी सटीक गेंदबाजी से आपस में पांच विकेट साझा कर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया। पाकिस्तान की टीम 18.5 ओवर में महज 93 रन पर आउट हो गयी। राधा (तीन ओवर में 11 रन पर दो विकेट) ने दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की, वहीं प्रेमा रावत (तीन ओवर में 16 रन पर दो विकेट) और मिन्नू मणि (2.5 ओवर में 10 रन पर एक विकेट) ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के बल्लेबाज कोई साझेदारी नहीं बना सकें।

### सुपर आठ में जगह पक्की करने उतरेगा इंग्लैंड

कोलकाता। दो बार का चैंपियन इंग्लैंड सोमवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप सी मैच में टी20 विश्व कप में पहली बार खेल रहे फुटबॉल के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इटली को हराकर सुपर आठ में जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगा। इंग्लैंड और इटली के बीच फुटबॉल पिच पर जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता है और दोनों टीमों के बीच कई यादगार मुकाबले खेले गए हैं। इसमें वेम्बले में यूरो 2020 फाइनल में इटली की पेनल्टी शूटआउट में जीत भी शामिल है। हालांकि सोमवार को यह प्रतिद्वंद्विता पहली बार फुटबॉल की जगह क्रिकेट में नजर आएगी और ईडन गार्डन्स इसका गवाह बनेगा।

# फ्रेडरिको फेरेरा ने जीता एटीपी चैलेंजर एकल खिताब

एजेंसी

चेन्नई। पुर्तगाल के छठी वरीयता प्राप्त फ्रेडेरिको फरेरा सिल्वा ने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर पुरुष अंतरराष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में रविवार को यहां अर्जेंटीना के दूसरी वरीयता प्राप्त फेडेरिको अगस्टिन गोमेज को कड़े मुकाबले में पराजित कर इस स्तर का अपना पहला खिताब जीता।

विश्व रैंकिंग में 255वें स्थान पर काबिज सिल्वा ने दो घंटे 58 मिनट तक चले मुकाबले में रैंकिंग में 196वें स्थान के खिलाड़ी पर 6-4, 6-7, 6-4 से जीत दर्ज की। पहले सेट की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की सर्विस तोड़ी। बाएं हाथ के सिल्वा ने हालांकि नौवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल किया और अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए 6-4 से सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट भी लगभग इसी अंदाज में आगे बढ़ा, जहां शुरुआती चरण में दोनों ने सर्विस ब्रेक किए। 2-2 के स्कोर के बाद किसी को ब्रेक नहीं मिला और सेट टाई-ब्रेक में पहुंच गया। चार बार एटीपी चैलेंजर खिताब जीत चुके गोमेज ने टाई-ब्रेक में चार मैच प्वाइंट बचाए और 12-10 से जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। सिल्वा ने निर्णायक सेट में दमदार वापसी की और 5-2 की बढ़त बना ली। गोमेज ने



एक बार फिर संघर्ष करते हुए पांचवां मैच प्वाइंट बचाया और स्कोर 5-4 तक ले आए। फाइनल में 13 ऐस लगाने वाले अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने भरपूर कोशिश की लेकिन सिल्वा ने सातवें मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज कर ली। यह सिल्वा के करियर का पहला एटीपी चैलेंजर एकल खिताब है।

उन्हें 50 एटीपी रैंकिंग अंक और 9,500 डॉलर (लगभग 8,60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि मिली। उपविजेता गोमेज़ को 25 रैंकिंग अंक और 5,500 डॉलर (लगभग पांच लाख रुपये) की राशि प्रदान की गई। युगल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के निकी कालियंदा पूनाचा और थाईलैंड के पुच्या इसारो ने शनिवार को खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में ब्रिटेन के जे क्लार्क और भारत के मुकुंद ससिकुमार को 6-4, 6-4 से हराया।

### डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई: हरमीत और यशस्विनी मिश्रित युगल में उप विजेता रहे

चेन्नई। भारत के हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को रविवार को यहां डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई टेबल टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट जोक्स की रोमानिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। हरमीत और यशस्विनी की जोड़ी को 0-3 (9-11, 2-11, 8-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह इस डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता के चार सत्र में किसी भारतीय जोड़ी का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इस बीच चेक गणराज्य के लुबोमिर यानकारिक ने प्रतियोगिता में अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया के पार्क गंगहियोन को 3-2 (13-15, 11-7, 5-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत फ्रांस के पांचवें वरीय थिबॉल्ट पोरेट से होगी।

### हरमीत व यशस्विनी मिश्रित युगल में उप विजेता रहे

चेन्नइ। भारत के हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को रविवार को यहां डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई टेबल टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट जोक्स की रोमानिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। हरमीत और यशस्विनी की जोड़ी को 0-3 (9-11, 2-11, 8-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह इस डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता के चार सत्र में किसी भारतीय जोड़ी का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

इस बीच चेक गणराज्य के लुबोमिर यानकारिक ने प्रतियोगिता में अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया के पार्क गंगहियोन को 3-2 (13-15, 11-7, 5-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत फ्रांस के पांचवें वरीय थिबॉल्ट पोरेट से होगी। फ्लेवियन कॉटन के साथ पुरुष युगल खिताब जीतने के बाद थिबॉल्ट की नजरें दोहरे खिताब पर टिकी हैं। महिलाओं का एकल फाइनल जापान की खिलाड़ियों शीर्ष वरीय सात्सुकी ओडो और 15वीं वरीय मिउ हिरानो के बीच होगा।

### यूएई पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा अफगानिस्तान

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में सुपर ओवर की हार से आहत अफगानिस्तान सोमवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेगा। दोनों टीम अपने पिछले मुकाबलों में विपरीत परिणामों के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं। यूएई ने कनाडा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि अफगानिस्तान को अपने पिछले मैच में दो सुपर ओवर तक खींचे जाने के बावजूद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। इसे टी20 के सबसे शानदार मैचों में से एक बताया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड क्रमशः छह और चार अंकों के साथ ग्रुप डी में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज हैं, ऐसे में यूएई की क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीत और अन्य मैचों में अनुकूल परिणामों के अनुकूल रहने पर टिकी हैं। दूसरी ओर अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद करीबी हार के बाद अपना खाता खोलने के लिए बेताब होगा। उसे न केवल अपने बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया



एजेंसी

सिडनी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया। अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई। भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद में नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था। भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2.2 ओवर में 22 रन बनाकर तेज शुरुआती की लेकिन बेथ मूनी (05) ने रेणुका की गेंद को हवा में लहराकर कवर्स में स्मृति मंधाना को कैच थमा दिया। दूसरी सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (10 गेंद में 18 रन) भी इसके बाद क्रांति गौड़ (39 रन पर एक विकेट) की बाहर की ओर जाती गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर ज चा घोष को कैच दे बैठीं। एलिस पैरी (11 गेंद में 20 रन) और फोएबे लिचफील्ड (19 गेंद में 26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन की तेज साझेदारी करके पारी को संभाला। हालांकि जब यह जोड़ी भारत के लिए खतरा बनने लगी तब कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अरुंधति की गेंद पर पीछे दौड़कर गोता लगाते हुए पैरी का शानदार कैच पकड़ा।

दीप्ति शर्मा (19 रन पर एक विकेट) ने एशले गार्डनर (04) को पवेलियन भेजा जबकि अरुंधति ने लिचफील्ड को ज चा के हाथों कैच कराके 10वें ओवर की शुरुआत में मेजबान ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 80 रन कर दिया। जॉर्जिया वेयरहैम (19 गेंद पर 30) और निकोला कैरी (12) ने छठे विकेट के लिए 41 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। अरुंधति ने 14वें ओवर में जॉर्जिया को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि श्री चरणी ने अगले ओवर में निकोला की पारी का अंत किया। अरुंधति ने डार्सी ब्राउन (01) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया।

# टी-20 विश्व कप : श्रीलंका व ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने

एजेंसी

पल्लीकल (श्रीलंका)। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मुकाबले में बिना किसी अगर मगर के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीद जीवित रखने के लिए अनुभवी स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल करने पर विचार कर सकती है।

पिछले मैच में जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अब उन्हें सुपर आठ में पहुंचने के लिए ओमान और श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल करनी होगी, ताकि वे अन्य टीमों परिणामों पर निर्भर न रहें। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप तालिका में दो मैचों में दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में खेल रही 2021 की चैंपियन टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ शीर्ष क्रम के नाटकीय पतन के बाद 146 रन पर आउट हो गई थी। कप्तान मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल पाए। स्मिथ को मार्श के कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी को हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।

### कर्नाटक के दो विकेट पर 355 रन

लखनऊ । सीनियर सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (141) और कप्तान देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 148) के बड़े शतक से कर्नाटक ने रविवार को यहां उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन दो विकेट पर 355 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ाए। उत्तराखंड के कप्तान कुणाल चंदेला ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद कर्नाटक के दो अनुभवी बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों को काफी परेशान किया। क्वार्टर फाइनल में मुंबई पर कर्नाटक की जीत में शानदार शतक जड़ने वाले भारत के टेस्ट और एकदिवसीय विशेषज्ञ राहुल ने एक और शानदार पारी खेली। उन्होंने 211 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के की मदद से अपना 25वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा।

# हैरी केन ने अपने करियर का 500वां गोल दागा

एजेंसी

बर्लिन। इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने शनिवार को बायर्न म्यूनिख की तरफ से दो गोल करके अपने देश और विभिन्न क्लबों की तरफ से 500 गोल करने की उपलब्धि हासिल की। केन ने अपने दो गोल में से एक गोल पेनल्टी पर किया। यह पेनल्टी पर किया गया उनका 100वां था। केन के दो गोल की मदद से बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन पर 3-0 से जीत हासिल करके बुंडेसलिगा में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। केन ने मैच के बाद कहा, अच्छा लग रहा है। 500 गोल तक पहुंचना वाकई गर्व की बात है। इसमें बहुत मेहनत और त्याग लगा है, इसलिए यहां तक पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। लेकिन हमेशा की तरह अब अगला मैच ही मायने रखता है।

केन ने अपना पहला गोल जनवरी 2011 में 17 साल की उम्र में इंग्लैंड के तीसरी श्रेणी के क्लब लेटन ओरिएंट की तरफ से खेलते हुए शेफील्ड वेडनेसडे के खिलाफ किया था। केन को 500 गोल तक पहुंचने के लिए 743 मैचों की जरूरत पड़ी। इस 32 वर्षीय इस फॉरवर्ड ने इंग्लैंड के लिए 112 मैचों में 78 गोल किए हैं। वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के मौजूदा सत्र के अपने पहले मैच में रविवार को यहां जेआरडी टाटा खेल परिसर में मोहम्मडन एससी पर कड़े मुकाबले में 1-0 की जीत दर्ज की। घरेलू दर्शकों की जबरदस्त मौजूदगी के बीच मदीह तलाल का पहले हाफ में किया गया गोल निर्णायक साबित हुआ जिससे टीम ने अपने अभियान की शुरुआत तीन अहम अंकों के साथ की। जमशेदपुर ने खेल शुरू होते ही मैच पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया। तलाल मिडफील्ड में बेहद सक्रिय नजर आए। उन्होंने शानदार पासिंग के जरिए खेल को नियंत्रित किया और अपनी रचनात्मकता से विरोधी रक्षा पंक्ति को भेदने की कोशिश करते रहे।

जमशेदपुर को आठवें मिनट में सफलता मिली। मिडफील्ड से गेंद मिलने के बाद तलाल आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े और सटीक फिनिश के साथ गेंद को नेट के कोने में पहुंचा दिया। स्टेडियम में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे और जमशेदपुर ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। टीम ने 32वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर ली थी लेकिन रेफरी ने इसे ऑफसाइड करार देते हुए गोल को रद्द कर दिया। इसके बाद खेल की रफ्तार कुछ धीमी पड़ गई और दोनों टीमें गेंद पर ज्यादा सतर्क नजर आईं। मध्यांतर के बाद जमशेदपुर ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत किया जिससे मोहम्मडन एससी को ज्यादा मौके नहीं मिले।



# बांग्लादेश में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के लिए तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में

एजेंसी



दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के लिए तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पता चला है कि बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ढाका में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भारत सरकार की ओर से तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। रहमान की अगुवाई में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत मिली है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस महत्वपूर्ण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष का शामिल होना भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी मित्रता को दर्शाता है, और हमारे दोनों देशों के जुड़ाव वाले लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारत के दृढ़ संकल्प की पुष्टि करता है।

## बांग्लादेश का नया मंत्रिमंडल 17 फरवरी को लेगा शपथ

ढाका। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित संसद सदस्य मंगलवार सुबह शपथ लेंगे और इसके बाद शाम को मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह होगा। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन सुबह 10 बजे नव निर्वाचित संसद सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं, जबकि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन शाम चार बजे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष तारिक रहमान के नये मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, बीएनपी ने 297 में से 209 सीट जीतीं, जबकि दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी को 68 सीट पर जीत मिलीं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कानून, न्याय एवं संसदीय मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल के हवाले से खबर में कहा गया है, संभवत मौजूदा परिस्थितियों में शपथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) द्वारा दिलाई जाएगी। रहमान की बीएनपी ने बृहस्पतिवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की। बीएनपी नेता अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की जगह प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। नजरुल के हवाले से बीडीन्यूज24 की खबर में कहा गया है कि बीएनपी ने अधिकारियों को सूचित किया है कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद वह अपने संसदीय दल के नेता का चुनाव करेगी। बंगभवन (राष्ट्रपति भवन) के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया, हमें सूचित किया गया है।

# मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर के एक हिस्से में रह रहा साधु चार साल में जगह खाली करे : न्यायालय



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर के एक हिस्से में रह रहे साधु को चार साल के भीतर उस जगह को खाली करने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने इसी के साथ मुंबई उच्च न्यायालय के बेदखली के आदेश को बरकरार रखा है। उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी स्थान या परिसर को खाली करने के लिए इतनी लंबी अवधि देना दुर्लभ है, लेकिन सांसारिक जीवन का त्याग कर धार्मिक और आध्यात्म के रास्ते पर अग्रसर 75 वर्षीय साधु की उम्र को देखते हुए शीर्ष अदालत ने यह निर्णय लिया। यह विवाद मुंबई के गामदेवी में स्थित सदियों पुराने बाबुलनाथ मंदिर की ओर जाने वाली सीढ़ियों के एक चबूतरे पर स्थित एक छोटे से क्षेत्र को लेकर है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ जगन्नाथ गिरि की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसने कहा कि अदालत के समक्ष ऐसा कुछ भी नहीं लाया गया है जो लघु वाद न्यायालय और अपीलीय पीठ द्वारा तथ्यों और कानून के सुविचारित और सर्वसम्मत निष्कर्ष में हस्तक्षेप को उचित ठहराये और न ही संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में। इसने पिछले साल छह नवंबर को उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ गिरि द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने यह आदेश इस तथ्य के बावजूद दिया कि मंदिर के उस हिस्से पर लगभग 1968 से लगातार कब्जा है और किराया भी चुकाया जा रहा है, लेकिन उसने इस बात पर भी गौर किया कि याचिकाकर्ता अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर है और धार्मिक एवं आध्यात्मिक जीवन व्यतीत कर रहा है। पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को मंदिर के उक्त परिसर का कब्जा प्रतिवादीवादी मंदिर ट्रस्ट को सौंपने के लिए चार साल की अवधि देने के इच्छुक हैं, ताकि याचिकाकर्ता वैकल्पिक आवास तलाश सके। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब तक साधु मंदिर परिसर में रहेंगे, वह शांतिपूर्वक रहेंगे और मंदिर परिसर के विकास में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे।

## संक्षेप

### ईरान सरकार के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

म्यूनिख। जर्मनी में वैश्विक नेताओं की एक बैठक के बीच शनिवार को यहां लगभग 2,50,000 लोगों ने ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ, जब निर्वासन में रह रहे ईरान के युवराज रेजा पहलवी ने तेहरान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव का आह्वान किया है। ढोल बजाते और सत्ता परिवर्तन के नारे लगाते हुए म्यूनिख में विशाल रैली पहलवी द्वारा वर्णित ग्लोबल डे ऑफ एक्शन का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ईरानियों का समर्थन करना है। पहलवी ने लॉस एंजिलिस और टोरंटो में भी प्रदर्शनों का आह्वान किया। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यूनिख में प्रदर्शनकारियों की संख्या लगभग 2,50,000 तक पहुंच गई, जो आयोजकों की अपेक्षा से कहीं अधिक थी। विशाल जनसमूह नारे लगा रहा था और शेर एवं सूर्य के प्रतीक चिन्हों वाले हरे, सफेद और लाल रंग के झंडे लहरा रहा था। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले इसी झंडे का इस्तेमाल किया था, जिसने पहलवी राजवंश को उखाड़ फेंका था। रैली में मौजूद कई लोगों ने पहलवी की तस्वीर वाले पोस्टर लहराए, जिनमें से कुछ में उन्हें राजा के तौर पर संबोधित किया गया था।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का आज उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार शाम नयी दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ-साथ 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस एक्सपो को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक प्रदर्शन के राष्ट्रीय मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह एक ऐसा मंच है जहां नीति व्यवहार में बदलती है, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होता है और प्रौद्योगिकी आम लोगों से जुड़ती है। लगभग 70,000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 स्थानों में आयोजित होने वाला यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी फर्मों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, केंद्र एवं राज्य दोनों के सरकारी विभागों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक मंच पर साथ लाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कैसे स्वास्थ्य सेवा एवं कृषि से लेकर जलवायु कार्रवाई एवं सार्वजनिक सेवा वितरण तक के क्षेत्रों को परिवर्तित कर रही है।

## यूक्रेन की सुरक्षा पर सहयोगियों के कई सवाल

एजेंसी



कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि यूक्रेन के लिए भविष्य की सुरक्षा गारंटी को लेकर इन देशों के मन में अब भी कुछ सवाल हैं। जेलेंस्की ने शनिवार को जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूक्रेन की मदद करने के लिए अमेरिकी और यूरोपीय सहयोगियों का आभार जताया। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को हवाई रक्षा प्रणालियां प्रदान की हैं, जो उसके बिजली संयंत्रों सहित अन्य बुनियादी ढांचों और लोगों को रूसी हमलों से बचाने में मदद करती हैं।

युद्ध को समाप्त करने पर आम सहमति बनाने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में प्रयास किए गए हैं, जिनमें हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में हुई वार्ता के दो दौर शामिल हैं। हालांकि, यूक्रेन के दोनबास औद्योगिक क्षेत्र के भविष्य सहित कुछ अन्य मुद्दों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है, जिसके बड़े हिस्से पर रूस का कब्जा है।

जेलेंस्की ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में सवाल किया कि अमेरिका की ओर से प्रस्तावित मुक्त व्यापार क्षेत्र की अवधारणा दोनबास क्षेत्र में कैसे काम करेगी, जिस पर रूस युद्ध समाप्त करने के एवज में अपना नियंत्रण चाहता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी जल्द से जल्द शांति चाहते हैं और वे यूक्रेन से संबंधित सभी समझौतों पर एक साथ हस्ताक्षर के पक्षधर हैं।

## सरकार की नीतियों से हरियाणा के किसानों पर बढ़ा कर्ज का बोझ

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने रविवार को दावा किया कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की अप्रभावी नीतियों के कारण किसान कर्ज में डूब रहे हैं। सैलजा ने कहा खेती लंबे समय से हरियाणा की खुशहाली का आधार रहा है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण राज्य के किसान तेजी से कर्ज के जाल में फंसते जा रहे हैं। सिरसा से कांग्रेस सांसद सैलजा ने कहा कि आधिकारिक आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं कि हरियाणा में हर किसान परिवार पर औसतन कर्ज 1.83 लाख रुपये से अधिक हो गया है। सैलजा ने कहा कि पिछले साल हरियाणा विधानसभा में सरकार द्वारा दिए गए लिखित जवाब के अनुसार 30 सितंबर 2025 तक राज्य के 25,67,467 किसानों पर बकाया कृषि ऋण 60,816 करोड़ रुपये है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूरा फायदा नहीं मिल रहा है।

## लठामार होली पर सात जोन में बंटा मेला परिसर

एजेंसी



मथुरा (उप्र)। उत्तर प्रदेश मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने रविवार को बताया कि मथुरा जिले में विश्व विख्यात लठामार होली के अवसर पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए कस्बे के मेला परिसर को सात जोन व 18 सेक्टरों में बांटा गया है।

मथुरा में होली की इस अनूठी परंपरा को विभिन्न नामों से जाना जाता है। इसे बरसाना में लठामार होली, गोकुल में छड़ीमार होली और बलदेव में हुरंगा के नाम से जाना जाता है, जिसमें महिलाएं खेल-खेल में पुरुषों को लाठियों या छड़ी से पीटती हैं, जो भगवान कृष्ण के बचपन में गोपियों के साथ की गई शरारतों का पुनर्मंचन है। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री चौधरी ने रंगोत्सव-2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद बताया कि 24 फरवरी को बरसाना के लाडिलीजी मंदिर में फाग आमंत्रण एवं लड्डू होली, 25 फरवरी को लठामार होली, 26 फरवरी को नन्दगांव व रावल में लठामार होली, 27 फरवरी को श्रीकृष्णजन्म स्थान मंदिर एवं वृन्दावन के बांकेबिहारी मन्दिर में रंगों की होली तथा द्वारिकाधीश मंदिर में कुंज की होली और एक मार्च को गोकुल में छड़ीमार होली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर मथुरा में चतुर्वेदी समाज का डोला निकलेगा तथा होलिका दहन किया जाएगा और चार मार्च को जनपद भर में धूलेंडी का पर्व मनाया जाएगा।

## अमेरिका व्यापार समझौते पर किसानों से विश्वासघात : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर हमला तेज करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई सवाल किए और किसानों के साथ विश्वासघात होने का आरोप लगाया। राहुल ने सरकार पर इस समझौते के जरियै आत्मसमर्पणै करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह मुद्दा देश के भविष्य से जुड़ा है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या भारत किसी दूसरे देश को अपने कृषि क्षेत्र पर दीर्घकालिक नियंत्रण हासिल करने की अनुमति दे रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा,ै अमेरिका से व्यापार समझौते के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि ड्राइड डिस्टिल्ड ग्रेन (डीडीजी) के आयात का क्या मतलब है? राहुल ने कहा, क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम (अनुवांशिक रूप से परिवर्तित) अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिल्ड ग्रेन खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दुग्ध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे? उन्होंने सवाल किया अगर भारत जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देता है, तो मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा।

नेता प्रतिपक्ष ने पूछा, वे कीमतों में गिरावट का एक और झटका कैसे झेल पाएंगे? राहुल ने कहा,ै जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोले जाने के दबाव का संकेत है? उन्होंने सवाल किया, गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?

## इंटरटेनमेंट...

### 'ओ रोमियो' ने दो दिनों में कमाये 23.51 करोड़




फोटो- सोशल मीडिया

**मुंबई**। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो ने दो दिनों में 23.51 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने 9 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था, जिसके बाद अब फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेबसाइड सैकनिल्क के मुताबिक, 13 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म ओ रोमियो ने 9 करोड़ का

- शनिवार में बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 14.50 करोड़

कलेक्शन किया था, जिसके बाद शनिवार को फिल्म ने 14.50 करोड़ के लगभग कमाई की है। इसी के साथ फिल्म ने कुल 23.51 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। ओपनिंग डे के मुकाबले फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में 45 प्रतिशत का उछाल देखने मिला है। फिल्म देशभर में 4700 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म की ऑक्यूपेंसी लगभग 19.3 प्रतिशत है। अनुमान है कि शनिवार की ही तरह रविवार को भी फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। ओ रोमियो के साथ ही रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मदार्नी 3 भी सिनेमाघरों में है। 30 जनवरी को रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के 16वें दिन यानी तीसरे शनिवार को 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया है।

इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 43.15 करोड़ रुपए हो चुका है। इस फिल्म से पहले 23 जनवरी को सनी देओल की मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज हुई थी। बॉर्डर ने बॉक्स ऑफिस में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रिलीज के 23वें दिन यानी इस शनिवार 1.90 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल इंडियन कलेक्शन 382 करोड़ रुपए हुए है, जबकि वर्ल्डवाइड फिल्म ने 438 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म ओ रोमियो को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है, जिसमें तृप्ति डिमरी, शाहिद कपूर, अविनाश तिवारी और नाना पाटेकर अहम किरदारों में हैं। ये शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की साथ में चौथी फिल्म है, इससे पहले दोनों फिल्म कमीने, रंगून और हैदर में साथ काम कर चुके हैं।

### मुंबई मेट्रो पिलर हादसे पर भड़के सेलेब्स

**मुंबई**। शनिवार के मुंबई के मुलुंड इलाके में निमार्णाधीन मेट्रोल लाइन के पिलर के स्लैब के गिरने से बड़ा हादसा हो गया। स्लैब ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिरा, जिससे एक शख्स की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। हादसे की खबर मिलने के बाद कई सेलेब्स भड़क गए हैं और प्रशासन को इसका जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। आप किस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर का सपोर्ट करते हैं? क्या वह, जो लोगों को मारता है, दम घोंटता है और स्वास्थ्य व जीवन को नष्ट करता है? या वह, जो जीवन की परवाह करता है और उसे महत्व देता है? स्टैंडअप कॉमेडियन और राइटर वरुण ग्रोवर ने भी हादसे की कड़ी निंदा की है। उन्होंने हादसे का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, मुंबई भारत का सबसे भ्रष्ट शहर है, शायद बहुत बड़े अंतर से।

### विजय वर्मा ने दिया नये रिलेशनशिप का हिंट

**मुंबई**। विजय वर्मा कुछ समय पहले तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के चलते सुर्खियों में रहे थे। हाल ही में एक्टर ने वैलेंटाइन्स डे के मौके पर एक मिस्ट्री गर्ल का हाथ थामे हुए एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसके बाद से ही उनके नए रिलेशनशिप की खबरें चर्चा में आ गए। हालांकि बाद में ये एक प्रैंक निकला। विजय वर्मा ने 14 फरवरी को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी पोस्ट की थी। फोटो में एक्टर बिना चेहरा रिवील किए एक लड़की का हाथ थामे दिखे। इसके साथ ही उन्होंने स्टोरी में एक लड़की का नाम मेंशन किया था। इसके कुछ देर बाद ही एक्टर ने एक और स्टोरी पोस्ट की, जिसमें एक मीम था।

### ऐतिहासिक घटना पर आधारित 'जय सोमनाथ' का ऐलान




**मुंबई**। फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली और केतन मेहता, जो भारतीय सिनेमा की दो सबसे बड़ी क्रिएटिव ताकतें हैं, अब एक ऐसी ऐतिहासिक कहानी दिखाने के लिए साथ आए हैं जो भारत और यहां के लोगों के लिए बहुत अहम साबित हो सकती है। संजय लीला भंसाली ने केतन मेहता के साथ मिलकर भारतीय सभ्यता की एक बेहद महत्वपूर्ण

- दो दिग्गज फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली-केतन मेहता आए एक साथ

कहानी 'जय सोमनाथ' का ऐलान किया है। भारतीय सिनेमा की इन दो सबसे बड़ी क्रिएटिव ताकतों का एक साथ आना वाकई एक्साइटिंग है, जो पर्दे पर एक अनोखा और भव्य नजारा पेश करने का वादा करता है। फिल्म ?'जय सोमनाथ' की कहानी हमें 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में ले जाएगी, जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। इस साल इस हमले और मंदिर के विध्वंस को 1000 साल पूरे हो रहे हैं, और यह फिल्म भारत की कभी न टूटने वाली हिम्मत और हमारी सभ्यता के गौरव का प्रतीक बनेगी। हैरानी की बात है कि इतने गहरे इमोशनल और कल्चरल महत्व वाले इस विषय पर आज तक सिनेमा में कभी काम नहीं हुआ। अब पहली बार यह ऐतिहासिक घटना बड़े पर्दे पर जीवंत होने जा रही है। संजय लीला भंसाली देवदास, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत के लिए, जबकि केतन मेहता भवनी भवाई, मिर्च मसाला और सरदार जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। 'जय सोमनाथ' को जो बात सबसे खास बनाती है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com